C O N T E N T S

Sixteenth Series, Vol.XVII, Eighth Session, 2016/1938 (Saka)
No.9, Thursday, May 05, 2016/Vaisakha 15, 1938 (Saka)

S U B J E C T	P A G E S
OBITUARY REFERENCES	9-10
ORAL ANSWERS TO QUESTIONS	
*Starred Question Nos. 161 to 165	11-77
WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS	
Starred Question Nos.166 to 180	78-151
Unstarred Question Nos.1841 to 2070	152-615

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

PAPERS LAID ON THE TABLE 617-624

STANDING COMMITTEE ON AGRICULTURE 625
Statements

STATEMENTS BY MINISTERS

(i) Status of implementation of the recommendations contained in the 9th Report of the Standing Committee on Labour on `Review of Urban Haats', pertaining to the Ministry of Textiles
Shri Santosh Kumar Gangwar 626

(ii) Status of implementation of the recommendations contained in the 49th Report of the Standing Committee on Coal and Steel on 'Coal pricing and issues relating to coal royalty', pertaining to the Ministry of Coal 626
Shri Piyush Goyal

MATTERS UNDER RULE 377 627-646

(i) Need to renovate Pandit Deendayal Upadhyaya Sports Stadium in Unnao parliamentary constituency, Uttar Pradesh
Dr. Swami Sakshiji Maharaj 628

(ii) Need to increase green cover in the country particularly in Kerala
Prof. Richard Hay 629

(iii) Need to make river Aami in Eastern Uttar Pradesh pollution-free
Yogi Adityanath 630

(iv) Regarding updating the National Register of Citizenship in Assam
Shri Ramen Deka 631

(v) Need to provide water to Sone canal in Bihar from Rihand dam as per the norms fixed by Joint Operation Committee set up for the purpose

Shri Sushil Kumar Singh 632

(vi) Need to construct a new bridge on river Parvan in Jhalawar-Baran Parliamentary Constituency of Rajasthan

Shri Dushyant Singh 633

(vii) Need to construct an over bridge or underpass at level crossing no. 298 between Amali and Rawanjna Dungar railway stations in Tonk-Sawai Madhopur parliamentary constituency, Rajasthan

Shri Sukhbir Singh Jaunapuria 634

(viii) Need to relax the population norm fixed under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana for Ladakh region of Jammu & Kashmir

Shri Thupstan Chhewang 635

(ix) Need to ensure payment of arrears of sugarcane to farmers by mills in Baghpat parliamentary constituency, Uttar Pradesh

Dr. Satya Pal Singh 636

(x) Need to set up a Centre for Excellence of Cotton in Gujarat

Dr. Kirit P. Solanki 637

(xi) Need to provide clean drinking water in all the villages in the country

Shri Daddan Mishra 638

(xii) Need to ensure construction of earthquake-resistant building structures in Delhi

Shri Ramesh Bidhuri 639

(xiii) Need to address the problem of acute shortage of drinking water in Bhilwara parliamentary constituency, Rajasthan

Shri Subhash Chandra Baheria 640

(xiv) Need to set up three Kendriya Vidyalas in Santhal Pargana region of Jharkhand

Shri Nishikant Dubey 641

(xv) Need to start work on Belwai Reservoir Project in Sasaram parliamentary constituency, Bihar

Shri Chhedi Paswan 642

(xvi) Need to extend the benefits of Dairy Entrepreneurship Development Scheme (DEDS) to all the farmers of Chamarajnagar district of Karnataka

Shri R. Dhruvanarayana 643

(xvii) Regarding problems faced by students of Kendriya Vidyalaya at Debgarh in Odisha

Shri Nagendra Kumar Pradhan 644

(xviii) Need to take measures for the welfare of pensioners under EPS-95

Shri Dhananjay Mahadik 645-646

FINANCE BILL, 2016 649-699
Shri Arun Jaitley 649-669
Clauses 2 to 238 and 1 671-697
Motion to pass 698-699

RULING BY THE SPEAKER 698

INSOLVENCY AND BANKRUPTCY CODE, 2016 701-788
Motion to Consider 701
Kumari Sushmita Dev 703-710
Shri P.P. Chaudhary 716-724
Prof. Saugata Roy 725-731
Shri Tathagata Satpathy 732-736
Shri Anandrao Adsul 737-740
Shri Jayadev Galla 741-745
Shrimati Kavitha Kalvakuntla 746-750
Shri Md. Badaruddoza Khan 751-752
Shrimati Butta Renuka 753-756
Dr. Udit Raj 757-758
Shri Gaurav Gogoi 759-762
Shri Jai Prakash Narayan Yadav 763-764
Shri Ajay Misra Teni 765-767
Shri Rajesh Ranjan 768-771
Shri Ram Prasad Sarmah 772-773
Shri Jayant Sinha 774-788
Clauses 2 to 225 and 1 788
Motion to Pass 788

DISCUSSION UNDER RULE 193 789-815
Situation arising out of drought and drinking water crisis in many states

Shri Jagdambika Pal 789-802

Shri Ashok Shankarrao Chavan 803-815

ANNEXURE – I

Member-wise Index to Starred Questions 876

Member-wise Index to Unstarred Questions 877-882

ANNEXURE – II

Ministry-wise Index to Starred Questions 883

Ministry-wise Index to Unstarred Questions 884-885

OFFICERS OF LOK SABHA

THE SPEAKER

Shrimati Sumitra Mahajan

THE DEPUTY SPEAKER

Dr. M. Thambidurai

PANEL OF CHAIRPERSONS

Shri Arjun Charan Sethi

Shri Hukmdeo Narayan Yadav

Shri Anandrao Adsul

Shri Pralhad Joshi

Dr. Ratna De (Nag)

Shri Ramen Deka

Shri Konakalla Narayana Rao

Shri Hukum Singh

Shri K.H. Muniyappa

Dr. P. Venugopal

SECRETARY GENERAL

Shri Anoop Mishra

LOK SABHA DEBATES

LOK SABHA

Thursday, May 05, 2016/Vaisakha 15, 1938 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[HON. SPEAKER *in the Chair*]

OBITUARY REFERENCES

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को तीन पूर्व सदस्यों श्री राणा बहादुर सिंह, डॉ. अमृतलाल भारती और श्रीमती चन्द्रप्रभा उर्स के दुःखद निधन के बारे में सूचित करना है।

श्री राणा बहादुर सिंह मध्य प्रदेश के सीधी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए पांचवीं लोक सभा के सदस्य थे। वे पांचवीं लोक सभा के दौरान याचिका समिति के सदस्य रहे। श्री राणा बहादुर सिंह ने कृषक समुदाय के वऋल्याण के लिए कार्य किया। श्री राणा बहादुर सिंह का निधन 87 वर्ष की आयु में 4 अप्रैल, 2016 को मध्य प्रदेश के रीवा में हुआ।

डॉ. अमृतलाल भारती उत्तर प्रदेश के चैल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए ग्यारहवीं लोक सभा के सदस्य थे। वे खाद्य, नागरिक आपूर्ति और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति के सदस्य रहे। डॉ. भारती ने समाज के गरीब और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया। डॉ. अमृतलाल भारती का निधन 73 वर्ष की आयु में 15 अप्रैल, 2016 को उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में हुआ।

श्रीमती चन्द्रप्रभा उर्स कर्नाटक के मैसूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए दसवीं लोक सभा की सदस्य थीं। वह श्रम और कल्याण संबंधी समिति की अध्यक्ष और सामान्य प्रयोजनों संबंधी समिति की सदस्य रहीं। इससे पूर्व श्रीमती चन्द्रप्रभा वर्ष 1983 से 1985 और वर्ष 1989 से 1991 तक दो बार कर्नाटक विधान सभा की सदस्य थीं। वह वर्ष 1983 से 1985 तक कर्नाटक सरकार में समाज कल्याण, रेशम कीट पालन और उत्पाद शुल्क की केबिनेट मंत्री भी रहीं। श्रीमती चन्द्रप्रभा उर्स का निधन 69 वर्ष की आयु में 3 मई, 2016 को कर्नाटक के मैसूर में हुआ।

हम अपने पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और मैं अपनी ओर से तथा सभा की ओर से शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं।

अब सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर के लिए मौन खड़ी रहेगी।

11.03 hours

(The Members then stood in silence for short while)

11.04 hours

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न नम्बर 161। श्री पी. करूणाकरन - उपस्थित नहीं।

श्रीमती रीती पाठक।

(Q.161)

श्रीमती रीती पाठक : अध्यक्ष जी, आपने मुझे प्रश्न पूछने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं।

महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहती हूं कि हथकरघा हमारे देश का बहुत ही बड़ा और पुश्तैनी काम है, जो लगातार बंद होता जा रहा है और आज बंद होने की कगार पर आ गया है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने हथकरघा से जुड़े हुए बुनकरों के लिए चिंता व्यक्त करके नई-नई योजनाएं निकालकर उन्हें स्थापित रखने का प्रयास किया है।

मैं बताना चाहती हूं कि हथकरघा की दृष्टि से आज जो चिंता बनी हुई है, वह हमारे देश के कई राज्यों की चिंता है, चाहे वह उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु हो या अन्य प्रदेश हों। यहां एक बहुत छोटी सी बात है, जो एक गंभीर बात के रूप में सामने आती है। अगर हम बुनकरों की बात करें तो जब बुनकर हथकरघा जैसा कोई काम करता है तो उसके पास जो आवास होता है, उसी आवास में वह रहता है, उसी में वह अपना यंत्र स्थापित करता है, उसी में खाना खाता है और उसी में बच्चों को पढ़ाता है। मुझे लगता है कि शायद हम इस तरफ ध्यान नहीं दे पा रहे हैं, जिससे वह उन्मुक्त और स्वस्थ वातावरण में काम नहीं कर पा रहा है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहती हूं कि उनके पास जो मंत्रालय है, क्या उन्होंने उसके माध्यम से इस बारे में कोई चिंता जताई है तथा हथकरघा से जुड़े हुए बुनकरों या कामगारों के लिए कोई ऐसी योजना बनाई है, जिससे हमारे देश की आय भी बढ़ सके और उन्हें काम करने का एक स्वस्थ वातावरण मिल सके?

श्री संतोष कुमार गंगवार : माननीय अध्यक्ष जी, वास्तव में माननीय सदस्या ने महत्वपूर्ण प्रश्न सदन के सामने प्रस्तुत किया है। अगर हम विगत वर्षों का हिसाब-किताब देखें तो हमें लगेगा कि हथकरघा में काम करने वालों की संख्या में बढ़ोतरी नहीं हो रही है, बल्कि इनकी संख्या कम हुई है। इसके साथ-साथ हमें यह भी समझ में आ रहा है कि जो काम करने वाले लोग हैं, उनके परिवार के लोग भी इस काम में रुचि

नहीं ले रहे हैं। क्योंकि उन्हें उतनी आमदनी नहीं हो रही है, जितनी होनी चाहिए। देश में राजनीतिक परिवर्तन के बाद प्रधान मंत्री जी ने इसमें व्यक्तिगत रुचि ली और इस दिशा में हम कैसे अच्छे प्रयास करें, इसकी चिंता की। अब हम लोगों ने इसका एक विजन तैयार किया है। हमारा मुख्य उद्देश्य है कि बुनकरों की आय में वृद्धि हो और कम से कम पांच सौ रुपये प्रतिदिन बुनकर प्राप्त करें और हथकरघा बुनकर को सम्मान मिले। इसके लिए माननीय प्रधान मंत्री जी ने चिंता प्रकट की और 7 अगस्त के दिन को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस घोषित किया। इससे उनकी पहचान बनी, उन्होंने इस काम को चेन्नई में शुरू किया। इसकी सर्वत्र प्रशंसा हुई और लोगों ने इसे पसंद किया। इसके साथ ही प्रधान मंत्री जी ने उसी दिन इंडिया हैंडलूम ब्रांड का भी शुभारंभ किया, जिससे कि हम इसकी क्वालिटी के प्रति आश्वस्त हो सकें। इसके अलावा हथकरघा क्लस्टरों के विकास के लिए भी हम लोगों ने वित्त की व्यवस्था की और उसके हिसाब से काम शुरू किया। ये प्रारम्भिक कदम हैं और इनके हमें अच्छे लाभ मिल रहे हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि पहले एक क्लस्टर के लिए हम साठ लाख रुपये देते थे, अब हमने इसे बढ़ाकर दो करोड़ रुपये कर दिया है। मुद्रा योजना के अंतर्गत हथकरघा बुनकरों को ऋण मिले, इसकी सीमा हम लोगों ने 23 हजार रुपये से बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी है। हमारा लक्ष्य है कि तीन वर्षों में कम से कम पांच लाख बुनकरों को हम इसमें शामिल करके उन्हें लाभ दिलाने की दिशा में काम करें। हम लोग इस हिसाब से आगे काम कर रहे हैं। माननीय सदस्या इस संबंध में जो भी सुझाव देंगी, उसे हम स्वीकार करते हुए आगे काम करने का प्रयास करेंगे।

श्रीमती रीती पाठक : अध्यक्ष महोदया, मैं एक चीज और पूछना चाहती हूं कि हथकरघा और विद्युतकरघा, विद्युतकरघा के विषय में भी आज देश में एक बड़ी चिंता बनी हुई है। हमारे मध्य प्रदेश का उज्जैन, महाराट्र का मुम्बई, ठाणे, अंधेरी, गुजरात में सूरत में जो मिलें बंद हो रही हैं या बंद होने की कगार पर हैं...

माननीय अध्यक्ष : अब आप हथकरघा और टैक्सटाइल मिल्स पर आ गईं।

श्रीमती रीती पाठक : मैं माननीय मंत्री जी को और केन्द्र सरकार को धन्यवाद देना चाहूंगी कि जिन्होंने हमारे देश के पारम्परिक वस्त्र चाहे वह चंदेरी, महेश्वरी, कांजीवरम या बनारसी हो, इन बुनकरों की चिंता करते हुए इनकी परम्परा को जीवित रखने का प्रयास किया है। मैं यह कहना चाहती हूं कि चिंता तो चिंता ही है, इस मामले में मैं भी चिंता व्यक्त करूंगी कि जो बुनकर अपने काम से हट गये हैं, जिन्होंने अपना कुटीर उद्योग स्थापित किया है या जो नहीं कर पाये हैं। इनके बारे में केन्द्र सरकार की जो आईएसपीएसडी योजना है, क्या वह इन पर भी लागू होती है, यदि होती है तो आप किस तरह से लागू कर रहे हैं, मुझे यह बताने की कृपा करें?

श्री संतोष कुमार गंगवार : महोदया, मैं इसका उत्तर माननीय सदस्य को बाद में लिख कर भेज दूंगा, परंतु इनकी चिंता सही है। पॉवर लूम में भी हमको एक लंबा काम करना है। पॉवर लूम के अंदर जितने बुनकर काम कर रहे हैं, उनको बहुत अच्छे ढंग से हम कैसे नई विधा के साथ जोड़ कर लाने का काम करें, वह भी हमें देखना है। पिछले कुछ दिनों में इसमें कुछ देरी हुई है। परंतु आने वाले वर्षों में हम इसको और अच्छे ढंग से आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं और उन सारी योजानाओं पर हम काम कर रहे हैं, जिससे हमें आउटपुट अच्छा मिले। आउटपुट मिले तो उसके लिए चाहे फिर पॉवरलूम हो या हैण्डलूम हो दोनों में हमने क्लस्टर्स की घोषणा की है। हम उसके हिसाब से काम कर रहे हैं। परंतु बीते कुछ वर्षों में काम की गति में कुछ ज्यादा तेज़ी नहीं देखी गई है। हम गति में तेजी लाने का काम कर रहे हैं। इस विषय में कहीं पर भी किसी सदस्य को कोई जानकारी लेनी है, अगर हमको बताएंगे तो हम उससे अवगत कराने का काम करेंगे।

SHRI ASHOK SHANKARRAO CHAVAN: Madam Speaker, today, the situation of the powerloom and handloom sector is definitely very precarious. As you are aware that Maharashtra is the hub of the powerloom and handloom sector. Especially Malegaon in Nasik, Bhiwandi and Ichalkaranji are some of the hubs in Maharashtra, which are concerned, specially with the powerloom sector.

As you are aware, due to uncertainty in various policies framed by the Government of India, this sector is in a very critical situation. I have personally visited the units in Malegaon, Ichalkaranji and other areas, and I find that due to the policy issues, their situation is very bad. So, today the powerlooms are closing down gradually as this sector has become highly economic to run it.

Madam, a lot of accounts of the powerlooms are resulting ultimately into Non-Performing Assets (NPAs); and banks are also reluctant to extend facilities to these powerlooms.

I have talked to the powerloom sector people, and one of the major reasons cited by them is that they do not have processing houses and when they are manufacturing gray cloth, that cloth is being sent to the processing houses, which are located in other States, due to which they are bearing huge transportation costs. They are closed down because of the pollution problems. They have been served notices that they have to close down. So, all these have ultimately resulted into

huge transportation costs. They are not able to cope up with these costs. So, because of these reasons, this sector has become highly unviable.

My question to the hon. Minister would be – is the Government considering setting up of processing houses or rather subsiding the cost of setting up of a processin house? In the areas like Malegaon, Ichalkaranji, if a processing house is set up and the cost is subsidized, as the cost is huge, by the Government of India through some schemes, I think, it would give the powerloom sector a very big relief. So, is the hon. Minister considering setting up of such processing houses? If it cannot be done by the Government alone, it may done by giving subsidies.

Secondly, I would urge upon the hon. Minister to call a meeting of all concerned MPs from these areas and sort out this problem as early as possible because the situation is very critical of this sector. I would like the Minister to respond to this.

श्री संतोष कुमार गंगवार : महोदया, मैं सदस्य की भावना से सहमत हूँ। हम इसके लिए मीटिंग भी बुला लेंगे। परंतु इस दिशा में हमारी सरकार ने चिंता की है। आईपीडीएस योजना के अंतर्गत छह प्रस्ताव हमने स्वीकृत किए हैं, जिसमें अकेले चार राजस्थान के हैं। पॉवर लूम के अंदर भी हमको कुछ समस्या आती है। इस पर हमने ध्यान दिया है। महाराष्ट्र के शोलापुर और भिवंडी में भी हमने जो घोषणा की थी, लेकिन उसके लिए हमको स्थान मिलने में दिक्कत हुई। इस समय इच्छलकरंजी, जो कि महाराट्र के कोल्हापुर में है, वहां हमारा काम जारी है। हम इसके हिसाब से काम कर रहे हैं। जो भी आपका सुझाव मिलेगा, हम इस कोशिश में हैं कि इस काम को कैसे अच्छे ढंग से आगे बढ़ाया जाए।

SHRI ANIL SHIROLE: Thank you, Madam Speaker. Since sales depend, a lot depend on fresh designs. So, has the Government taken any steps to ensure a continuous flow of designs? If so, the details and results thereof?

श्री संतोष कुमार गंगवार : महोदया, इसमें हम प्रयास कर रहे हैं और डिजाइंस के बारे में हम सभी का सहयोग और सबकी मदद ले रहे हैं। जो भी हैंडलूम के अन्दर डिजाइंस की आवश्यकता रहती है, हम उसके हिसाब से काम कर रहे हैं और जितने भी डिजाइनर्स हैं, सब हमारे सम्पर्क में हैं। उनके साथ प्रयास करके इस काम को हम आगे बढ़ाने की दिशा में आगे चल रहे हैं। मैं इतना कह सकता हूँ कि जितने हमने ब्लॉक कलस्टर्स बनाए हैं, उनमें डिजाइंस की भी व्यवस्था की गई है और उसके हिसाब से इस चीज को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

माननीय अध्यक्ष : जय प्रकाश नारायण जी, शॉर्ट क्वेश्चन पूछिए, भाषण नहीं करना है।

श्री जय प्रकाश नारायण यादव : महोदया, आपने प्रश्न पूछने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद। माननीय मंत्री जी से हम जानना चाहते हैं और माननीय मंत्री जी से जब भी हम पत्राचार करते हैं तो ये जवाब भी समय पर देते हैं, मैं खुश हूँ और प्रसन्न हूँ। हम खुश भी हैं, लेकिन जब काम नहीं होता है तो हम सुस्त हो जाते हैं।

महोदया, बिहार में और खासकर भागलपुर, बाँका जो हमारा और बुलो मंडल जी का क्षेत्र है, हमारे बगल में कौशलेन्द्र जी बैठे हैं और वहाँ रमा देवी जी बैठी हैं, उस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बुनकर हैं। इन्होंने कहा था कि बुनकरों के लिए, हथकरघा उद्योग के लिए भागलपुर और बाँका को हम कलस्टर योजना के तहत लेंगे। लाखों परिवार इसमें लगे हुए हैं। भागलपुर को रेशमी शहर कहा जाता है और बाँका को बुनकरों का हब कहा जाता है। हम माननीय मंत्री जी से जानना चाहते हैं कि रील की व्यवस्था, बाजार की व्यवस्था और विशेा सुविधा राशि देकर के कब भागलपुर, बाँका और बिहार के अन्य इलाकों में जो बुनकर हैं, उनके लिए विशेा आप कार्य करना चाहते हैं और उन्हें कार्ड देना चाहते हैं।

श्री संतोष कुमार गंगवार : महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूँगा कि हमारा पहले से ही हैंडलूम का एक कलस्टर भागलपुर में स्वीकृत है और 40 करोड़ रूपया इस काम में हम खर्च कर रहे हैं। इसके बाद भी और जहाँ की वह माँग रखेंगे, बुनकरों की संख्या पर यह निर्भर करता है, उसके हिसाब से हम जो भी प्रयास कर सकते हैं, वह काम करके हम आपको सहयोग देने का काम करेंगे।

श्री आनंदराव अडसुल: महोदया, आपने प्रश्न पूछने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद। यह प्रश्न हैंडलूम और पावरलूम वीवर्स की मॉर्डन फैसेलिटीज के साथ जुड़ा हुआ है। साथ ही साथ पारम्परिक काम करने वाले जो बुनकर हैं और हमारे प्रधान मंत्री ने स्किल डेवलपमेंट नाम से नया मंत्रालय खोला है। अगर हमारा वस्त्र मंत्रालय इसका इस्तेमाल करेगा और पारम्परिक काम करने वाले हमारे बुनकर अच्छी स्किल की ट्रेनिंग लेकर, जो भी वे वस्त्र बनाते हैं, वह मार्केट में काम्पटिशन में कैसे आए, उसका उन्हें अच्छा दाम कैसे मिले, इस बारे में मंत्री जी की क्या सोच है और क्या प्रोग्राम उन्होंने तय किया हैi

श्री संतोष कुमार गंगवार : महोदया, जब से माननीय प्रधान मंत्री जी की रूचि रही, टेक्स्टाइल मंत्रालय ने सक्रियता के साथ काम शुरू किया। उसका परिणाम यह है कि अब लोगों की रूचि लग रही है कि वास्तव में यह मंत्रालय एक अच्छी दिशा में अच्छे ढ़ंग से काम कर रहा है। मैं सदस्य महोदय को यह बताना चाहूँगा कि हम ब्लॉक कलस्टर्स में प्रशिक्षण देते हैं। बुनाई, रंगाई, डिजाइन के हिसाब से काम करते हैं और आईएसडीएस स्कीम के तहत भी हम काम करते हैं। इसके अलावा जो भी सुझाव आपके द्वारा दिया जाएगा, हम उस काम में रूचि लेंगे और समय-सीमा के अन्दर इस काम को पूरा करने का काम करेंगे।

(Q.162)

श्री अश्विनी कुमार : महोदया, एयर इन्डिया में अपग्रेडेशन यानी साधारण किराए पर उच्च श्रेणी में सफर करने की सुविधाएं केवल कुछ व्यक्ति विशेष या उनके रिश्तेदारों को ही प्राप्त होती हैं। वह भी उच्च अधिकारियों या कहीं और से आई सिफारिशों पर ही। ऐसे यात्री निर्धारित मापदण्ड पूरा नहीं करते हैं।

मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहूँगा कि क्या यह प्रावधान बीमार यात्री, सीनियर सिटिजन और हैंडीकैप्ड यात्रियों के लिए भी, जिनको उसकी सख्त जरूरत है, क्या सरकार इस बारे में कोई दिशा-निर्देश एयर इन्डिया क्रू को जारी करने पर विचार कर रही है ताकि उड़ते विमान में इन वर्ग-विशेष को अपग्रेडेशन की सुविधा (सब्जेक्ट टू अवलेबिलिटी ऑफ सीट्स) मिल सके।

SHRI ASHOK GAJAPATHI RAJU: As of now, upgradation is basically done on commercial considerations. If you look at the period from November, 2014 to October, 2015, about 22261 upgrades were done and Rs.46 crore revenue was realized. So, basically, they are done under commercial considerations. All airlines are doing it. No airline has a scheme where they will be very liberal to the effect of not being commercial in such cases. Humanitarian angle of transportation is there but there is a commercial angle also.

HON. SPEAKER: Is there any second supplementary?

श्री अश्विनी कुमार : मैडम स्पीकर, मेरा दूसरा पूरक प्रश्न मेरे अपने लोक सभा क्षेत्र हरियाणा के करनाल में एयरपोर्ट बनाने से संबंधित है। करनाल क्षेत्र जिसमें पानीपत भी आता है, उस मेन लाइन पर औद्योगिक दृष्टि से ये दो महत्वपूर्ण शहर हैं। करनाल राइस एक्सपोर्ट के लिए और पानीपत टैक्सटाइल हब है। दोनों शहर एक्सपोर्ट के ज़रिये बहुमूल्य फॉरैन एक्सचेंज अर्जित करते हैं, लेकिन अभी तक एयरपोर्ट की सुविधाएँ प्राप्त न होने से उपर्युक्त करनाल, पानीपत और साथ लगते हुए कितने ही शहर तथा अन्य डिस्ट्रिक्ट भी परेशानी का सामना कर रहे हैं। सरकार ने करनाल में एयरपोर्ट की मंज़ूरी दे रखी है, ज़मीन की निशानदेही भी हो चुकी है। मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूँ कि करनाल एयरपोर्ट का स्टेटस क्या हैi

SHRI ASHOK GAJAPATHI RAJU: I will find out the status and reach it out to the Member. But generally, aviation is the Government of India's subject. Land is the State Government's subject, and we work together to make more airports happen in our country.

HON. SPEAKER: Shri M. Udhayakumar – not present.

माननीय अध्यक्ष : डॉ. यशवंत सिंह। यह प्रश्न सीट अपग्रेड करने के संदर्भ में है, उस संबंध में पूछिये।

डॉ. यशवंत सिंह : माननीय अध्यक्ष जी, कई बार हम सांसद लोग एयरपोर्ट पर जाते हैं और एयर इंडिया की फ्लाइट के बजाय किसी दूसरी फ्लाइट से जाते हैं। वहाँ पर जो दूसरी फ्लाइट्स होती हैं, उनका जो ग्राउंड स्टाफ होता है, उनके द्वारा माननीय सांसदों को न तो पहचाना जाता है और आई.डी. कार्ड दिखाने के बाद भी उनको किसी तरह का सहयोग नहीं मिलता। अगर फ्लाइट छूट जाती है तो भी दूसरी फ्लाइट में उनको एडजस्ट करने के लिए कोई सहयोग नहीं मिल पाता। मैं माननीय मंत्री जी से यही निवेदन करना चाहता हूँ कि कोई ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि चूँकि सांसदगण के साथ कोई सहयोगी भी नहीं होता, साथ में लगेज भी होता है, इसलिए सांसदगण को कोई न् कोई ऐसी सुविधा मिले कि वे एक छोटी सी प्रायॉरिटी ले सकें।

SHRI ASHOK GAJAPATHI RAJU: In most airports, the hon. Members of Parliament are the Chairmen of the Airports Local Committee, and they are recognizable people there. They are treated with respect but they are not super citizens. That angle is not there. But they are treated with respect. To keep up the respect of our Parliament Members, we will do everything which is practically possible.

माननीय अध्यक्ष : श्री ए.पी.जितेन्द्र रेड्डी। शॉर्ट क्वैश्चन पूछें। बहुत ज्यादा मांगना भी अच्छा नहीं है।

SHRI A.P. JITHENDER REDDY : During the last NDA Government, we had Shri Rajiv Pratap Rudy and our other Minister who was there. Shri Shahnawaz Hussain and Shri Rajiv Pratap Rudy were the Civil Aviation Ministers. We, all MPs, had gone and met them. I was also in the Consultative Committee. We had requested the Minister that whenever there is a vacancy in the flight, if an MP shows the ID card, with that ID card, the Member of Parliament should be accommodated in those seats because what is happening is, the bureaucrats, who are there, are trying to take advantage. They go and sit in those seats but the MPs are being refused. So, at that particular time, the Minister had instructed all the Area Managers in the places that when an MP comes to you and shows the ID card, automatically, his seat should be upgraded. I request that instead of those seats being going vacant, the Minister should also follow the same system and give instruction to the Area Managers so that upgradation should be taken up.

माननीय अध्यक्ष : मंत्री जी इस सजैशन को नोट करें।

SHRI ASHOK GAJAPATHI RAJU: I have noted the suggestion but we will see how it can fit into the commercial pattern of things.

(Q.163)

श्री राजन विचारे: अध्यक्ष महोदया, महाराष्ट्र के 36 जिलों में से 21 जिले सूखे से प्रभावित हैं। जैसा सभी जानते हैं कि पानी की समस्या एक ज्वलन्त समस्या है, जिसकी वजह से सभी परेशान हैं। महाराष्ट्र का लातूर एवं मराठवाड़ा जिला भी सूखे की चपेट में है। महाराष्ट्र के कई हिस्सों में पानी की समस्या है। चारों ओर हाहाकार की स्थिति बनी हुई है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि जिस तरह केन्द्र सरकार ने एल.ई.डी. आधारित घर और स्ट्रीट लाइट के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत एल.ई.डी. लाइटों को बांटा था एवं हाल ही में उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवारों को भी गैस के चूल्हे दिये थे, ठीक उसी प्रकार क्या केन्द्र सरकार महाराष्ट्र के बी.पी.एल. परिवारों को वाटर प्यूरीफायर बांटने की योजना पर विचार कर रही है, ताकि गरीबों एवं आम नागरिकों को भी साफ पानी मिले?

श्री राम कृपाल यादव: अध्यक्ष महोदया, यह बात सही है कि देश में पानी की कमी की वजह से लगभग 13 राज्यों में सूखे की स्थिति है। वैसे तो लगभग 11 राज्यों ने इस बात को स्वीकारा है कि हमारे यहां सूखा है।

माननीय अध्यक्ष : अभी इस पर चर्चा भी होनी है।

श्री राम कृपाल यादव: परन्तु हरियाणा और बिहार 13 राज्यों में हैं, जिनको हम मानते हैं कि वहां भी सूखे की वजह से पानी का संकट है, लेकिन उन लोगों ने अपनी रिपोर्ट नहीं दी है। सूखे की स्थिति से निपटने के लिए राज्य सरकारों ने जो विशेष अभियान चलाया है, उसके तहत मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्यों को कुछ बता देना चाहता हूं कि जो राज्यों ने प्रयास किये हैं, सूखे से लगभग कुल प्रभावित जिले 306 हैं और गांवों की संख्या 1,97,315 है। बसावट 4,42,560 है। इन राज्यों में जो व्यवस्था की गई है, हैण्ड पम्प की व्यवस्था की गई है, प्राइवेट बोरवैल्स का अधिग्रहण किया गया है, मीटर राइज़र का पाइप लाइन के माध्यम से प्रयोग किया गया है, जिसमें कि हैण्ड पम्प और गहराई में पानी दिया जा सके। नये बोरवैल की व्यवस्था की गई है, टैम्पोरेरी पाइपलाइन के माध्यम से स्त्रोतों से पानी की उपलब्धता की गई है और टैंकरों के माध्यम से भी लगभग 93,000 ट्रिप्स के माध्यम से सूखी जगहों पर पानी की व्यवस्था की गई है। वैसे मेरे पास डिटेल्स हैं कि किन राज्यों में कहां-कहां पर कितने-कितने बोरवैल लगाये गये हैं और हैण्ड पम्प लगाये हैं, इन सब की व्यवस्था है। आप अगर इजाजत देंगी तो मैं उसको पढ़कर बता दूंगा।

माननीय अध्यक्ष : नहीं, अभी तो इस पर विस्तृत रूप से चर्चा होनी है।

श्री राम कृपाल यादव: चूंकि अभी जो राशि उपलब्ध कराई गई है, वह राशि भी राज्यों के पास है। 13 राज्यों में लगभग 1937 करोड़ रुपये की राशि हमने दे रखी है। 1937 करोड़ प्लस जो राज्यों को जो 50 परसेंट पैसा लगाना है, लगभग 3870 करोड़ रुपया उनके पास उपलब्ध है, जिसमें फ्रीडम है कि 25 परसेंट राशि सूखे से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए वे दे सकते हैं। मैं समझता हूं, जहां तक इन्होंने महाराष्ट्र

की बात की है और जहां के सन्दर्भ में इन्होंने चिन्ता जताई है कि डीसैलीनेशन प्लाण्ट्स लगाने की बात है तो पूरे देश के पैमाने पर दो ही ऐसे राज्य हैं, जहां पर इस तरह के प्लाण्ट्स लगाये गये हैं। तमिलनाडू और लक्षद्वीप, तमिलनाडू में 17 ऐसे संयंत्र लगाये गये हैं और लक्षद्वीप में तीन संयंत्र लगाये गये हैं, जहां पानी साफ करके लोगों को पिलाया जा रहा है। महाराष्ट्र सरकार से इस तरह का कोई प्रपोजल नहीं आया है और यह राज्य का विषय है। जब तक राज्य सरकार प्रस्ताव नहीं देगी, तब तक उस पर विचार नहीं कर सकते हैं।

मैडम, चूंकि यह संयंत्र बहुत ही कॉस्टली है, इसमें बहुतसी राशि लगती है, इसलिए मैं समझता हूं कि राज्य अपने आर्थिक क्षमता के हिसाब से इस संयंत्र को लगाने का काम करते हैं।

माननीय अध्यक्ष : दूसरा सप्लीमेंटरी प्रश्न पूछें। यह डि-सैलिनेशन से संबंधित प्रश्न है।

श्री राजन विचारे: अध्यक्ष महोदया, आज सबसे अधिक कोई राज्य सूखे की चपेट में है, तो वो महाराष्ट्र है। महाराष्ट्र के कई हिस्सों में आज भी लोगों को पीने का साफ पानी नहीं मिल पाता है। क्या केन्द्र सरकार समुद्र के खारे पानी को पीने योग्य बनाने की किसी योजना पर कार्य कर रही है, ताकि समुद्र के पानी को पीने योग्य बनाकर पाईपलान के द्वारा लातूर, मराठवाड़ा तथा ऐसी जगहों पर भेजा जा सकेi जहॉ पर सूखे की स्थिति है, लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा एवं पानी की कमी के कारण खेती बर्बाद हो रही है।

माननीय अध्यक्ष : उसी का उत्तर उन्होंने दिया है कि महाराष्ट्र से प्रोपोजल नहीं आया है।

श्री राम कृपाल यादव : मैडम, अगर महाराष्ट्र सरकार इस तरह का कोई प्रोपोजल देती है तो निश्चित तौर पर हम उस पर विचार करेंगे। चूंकि जैसा कि मैंने बताया, यह संयंत्र बहुत ही कॉस्टली अफेयर्स है। इसके रख-रखाव में भी लगातार काफी पैसा लगता है। एक बड़ा संयंत्र लगाने में लगभग 600 करोड़ रुपए की लागत लगती है।

माननीय अध्यक्ष : लेकिन क्या इसके लिए केन्द्र भी कुछ कर रहा है, यह उनका प्रश्न है।

श्री राम कृपाल यादव : मैडम, उस संयंत्र में जो कॉस्ट लगेगी, जब उससे पानी को लोग पीने के लायक बनाएंगे, तो उसमें लगभग 20 से 30 पैसे प्रति लीटर के हिसाब से पानी उपलब्ध होगी, जो कि एक कॉस्टली अफेयर्स है। अगर राज्य सरकार इसका कोई प्रोपोजल भेजेगी तो निश्चित तौर पर हम उस पर विचार करेंगे।

श्री हरिश्चन्द्र चव्हाण: अध्यक्ष महोदया, देश के कई राज्यों में सूखे की समस्या है। मेरे क्षेत्र दिंडोरी, जो कि महाराष्ट्र में नासिक जिले में है, उसमें भी सूखे की बहुत समस्या है। मेरे क्षेत्र मनमाड में तो एक-एक महीने के बाद पीने का पानी आता है।

माननीय अध्यक्ष : यह प्रश्न अलग है। पर, आप पूछिए।

श्री हरिश्चन्द्र चव्हाण : महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करना चाहता हूं। नासिक जिले से वैतरणा, तांसा, भंडारदारा का पानी मुम्बई के लिए जाता है। जैसे तमिलनाडु और लक्षद्वीप में डि-सैलिनेशन का प्लांट है, वैसे ही मुम्बई के तटरक्षक एरियाज के समुद्र के पानी को शुद्ध करने के बाद यदि आधी मुम्बई में भी पानी की प्रॉब्लम सॉल्व हो जाएगी तो हमारे यहां का पानी, चाहे वह भादसा का हो या वैतरणा का हो, ये सब का सब पानी नासिक, मराठवाड़ा में पीने के लिए, खेती के लिए और उद्योग के लिए उपलब्ध हो जाएगा।

महोदया, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि अभी महाराष्ट्र के विधानमंडल ष का अधिवेशन हो गया। वहां महाराष्ट्र के सी.एम. ने डि-सैलिनेशन के बारे में कमेटी फॉरमेशन की घोषणा की है। क्या इसके बारे में आपको पता हैi क्या ऐसा डि-सैलिनेशन का प्लांट मुम्बई में करने का आपका कोई इरादा हैi

श्री राम कृपाल यादव : मैडम, मुझे इसके बारे में जानकारी राज्यों से मिलती है। राज्यों से जो जानकारी हमें प्राप्त है, उसमें सिर्फ दो ही राज्यों के संबंध में जानकारी है, जहां इस तरह के प्लांट स्थापित किए गए हैं। तमिलनाडु में 17 और लक्षद्वीप में 3 हैं। महाराष्ट्र के संदर्भ में हमें कोई जानकारी नहीं है। महाराष्ट्र सरकार की तरफ से अभी तक कोई सूचना हमें प्राप्त नहीं है।

मैडम, जैसा कि मैंने बताया, पूरे देश के पैमाने पर सुखाड़ की स्थिति है। आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और गुजरात राज्य में पानी की दिक्कत है। जो बारिश होनी चाहिए, वह बारिश नहीं हुई। हैंडपम्प इत्यादि के द्वारा जो पानी की व्यवस्था की गयी थी, तो जल स्तर नीचे जाने की वज़ह से हैंड पम्प और पानी की जो अन्य उपलब्धता है, वे सूख गयी हैं। इसकी वज़ह से गंभीर संकट है। मैं समझता हूं कि यह प्राकृतिक प्रकोप है। मगर, निश्चित तौर पर हमारे विभाग, पूरा मंत्रालय और हमारे माननीय प्रधानमंत्री इसकी चिंता कर रहे हैं कि किस तरह से पानी की उपलब्धता हो। उसके लिए हम हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। राशि की कोई कमी नहीं होने देंगे। राज्य सरकार निश्चित तौर पर उन सभी ज़गहों को चिह्नित करके प्रस्ताव भेज रही है। हम उस पर विचार करने का काम करेंगे।

माननीय अध्यक्ष : मुझे मालूम आप सभी इस पर कुछ न कुछ कहना चाहेंगे, क्योंकि पूरा देश चिंतित है।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्लीज बैठिए। हम नियम 193 में इस विषय पर पूरी चर्चा करने वाले हैं। मेरा आप सबसे निवेदन है, हम यह कोशिश करेंगे कि ज्यादा से ज्यादा सदस्य इस पर अपने विचार भी रखें और जितने भी उससे संदर्भित मंत्री हैं, वे भी सविस्तार, विस्तृत रूप से इन बातों का रिप्लाई दें। इसलिए मेरा निवेदन है, मैं

अभी इस पर पूरक प्रश्न नहीं दे रही हूं। यह महत्व की बात है। वैसे नियम 193 आज ही लिखा हुआ है, अगर आज पूरा विषय हो जाता है और हम इसे लेते हैं तो आज ही चर्चा शुरू हो जाएगी। हम इसको दो दिन भी चला सकते हैं। विस्तृत समय सबको मिलेगा।

...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: I am sorry.

... (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : क्वैश्चन नंबर 164, श्रीमती सुप्रिया सुले।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सबको समय मिलेगा। आपको भी समय मिलेगा, बैठिए।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मिस्टर मिनिस्टर।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : बैठिए, आप नहीं समझ रहे हैं। आई डोंट अंडर स्टैंड दि थिंग। प्लीज बैठिए।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्लीज, प्लीज। जब मैं यहां से कुछ बात बता रही हूं, आदिवासी क्षेत्र भी हम समझ रहे हैं। बैठिए न।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : बैठिए भूरिया जी, जब मैं खड़ी हूं। प्लीज बैठिए।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : पहली बात तो आप समझ रहे हैं, यह पूरा प्रश्न जो है खारे पानी को मीठे पानी में बदलने के संयत्रों के संदर्भ में है। यह पूरा प्रश्न आप पढ़िए। फिर भी मैं समझ रही हूं, जिस तरीके से सूखे की समस्या है, पानी की समस्या है, आदिवासी क्षेत्र में समस्या है, शहरी क्षेत्र में समस्या है, पूरे हिंदुस्तान में समस्या है, इसीलिए हमने सूखे पर, पानी पर सब क्लब-अप करके एक चर्चा रखी हुई है। आप इससे सहमत होंगे और ज्यादा से ज्यादा समय, मैं आपको बोल रही हूं कि यह कोशिश करेंगे कि सभी सदस्यों को इस पर विचार रखने के लिए भी समय मिले और मंत्री भी विस्तृत रूप से इसका उत्तर दें। यह हम करेंगे।

...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: I am sorry.

… (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : आपको मौका मिलेगा।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Shri Bhuria, this is not fair.

… (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : बैठिए रमेश बिधूड़ी जी। डी-सेलीनेशन से आपका दिल्ली का कोई सम्बन्ध नहीं है, बैठिए।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Nothing is going on record.

… (*Interruptions*)... *

माननीय अध्यक्ष : सुप्रिया सुले जी, प्रश्न पूछिए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्लीज, अपने सदस्य को कुछ समझाइए।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: I am sorry. This is not the way.

… (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : मुझ पर चिल्लाने से पानी आएगा क्याi बैठिए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अगर मुझ पर चिल्लाने से पानी आ रहा है तो जरूर खूब चिल्ला सकते हैं। मगर ऐसा तो होना नहीं है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्लीज, बैठिए न। भूरिया जी, मैं आपकी पड़ोसन हूं, जानती हूं आपसे ज्यादा।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Nothing will go on record like this.

… (*Interruptions*)... *

माननीय अध्यक्ष : यह पद्धति नहीं है, नई-नई पद्धति मत शुरू करिए।

---

* Not recorded.

* Not recorded.

(Q. 164)

SHRIMATI SUPRIYA SULE: Hon. Madam, as we are all aware of the drought situation that you mentioned, and I take this opportunity to mention that the hon. Speaker's Research Centre also had a detailed discussion on water and drought.

As we are aware about thermal power with the water situation in this country right now, I would like to ask this from the hon. Minister. We have made a suggestion in 2012 wherein in a thermal power project in Koradi in Nagpur in Maharashtra they used sewage water as an option for it. Given the situation like drought that we have had this year and may be in the future if it ever happens, how do you see yourself to keep the energy pool balance with this water situation? Could sewage water or any alternate use of this kind of water be an option in the power plants in the future given that so many of them are shut because of drought?

SHRI PIYUSH GOYAL : Madam, first of all, I would just like to inform the hon. Members, through you, that not so many of them are shut. In fact, I have given all the details in this answer.

As we speak, the five units of Parli station in Maharashtra are shut of which three are more than 25 years old. In any case, we should try and quickly shut them up. Two of them have just been decommissioned very recently. So, we may all kindly note that there is no problem of water as far as the areas where the power plants are situated.

I have given a detailed statement as to where all the power plants had to shut for three days, five days or ten days. As of now, in Karnataka in Udupi there is a 600 MW two units, which are currently not working and in Maharashtra there are three units of a private company of 300 MW each. They have shortfall of water because of which power is not generated. I would like to place on record and inform the entire country through you and the hon. Members that there is no shortage of electricity in the country and sufficient electricity is available across the country. We have a mobile app by name *Vidyutpravah.in* in which we give

information every fifteen minutes about the power availability across the country and the price at which it is available. We also give the data of the States.

माननीय सदस्यों को यह जानकर खुशी होगी कि राज्य में हर वक्त की, किस कीमत पर बिजली मिल सकती है, वह बिजली राज्य सरकार खरीद रही है या नहीं खरीद रही है और राज्य सरकार कितना शॉर्टफॉल बता रही है। उदाहरण के लिए कोई राज्य सरकार बताती है कि मेरा शॉर्टफॉल जीरो है, एक्सेजेंस से कोई बिजली खरीदता नहीं है, वह पूरा डेटा उसमें है, लेकिन साथ ही साथ माननीय सदस्य यह बता रहे हैं कि हमारे यहां बिजली नहीं मिल रही है, हमारे यहां बिजल छः घंटे आ रही है, आठ घंटे आ रही है। हमने आपको इस जानकारी से मजबूत बनाया है ताकि आप इस जानकारी को लेकर अपने राज्य सरकार से आग्रह कर सकते हैं कि आपके क्षेत्र में पूरी बिजली मिले। जहां तक वेस्ट वाटर के बारे में माननीय सदस्या ने कहा, उनको जानकर खुशी होगी कि हम ने पार्ट डी सिक्स में माननीय सदस्यों को अवगत किया है कि आगे चल कर थर्मल पावर प्लांट्स को यह कम्पलसरी, मैनडेट्री कर दिया है कि 50 किलोमीटर की रेडियस में जितने भी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स से, वेस्ट वाटर ट्रीट होकर अवेलेबल होगा, उसको कम्पलसरिली थर्मल पावर जैनरेशन में इस्तेमाल किया जायेगा और उसका खर्चा पास-थ्रू के रूप में थर्मल पावर प्लांट को एलाऊ किया जायेगा। उससे उनके मेरिट ऑर्डर में भी कोई नुकसान नहीं होगा। सभी विषयों को ध्यान में रखते हुए और 'स्वच्छता अभियान' जो इस सरकार की प्राथमिकता है, उसको ध्यान में रख कर यह प्रावधान, माननीय वैंकैय्या जी मिनिस्ट्री ऑफ अर्बन डेवेलपमेंट के आग्रह पर इसको टैरिफ पॉलिसी में लाकर मैनडेटरी किया है।

SHRIMATI SUPRIYA SULE: Madam, in his reply in part 'd', he has extensively talked about fly ash which is the biggest challenge of a thermal power and that is where maximum water gets used. He has taken a lot of good initiatives in this to make sure that less water is used in fly ash. But we tried this in Thane, Maharashtra. The fly ash which came out of the thermal power plant was used in construction of storage for power. Is that an option that he is looking at instead of soil? This ash is really no good for environmental hazards and causes a lot of pollution. Can we use more of this fly ash in construction of roads in future so that it helps the plants and saves more water?

श्री पीयूष गोयल : अध्यक्ष महोदया, वास्तव में, जब यह सरकार वर्ष 2014 में आई तो एक सबसे बड़ी गंभीर समस्या मिली, बाकी और भी बहुत सारी समस्यायें हमें विरासत में मिली, लेकिन एक बड़ी गंभीर समस्या थी कि लगभग 100 करोड़ टन फ्लाई ऐश देश में अलग-अलग जगहों पर फैली हुई थी। यह फ्लाई

ऐश प्रदूषण करती है, जब हवा का झोंका आता है तो उड़ कर लोगों की तबियत खराब करती है, इसे लंग्स में जाने से लोगों को टी.बी. वगैरह की बीमारियां होती हैं, लंग कैंसर हो सकता है। इन सब को मद्देनजर रखते हुए, अब हमने ऐसी स्थिति की है कि जहां-जहां पर फ्लाई ऐश का निर्माण होता है, वहां हम प्रोत्साहन दे रहे हैं कि कंपनियां उस फ्लाई ऐश को लेकर ब्रिकेटिंग करें, ब्रिक्स बनायें और फ्लाई ऐश को लेकर कन्सट्रक्शन मैटेरियल्स बनायें। अब लगभग जितना नया फ्लाई ऐश का उत्पादन होता है, उतना ही कन्जम्पशन होता है, साथ ही साथ हमारा डिपार्टमेंट इसको स्टडी कर रहा है, खास तौर पर कोल में यह विषय आता है। कैसे इस फ्लाई ऐश को, हमें पुराना जो 100 करोड़ टन यह मिला है, उसको कैसे डिसपोज करें, कैसे यूज करेंi मैं एक और जानकारी दे दूं कि हम विदेशी सरकारों और विदेशी यूनिवर्सिटीज के साथ भी चर्चा करके, इसके ऊपर कोई न कोई अल्टरनेट मैकेनिज्म इस्तेमाल करने के लिए काम कर रहे हैं।

श्री राजीव सातव: अध्यक्ष महोदया, अप्रैल, 2015 में मैट्रोलॉजिकल डिपार्टमैंट ने प्रैडिक्ट किया था कि रेन का शार्टफॉल पिछले साल होगा। इसके बावजूद करीब छ: महीने बाद मंत्री जी के विभाग ने स्टैन्डर्ड बदले। The Government issued revised standards for coal-based thermal power plants in the country to reduce use of water. करीब छ: महीने सरकार ने इसकी तरफ ध्यान ही नहीं दिया। मराठवाड़ा और विदर्भ अकाल से पूरी तरह पीड़ित है। क्या मंत्री जी आने वाले समय में हिंगोली, नांदेड़, यवतमाल आदि डिस्ट्रिक्ट्स में थर्मल पावर प्लांट्स की जगह रिन्युवेबल एनर्जी की तरफ ध्यान देंगेi क्या उसके प्रोजैक्ट के लिए ज्यादा से ज्यादा सब्सिडी या प्रोत्साहन इन अकाल पीड़ित क्षेत्रों को देंगेi उसकी डिपैंडैंसी गारंटी कितनी होगी। क्या आने वाले समय में उससे हमें सचमुच एनर्जी मिलेगीi

श्री पीयूष गोयल : अध्यक्ष महोदया, बहुत अच्छा प्रश्न है, मैं सिर्फ उसके प्रीएम्बल को थोड़ा ठीक कर दूं। अगर छ: महीने की चर्चा करनी है तो पहले 60 वर्ष की चर्चा से शुरू करना पड़ेगा। ऐसा नहीं है कि देश में सूखा पहली बार पड़ा है। लेकिन इस सरकार के सामने जैसे ही कोई समस्या आती है, हम उस पर काम करते हैं। ये टैक्नीकल विषय होते हैं। मई-जून में मैट्रोलॉजिकल रिपोर्ट आई। कोई पहली रिपोर्ट नहीं आई है, सौ सालों से रिपोर्ट आ रही है। लेकिन पहली बार है कि जब यह रिपोर्ट आई तो सरकार ने तुरंत इस पर काम करना शुरू कर दिया। इस बारे में विस्तृत जानकारी निकाली। किस प्रकार की नई टैक्नोलॉजी है। देश में ढाई लाख मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट्स हैं और 40-50 हजार के लग रहे हैं। हम रिट्रॉसपैक्टिवली हरेक को आर्डर दे दें कि एक महीने में फटाफट सब कर दीजिए, ऐसा विषय नहीं है। बड़े गंभीर टैक्नोलॉजी रिलेटेड विषय होते हैं। फिर भी मुझे बहुत खुशी है कि इनवायरमैंट मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर उसी राज्य से आते हैं जहां से राजीव जी आते हैं। उन्होंने इसे बहुत गंभीरता से लिया। दोनों विभागों ने मिलकर इसमें

आगे के लिए एक रोड मैप बनाया है। बहुत एग्रैसिव रोड मैप है। यह भी टैक्नोलॉजिकली फीज़ेबल नहीं है, लेकिन फिर भी हम अपने आप को चैलेंज करते रहते हैं और नई चीजों में और एग्रैसिव रहना चाहते हैं। इसलिए रोड मैप बनाया गया।

जहां तक नवीकरण ऊर्जा का सवाल है, पूरी दुनिया जानती है कि भारत नवीकरण ऊर्जा को प्रोत्साहन देने में आज सबसे आगे है। जब हम सरकार में आए तो सौर ऊर्जा का 20 हजार मेगावाट का लक्ष्य था। हमने उसे एक लाख मेगावाट कर दिया। विंड एनर्जी, हाइड्रो, स्मॉल मिलाकर एक लाख 75 हजार मेगावाट की नवीकरण ऊर्जा 2022 तक बनाने का हमारा लक्ष्य है जो विश्व में सबसे बड़ा लक्ष्य है।

प्रधान मंत्री मोदी जी ने कहा कि यह भारत की विरासत है, भारत का ट्रेडिशन है कि हम नेचर का रिस्पैक्ट करते हैं, इसलिए यह करने जा रहे हैं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, नवीकरण ऊर्जा के लिए जो भी माननीय सदस्य अपने इलाके में कोई भी प्रपोजल लाना चाहें, उसके लिए हम पूरी तरह मदद करेंगे। कई सब्सिडी की स्कीम्स हैं, कई जगह सोलर पार्क लग रहे हैं, कई जगह हम प्रमोट कर रहे हैं। अभी मैनुफैक्चरिंग की एक नई पॉलिसी आने वाली है। नवीकरण ऊर्जा के लिए मैं सभी माननीय सदस्यों से दरखास्त करूंगा कि जहां बंजर जमीन है, जिसमें खेती नहीं होती, लोगों को कोई कमाई नहीं होती, उसे नवीकरण ऊर्जा में इस्तेमाल कीजिए।

श्री अनूप मिश्रा : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे पूरक प्रश्न पूछने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद। मैं मंत्री जी के जवाब से संतुष्ट हूं। लेकिन उसमें दो बातें हैं - आपने ऐश के बारे में जितनी चीजें लिखीं कि यह-यह हो रही हैं, उनकी प्रॉपर मौनीटरिंग होनी चाहिए। आसपास के नगरों के सीवेज के लिए पानी वहां लाया जाए। मैं मध्य प्रदेश के बारे में कह सकता हूं कि ऐसा कोई उपाय सारणी से खंडवा तक नहीं किया गया है। सभी जगह ऐश की स्थिति खराब है। दूसरा, जो थर्मल पावर का प्रोडक्शन घटता है, उसमें अमानक स्तर, जिसे मैं ग्रेड सी का कोल कहूं, हमारे बॉयलर उससे बैटर हैं, वह और परिवहन व्यवस्था के कारण जो प्रोडक्शन निकलना चाहिए, उसकी कमी का लॉस हमारी कम्पनीज को मिलता है। क्या कोल डिपार्टमैंट और आपका विभाग मिलकर किसी ऐसी नीति के बारे में सोचेगा ताकि जिस बॉयलर, थर्मल पावर को जिस स्तर का कोयला चाहिए, उस स्तर का कोयला मिले और परिवहन की व्यवस्था समय पर हो। क्या हमने इसकी कोई चिन्ता की हैi

श्री पीयूष गोयल : अध्यक्ष महोदय, जहां तक फ्लाईएश फ्लैश का सवाल है, मैंने अभी विस्तृत जानकारी दी है, आपका सुझाव बहुत अच्छा है, मोनिटरिंग की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए इसे मैं पसर्नली देखूंगा। जहां तक कोल क्वालिटी के बारे में सुझाव है, पिछले दो महीने में हर माननीय सदस्य ने अपने राज्य में या कोई भी सेन्ट्रल या लोकल यूटिलिटी से चेक करेंगे तो पता चलेगा कि कोल क्वालिटी में कितना इम्प्रवूमेंट हुआ है। मैंने थर्ड पार्टी सैंपल शुरू किया, 15 नई वाशरिज लग रही है जो अक्तूबर, 2017 तक लग जाएंगी, इससे

कोल क्वालिटी सुधरेगी, कोल क्रशिंग कम्पलसरी हो गई है, 100 एमएम से नीचे हरेक जगह कोल जाता है, पहले पुराने पत्थर और बोल्डर आते थे वह खत्म हो गया है। अभी कोल कंट्रोलर ने रिक्लासिफाई करना शुरू किया है। सभी सम्मानीय सदस्य जानते हैं कि सदियों से चली आ रही ग्रिड चलती जाती जाती थी और राज्य सरकारों की बड़ी कम्पलेंट रहती थी कि उनको ग्रिड एक्स मिलेगा, तीन ग्रेड, चार ग्रेड की शिपेज होती है। देश भर के हर खनन से निकलने वाला कोयला क्लासिफाई करके एक्चुअल ग्रेड दिया जाएगा।

महोदया, मैं दो मिनट का समय लेकर एक जानकारी देना चाहता हूं जिससे सभी को आनंद आएगा क्योंकि यह ड्राउट से भी रेलेटेड है। कल ही माननीय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट ने एक बहुत महत्वपूर्ण डिसीजन लिया जिसकी जानकारी दे दूं। पहले कोयले कि लिंकेज एक खनन से एक थर्मल प्लांट तक होती थी जिसकी वजह से कई बार दूर-दूर तक कोयला लेकर जाना पड़ता था, कोल शिपेज हो जाती थी, फ्रेट में हजारों करोड़ रुपये लगते थे और प्रदूषण भी होता था। इसको सरल और कम करने के लिए कल एक इफेक्टिव यूटिलाइजेशन ऑफ डोमेस्टिक पॉलिसी एप्रूव किया है जिससे स्टेट को जितना कोल लिंकेज स्टेट को होगा जैसे वेस्ट बंगाल में अगर 10 प्लांट है तो 10 लिंकेज को मिलाकर टोटल कोयला दे दिया जाएगा, अब वेस्ट बंगाल उस कोयले को मोस्ट इफेक्टिव तरीके से यूज कर सकता है। इस कोयले को यहां यूज करने से सस्ती बिजली मिलेगी, इसे यूज करने से फ्रेट कम होता है और हम उससे ज्यादा आऊटपुट निकाल सकते हैं। पुराने प्लांट्स में यूज नहीं करके नए प्लांट्स में यूज कर सकते हैं। इसके साथ ही कोई दूर का स्टेट जैसे तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र या गुजरात है वहां बिजली बनाने के बदले उसको बिजली बनाने के लिए इतनी दूर कोयला लेकर न जाना पड़े बल्कि प्लांट के नजदीक ही वह कोयला इस्तेमाल करके बिजली बनाए और ट्रांसमिट करके ले जाए। इससे पूरे टाइम सस्ती बिजली मिल सकेगी, इसकी व्यवस्था बने। जहां भी सूखा है वहां सूखा के प्लांट बंद करके दूसरी जगह बिजली बनाई जा सकती है। सूखे का भी इसमें ध्यान रखा जा सकता है।

श्री मुलायम सिंह यादव : कमलापति त्रिपाठी, सुचेता कृपलानी के जमाने में 18 सवाल होता था और हां या ना में जवाब दिया जाता था।

माननीय अध्यक्ष : मंत्री जी बहुत अच्छा काम कर रहे हैं अभी युवा हैं उत्तर थोड़े संक्षिप्त में दिए जाएं। आपने जो जानकारी दी वह सभी के लिए अच्छी है। स्टेट इसकी डिमांड कर रहे थे। I can understand.

(Q.165)

श्रीमती रमा देवी : अध्यक्ष महोदय, हम समझ रहे थे कि समय खत्म हो जाएगा लेकिन समय मिल गया। बिजली मंत्री से अच्छी चीज सुनने का मौका मिला है। मैं प्रसन्न हूं। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षित बेरोजगार की संख्या दिन ब दिन बढ़ रही है उसका प्रतिशत बढ़ रहा है। हमारे लोकप्रिय माननीय प्रधानमंत्री जी नरेन्द्र मोदी जी ग्रामीण बेरोजगार को रोजगार दिलाने हेतु दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका योजना, मेक इन इंडिया और डिजिटल योजना, मुद्रा योजना आदि यदि इन योजना को सही ढंग से लागू किए जाने की आवश्यकता है।

माननीय अध्यक्ष महोदया, अशिक्षित लोगों को मनरेगा ने कुछ हद तक रोजगार के अवसर दिए हैं, परन्तु मनरेगा में जो काम किए जा रहे हैं, उनमें कई कारणों से ग्रामीण शिक्षित बेरोजगार काम नहीं करना चाहते हैं। ये बेरोजगार खेती-बाड़ी में रुचि नहीं ले रहे हैं। इस शिक्षित ग्रामीण बेरोजगारी के चलते देश में युवा श्रम शक्ति का समुचित उपयोग करने के लिए यशस्वी प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी का गहनता से प्रयास जारी है। इसका असर भी देखा जा रहा है, लेकिन मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहती हूं कि क्या सरकार की वैसे ग्रामीण शिक्षित बेरोजगारों को, जो मनरेगा और खेती में बहुत रुचि नहीं ले रहे हैं, उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कोई कार्य-योजना है?

श्री सुदर्शन भगत: माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्या का आज जन्मदिन है, इसलिए मैं उन्हें बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

माननीय अध्यक्ष : क्या ऐसा है?

श्री सुदर्शन भगत: जी हां।

माननीय अध्यक्ष : मैं अपनी ओर से भी श्रीमती रमा देवी, माननीय सांसद को बधाई देती हूं।

श्री सुदर्शन भगत: महोदया, माननीय सदस्या ने काफी महत्वपूर्ण प्रश्न पूछा है और खासकर रोजगार के माध्यम से देश के युवा साथियों की चिन्ता की है। मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्या के ध्यान लाना चाहता हूं कि हमारे मंत्रालय द्वारा देश के ग्रामीण क्षेत्रों में राज्य सरकार या संघ राज्य के प्रशासनों के माध्यम से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधान मंत्री आवास योजना और प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना आदि ऐसे कई सामाजिक सहायता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ही रोजगार सृजन करना है।

महोदया, गरीब परिवारों को लोकप्रद स्वरोजगार उपलब्ध करा कर, गरीबी से उबारना, सामाजिक सुरक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं के प्रावधान के लिए ऐसे निम्नतम राष्ट्रीय मानक सुनिश्चित करके ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की स्थिति को कैसे सुधारा जा सके, इस प्रकार के प्रयास चल रहे हैं।ष

श्रीमती रमा देवी: माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं माननीय मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहती हूं कि हमारे देश में प्रति वर्ष, लाखों ग्रामीण शिक्षित जॉब मार्केट में आ रहे हैं, लेकिन उन्हें स्थाई रोजगार नहीं मिल पा रहा है। इसलिए संगठित एवं असंगठित क्षेत्रों में पर्याप्त रोजगार के अवसरों की अनुपलब्धता भारत सरकार के लिए गम्भीर चुनौती है। प्राकृतिक आपदा के समय ग्रामीण परिवार विशेषकर बच्चे, महिलाएं एवं वृद्धजन पीड़ित होते हैं। उनके रहन-सहन एवं भोजन की व्यवस्था के लिए गैर-सरकारी संगठनों को आगे आना चाहिए एवं इसके साथ ही साथ इस समस्या के समाधान के लिए विशेषरूप से ग्रामीण रोजगार कौशल विकास प्रशिक्षण संस्था चलाने जा रहे हैं। यह अच्छी बात है और यह संस्था प्रत्येक जिले में चल रही है, लेकिन मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहती हूं कि क्या मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर के अन्तर्गत शिवहर, सीतामढ़ी और पूर्वी चम्पारण जिलों में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कार्यरत हैं, यदि हां, तो इन संस्थानों द्वारा इस संसदीय क्षेत्र में किए गए कार्यों के परिणाम क्या निकले हैं?

श्री सुदर्शन भगत: अध्यक्ष महोदया, अभी माननीय सदस्या ने जो जानकारी चाही है, मैं बताना चाहता हूं कि हमने अपने युवा साथियों के लिए दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के माध्यम से कई प्रकार के रोजगार सृजित करने का प्रयास किया है। वर्ष 2012, जब से हमारा यह कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ है, तब से अब तक लगभग 7,75, 598 लोगों को हमने प्रशिक्षित किया है। इसी प्रकार, खासकर, रूरल मिशन के माध्यम से हम इस प्रकार के ग्रामीण क्लस्टरों में रोजगार सृजित करने के प्रयास कर रहे हैं। इसके माध्यम से वहां बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही साथ खास कर के मनरेगा के तहत जो कौशल विकास है, इसमें जहां सूखा एवं अन्य प्रकार की स्थितियां पैदा होती हैं, उनमें हमने प्रयास किया है, विशेषरूप से सूखा प्रभावित क्षेत्रों में कि प्रत्येक परिवार को 100 दिनों के रोजगार के अलावा हमने 50 दिन और बढ़ाने का काम किया है।

माननीय अध्यक्ष : श्री डी.एस. राठौड़ - उपस्थित नहीं।

46 प्रस्ताव नेशनल वाटर डेवलपमेंट एजेंसी के सामने पड़े रहे। इसमें आगे कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में ऑनरेबल सुप्रीम कोर्ट ने 27.2.2012 को निर्णय दिया - The hon. Supreme Court has directed that an appropriate body should be created to plan, construct and improve the interlinking of rivers programme for the benefit of the nation as a whole. यह फैसला देश की जनता के हित में था, देश के उन क्षेत्रों के हित में था जहां पानी का लैवल लगातार नीचे जा रहा है और लोगों को पलायन करना पड़ रहा है। यह अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। इन परिस्थितियों में देश के उच्चतम न्यायालय ने 2012 में फैसला दिया कि ऐसी बॉडी देश में क्रिएट करें जो क्षेत्रीय असंतुलन को दूर कर सके क्योंकि अगर एक जगह पानी का संकट है तो दूसरी जगह से पानी के संकट को दूर किया जा सके लेकिन तत्कालीन यूपीए सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया।

मैं माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी और माननीय मंत्री उमा जी को बधाई देना चाहता हूं कि 23.09.2014 को सरकार ने फैसला किया और स्पेशल कमेटी फॉर द इंटरलिंकिंग आफ रिवर्स का गठन किया। इसका गठन केवल कागजों पर नहीं हुआ है। इसकी अध्यक्षता माननीय मंत्री उमा भारती जी को करनी है। दो वर्ष भी नहीं हुए हैं, इन्होंने आठ बैठकें की हैं। आने वाले समय में दुनिया में पानी का संकट होने जा रहा है, हमें उम्मीद है कि भारत सरकार पानी के संकट से एक सक्षमपूर्ण ढंग से निपटने में कामयाब होगी।

महोदया, न केवल माननीय मंत्री की अध्यक्षता में कमेटी बनी बल्कि टास्क फोर्स 13.04.2015 भी बनाई गई ताकि जो बैठकें हो रही हैं, उनसे जो कन्कलून ड्रा करें कि नदियों को जोड़ने का काम किस तरह से कर सकते हैं। इसका गठन वास्तविकता के धरातल पर उतारने के लिए किया गया। टास्क फोर्स का गठन 13.04.2015 में हुआ है, उसकी बैठक 23.04.2015, 05.11.2015 और 28.04.2016 को हुई। देश और दुनिया में पानी का संकट पैदा हो रहा है, मैं बधाई देना चाहता हूं कि माननीय मंत्री जी लगातार इस बात के लिए चिंतित हैं कि नदियों को जोड़ने के प्रयास को सार्थकता पर कैसे उतार सकते हैं। इस दिशा में काम आगे हो रहा है।

इंटरलिंकिंग के लिए नेशनल परस्पेक्टिव प्लान बनाया है। इसमें नेशनल वाटर डेवलपमेंट एजेंसी के 16 प्रोजेक्ट पेनिनसुला कम्पोनेंट के हैं, हमारी नदियों के हैं, हिमालयन रेंज के हैं, नेपाल से नदियां निकलती हैं, कोसी, गंगा, जलकुंडी आदि नदियां निकलती हैं। हिमालयन कम्पोनेंट के 14 प्रोजेक्ट हैं।

माननीय अध्यक्ष जी, आप भी स्वयं इसके लिए प्रयास कर रही हैं क्योंकि लगातार पानी का संकट हो रहा है। मैं इसके लिए आपको बधाई दे रहा हूं।

महोदया, देश के माने-जाने व्यक्ति चाहे मंगला राय जी हैं, इंदिरा जी हैं या अन्य हैं, उन्हें आपने दो दिनों के लिए सांसदों के साथ बिठाया। सदन में प्रश्नकाल में इस विषय पर चर्चा हो रही है, आपने शून्यकाल में मौका दिया, इसके बावजूद भी कुछ लोग अखबारों में यह रिपोर्ट लिख रहे हैं कि लगता है कि पार्लियामेंट में इस गंभीर विषय पर चर्चा नहीं हो रही है। मैं निश्चित तौर से आपको बधाई दूंगा कि जिस तरीके से सूखे पर चर्चा सदन कर रहा है, सदन से बाहर ही चर्चा हो रही है और सांसदों को बताया जा रहा है कि वे अपने क्षेत्रों में जाकर इस समस्या से कैसे निजात पा सकते हैं, ग्राउंड वाटर को रेग्यूलेट करने के लिए हम क्या कर सकते हैं या मनरेगा के अंदर जल संचयन या वाटर रिसोर्सेस के कंजर्वेशन के लिए हम कौन-कौन से कदम उठा सकते हैं इस दिशा में भी सूखा संबंधित समस्याएं हैं, इनके समाधान की तरफ बढ़ेंगे तथा पेयजल प्रबंधन की समस्याओं के स्थायी समाधान की तरफ बढ़ेंगे। आज कृषि क्षेत्र सबसे महत्वपूर्ण है और कृषि क्षेत्र में अगर सूखा पड़ता है तो निश्चित तौर पर कृषि को प्रभावित करता है। कृषि से आज भी 50 प्रतिशत आबादी रोजगार प्राप्त करती है। हमारी जीडीपी में कहीं न कहीं कृषि का अंश कम हुआ है, यह भी चिंता का विषय है। उत्तर प्रदेश के 50 जनपद सूखाग्रस्त किए गए हैं। राधा मोहन जी बैठे हैं, केंद्र सरकार ने इस विषय में पहल की है, वे मेमोरेंडम की वेट नहीं करते हैं, इस बात का इंतजार नहीं करते हैं कि राज्य हमसे मांग करे, इसके बावजूद केंद्र सरकार ने डिजास्टर मैनेजमेंट रिलीफ फंड से राज्य डिजास्टर रिलीफ फंड के लिए केंद्रीय अंश का पहली किश्त के रूप में 2551 करोड़ रुपए दे दिए हैं। इसे दिया जा चुका है और वर्ष 2015-16 के लिए एसडीआरएफ के लिए धनराशि का समायोजन है वह 10275 करोड़ रुपए किया है। यह पिछले सालों की तुलना में दोगुना पैसा किया है। इसके लिए सरकार को बधाई है।

अध्यक्ष महोदया, आज सरकार को जिस तरह से किसानों की चिंता है कि पहले एक मानक था कि अगर 50 प्रतिशत से कम फसल की क्षति होगी, तो उन्हें कोई मुआवजा नहीं दिया जाएगा। मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग की भी चिंता की, उन्होंने किसानों की क्षति को देखा कि जिलों से प्रशासन की रिपोर्ट कभी भी पचास प्रतिशत की नहीं आती है। इस क्षति को पचास प्रतिशत से घटाकर 33 प्रतिशत कर दिया जिससे कि अधिक से अधिक किसानों को क्षतिपूर्ति मिल सके। आज भी किसान मानसून पर ही निर्भर करता है इसलिए जब ऐसा संकट छोटे और सीमांत किसान के सामने उत्पन्न हो जाती है तो वह इस संकट को झेल नहीं पाता है। पूरे विश्व की 17 परसेंट आबादी केवल भारत में रहती है लेकिन विश्व की कुल जमीन का केवल 2.3 परसेंट भारत के पास है और पूरी दुनिया में जो पानी की उपलब्धता है उसका केवल भारत के पास 4.2 परसेंट है। आप देख सकते हैं कि जमीन पर कितना ज्यादा

घनत्व है कि 111 के सापेक्ष 137 घनत्व है। जो 140 लाख बिलियन टन्स हम पैदा कर रहे हैं, वह आज भी पैदा कर रहे हैं। भारत में हम जो पानी यूज कर रहे हैं वह 27 परसेंट ब्लू वाटर है। चाइना में केवल 14 परसेंट है, यूएसए में 11 परसेंट है। हमारी आबादी तीन गुना बढ़ गई है। जमीन कम होती जा रही है। जमीन में जो कार्बन कंटेट पांच परसेंट होना चाहिए वह घटकर 0.25 परसेंट रह गया है। आने वाले दिनों में केवल भारत के सामने नहीं बल्कि पूरी दुनिया के सामने डिमांड के सामने सप्लाई का गैप 50 परसेंट होगा। कल मंगलवार को वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट आई है कि जल संकट के कारण देशों की आर्थिक वृद्धि प्रभावित होगी। यह बात केवल भारत के लिए ही नहीं है बल्कि पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। महोदया, मैं इस विषय पर चर्चा के लिए आपका आभार व्यक्त करूंगा कि आप केवल सूखे पर ही चर्चा नहीं करवा रही हैं बल्कि पेयजल के संकट की चर्चा और वॉटर रिसोर्सेस का मैनेजमेंट कैसे हो, पानी का दुरुपयोग न हो, पानी का संरक्षण हो, पानी का जल संचयन हो तभी हम आने वाले अपने लोगों को पीने का पानी दे सकते हैं।

वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में साफ तौर से कहा गया है कि दुनिया की जो बढ़ती हुई जनसंख्या है, उसका जो बढ़ता हुआ शहरीकरण है, उस आर्थिक वृद्धि के कारण, उससे पानी की मांग बढ़ेगी। यह भी कहा है कि जल-संकट, आर्थिक वृद्धि और विश्व की स्थिरता के लिए बड़ा खतरा होगा।

इसलिए यह स्वाभाविक है कि जो जलवायु परिवर्तन और जल-संकट की समस्याएँ बढ़ रही हैं, ये न केवल एक संकट पैदा करेगा, बल्कि लोगों को पलायन के लिए मजबूर करेंगी। हो सकता है कि आने वाले दिनों में दुनिया में पानी के लिए संघर्ष हो, ऐसी समस्या भी पैदा हो सकती है।

आज भारत को पेयजल की चुनौती और सूखे का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि दो वर्षों से लगातार सूखा पड़ा और देश में दोनों फसलें- रबी और खरीफ सूखे से प्रभावित हुए। देश के बड़े भू-भाग जो सूखे से प्रभावित हुए, उसके कारण जिस तरीके से हमारे जिलों की 33 करोड़ आबादी प्रभावित हुई है, उससे लगता है कि आने वाले दिनों में जलवायु परिवर्तन पर समय रहते हुए हमने कदम नहीं उठाया तो कहीं न कहीं पूरी दुनिया के सामने स्वच्छ जल दुर्लभ हो जाएगा। मैं कहना चाहता हूँ कि जो विश्व की तमाम अर्थ-व्यवस्थाएँ हैं, ये केवल हमारे देश को ही नहीं प्रभावित करेंगी, बल्कि इसका प्रभाव पश्चिम यूरोप, अमेरिका के ऊपर भी पड़ेगा। भारत और चीन जैसी उभरती हुई अर्थ-व्यवस्था के ऊपर प्रभाव पड़ेगा। ग्लोबल वार्मिंग से गर्मी बढ़ेगी, पहाड़ों पर हिमपात कम होगा, जिससे नदियों की जलापूर्ति कम होंगी। इसलिए ग्लोबल वार्मिंग हमारे लिए एक समस्या होगी क्योंकि जब इलाके गर्म होंगे तो उससे भू-जल का स्तर और नीचे गिरेगा। आज भू-जल का स्तर ऑलरेडी 41 सेंटीमीटर गिर चुका है।

जल संसाधन के बेहतर प्रबंधन के लिए आने वाले दिनों में हम कदम उठा सकें, मैं अपनी सरकार और माननीय प्रधानमंत्री जी को इस बात के लिए बधाई दूँगा कि उन्होंने सरकार में आने के बाद सबसे

पहला कदम यह उठाया कि आज देश में जो फसल चक्र है कि कहीं गन्ने की खेती में पानी ज्यादा लगने के कारण आज महाराष्ट्र में जो परिस्थिति है, कपास में, धान के फसल में जिस प्रकार की परिस्थितियाँ हैं, कुछ ऐसी फसलें हैं, जिनमें जरूरत से ज्यादा पानी की आवश्यकता होती है। इसलिए कौन-सी खेती की जाए, किसानों को इस बात की जानकारी देने के लिए सॉइल हेल्थ कार्ड की जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए प्रधानमंत्री जी ने फैसला किया कि हर किसान को सॉइल हेल्थ कार्ड दिया जाएगा ताकि किसानों को उनके खेतों की मिट्टी की जानकारी हो सके कि उसकी उर्वरा क्षमता क्या है। इसमें कौन-सी फसल बोयी जाए ताकि उसका उत्पादन अच्छा हो और जिसमें जल की कम आवश्यकता पड़ें। मैं समझता हूँ कि आज कन्याकुमारी से कश्मीर तक के किसानों के लिए सॉइल हेल्थ कार्ड को मिलना चाहिए। उत्तर प्रदेश में उस समय पंचायत चुनाव हो रहे थे। इसलिए यह कहा गया कि उस समय वहाँ कार्ड नहीं बांटे जाएंगे। दुर्भाग्य से आज भी उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए सॉइल हेल्थ कार्ड नहीं बन पाया है।

यदि केन्द्र सरकार इस संघीय ढ़ांचे में इस बात की कोशिश कर रही है कि हर किसान के पास उसके अपने खेत के हेल्थ की जानकारी हो कि मृदा में कितनी उर्वरा क्षमता है, उसके लिए उसे क्या ट्रीटमेंट करना है, उसमें कितनी खाद डालनी है, ऐसा तभी होगा, जब किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड मिल जाएगा। इसी के साथ किसानों के सामने सिंचाई का संकट है। प्रधानमंत्री जी ने पूरे देश के किसानों के प्रधानमंत्री सिंचाई योजना शुरू की, जबकि आप जानते हैं कि वाटर स्टेट सब्जेक्ट है और एग्रीकल्चर कन्करेंट सब्जेक्ट है, लेकिन हम ऐसा कहकर अपनी जिम्मेदारी से बरी नहीं हो रहे हैं। हमारी केन्द्र सरकार का पूरा फोकस इस बात के लिए है कि हम किस तरीके से किसानों को सिंचाई की सुविधा दे सकें। आज प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के तहत "पर ड्रॉप-मोर क्रॉप" की बात कही गयी है। हम चाहते हैं कि हर किसान एक-एक बूंद पानी से अधिक से अधिक क्रॉप पैदा कर सके।

माननीय अध्यक्ष : अब आप अपनी बात समाप्त करें। बाकी सदस्य भी बोलेंगे।

श्री जगदम्बिका पाल: मैडम, मुझे थोड़ा समय दें, मैं तीन-चार विषय बोलना चाहता हूं।

अभी तक राष्ट्रीय फसल बीमा थी, अब प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना शुरू की गयी है। अभी तक जो राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना थी, उसमें बहुत सी कठिनाइयां थीं। हम लोग अपने इलाके के किसान को कभी भी उस योजना में कवरेज नहीं दिला पाते थे। आज इस प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के आने के बाद, इसमें मिनिमम प्रीमियम पर किसानों को बीमा का लाभ उपलब्ध होगा। सबसे बड़ी बात है कि अगर खेत में खड़ी फसल का नुकसान हो गया, तभी उन्हें बीमा का लाभ मिलेगा, बल्कि अगर खेत में फसल की कटाई हो गयी, वह फसल अगर खेत में कटकर पड़ी हुई है और उसमें भी कोई जोखिम हो गया, उसमें आग लग गयी, तो उसका भी मुआवजा मिलेगा। जिस प्रकार कई दिनों से यह सवाल उठा कि उत्तर प्रदेश में, बिहार में लोग अपने खेत की फसल कटने के बाद उसका डंठल जला देते हैं, उसकी वजह से जिस

खेत में फसल खड़ी है, उसके भी जलने से नुकसान होता है, जिस तरह से राष्ट्रीय नुकसान होता है और जिस तरह से उस जमीन की उर्वरा शक्ति कम हो रही है, उसमें जो किसान-मित्र जीव जैसे केचुआ वगैरह रहते थे, वे मर रहे हैं, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। आज उस जोखिम को भी इसमें कवर करने की कोशिश की गयी है और बहुत व्यापक रूप से वह इसमें कवर होगा।

अध्यक्ष महोदया, कुछ ऐसी घटनाएं घटित हो रही हैं, जैसे आपने अभी देखा कि बुंदेलखण्ड में जालौन के एक नत्थू किसान की मौत हो गयी। चार दिनों से उनके घर में फाकाकसी चल रही थी, मैंने उस घटना को देखा, अखबारों में पढ़ा, टेलीविजन पर देखा, मैं उससे मर्माहत हूं। मैं बहुत भारी मन से इस विषय को कह रहा हूं। नत्थू किसान के छः बच्चे हैं, उसके घर में चार दिन से फाकाकसी चल रही थी, जब उसे मालूम हुआ के पास के कैला गांव में समाजवादी राशन का पैकेट मिलेगा। उसके लिए चार दिन का वह भूखा किसान जब घर से निकला और घर से निकलने के बाद रास्ते में उसे एक नल दिखाई दिया, वहां वह पानी पीने के लिए गया और वहीं उसकी मौत हो गयी। उसके बाद केवल वहां के खाद्य-रसद अधिकारी का तबादला हो गया। क्या उस अधिकारी के तबादले से नत्थू किसान वापस आ जाएगाi क्या उसके छः बच्चे, जो अनाथ हो गए हैं, उनको पिता का साया मिल जाएगाi जिस तरीके से तेलंगाना की घटना हुई, लातूर में आप देख रहे होंगे कि अगर वहां एक टैंकर पानी जाता है तो किस तरीके से लोग पानी वहां लेते हैं। बुंदेलखण्ड में चार वर्षों से बारिश नहीं हो रही है, वहां भयंकर पेयजल संकट है। राज्य सरकार लोगों को पानी नहीं दे पा रही है और केन्द्र सरकार की ओर से रेल मंत्रालय ने वहां पानी की एक ट्रेन भेजी है, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार और उसके प्रशासनिक अधिकारी कह रहे हैं कि हमें बुंदेलखण्ड में पानी की जरूरत नहीं है। वह ट्रेन वहां खड़ी है। जब दैवी आपदा आती है तो दुनिया के दूसरे देश भी सहायता करते हैं, हम पाकिस्तान की करते हैं, नेपाल की सहायता हमने की, इसी तरह अन्य देश हमारी मदद करते हैं। आज उत्तर प्रदेश में बुंदेलखण्ड में लोग पानी की कमी से मौत के मुहं में जा रहे हैं। केन्द्र सरकार ने लातूर की तरह ही वहां भी रेलगाड़ी से पानी भेज रहे हैं। मैं समझता हूं कि सभी जानते है कि बुंदेलखण्ड में पानी की कमी है और वहां ट्रेन पानी लेकर खड़ी है, उसका पानी लिया नहीं जा रहा है। मैं समझता हूं कि इससे ज्यादा अनुचित कोई बात नहीं हो सकती है कि एक तरफ पानी का संकट हो और दूसरी तरफ राज्य सरकार का पानी उतर गया हो कि पानी की ट्रेन मौजूद हो, उसके बावजूद पानी नहीं ले रहे हैं।...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) : अभी माननीय सदस्य और मुलायम सिंह यादव जी मिलकर कान में बात कर रहे थे। इंडियन एक्सप्रेस में आपकी ऐसी फोटो है।...(व्यवधान) अगर उस समय कान में यह बात बोल देते तो बुंदेलखण्ड का सवाल ही नहीं होता।

श्री जगदम्बिका पाल : जब आप खड़े होंगे तो आपके साथ भी मेरी फोटो आएगी। लेकिन मैं यह कहना चाहूंगा कि बुंदेलखण्ड की घटना वही है जैसे..(व्यवधान)

श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : खड़गे जी, आप क्यों खड़े हो गए, ये इन दोनों के बीच का मामला था। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : जगदम्बिका पाल जी, आपस में चर्चा मत कीजिए।

श्री जगदम्बिका पाल: महोदया, मैं क्षमा चाहता हूं।

महोदया, आज जो पेयजल का संकट है, उसी के संबंध में हम कहेंगे। आज बुंदेलखण्ड की स्थिति ऐसी है कि जैसे एक पथिक जा रहा था। एक पेड़ में सूखे के कारण आग लगी हुई थी। उस पेड़ पर पक्षी बैठे हुए थे। पत्तियां जल रही थीं। उस पथिक ने कहा- 'आग लगी है उस वृक्ष में, जलते इसके पात, तुम क्यों जलते पंछियों जब पंख तुम्हारे पास।' यह सवाल महत्वपूर्ण नहीं है कि जब पथिक ने पूछा कि जब पेड़ की पत्तियां जल रही हैं तो तुम्हारे पास पंख होने के बावजूद भी उस पर उड़ क्यों नहीं रहे होi उन पंछियों ने पथिक से कहा-'फल खाए इस वृक्ष के, बीट लथड़े पात, अब यही हमारा धर्म है जलें इसी के साथ।' बुंदेलखण्ड के लोग ऐसे ही संवेदनशील हैं, जो आज भी पलायन नहीं कर रहे हैं।

माननीय अध्यक्ष : प्लीज कनक्लूड कीजिए।

श्री जगदम्बिका पाल: महोदया, पांच मिनट दे दीजिए।

ग्राउण्ड वॉटर लाइफ लाइन है। 67 परसेंट ग्राउण्ड वॉटर से हम सिंचाई का काम कर रहे हैं, पानी पीने का भी काम कर रहे हैं। ग्राउण्ड वॉटर पर कल भी चिंता व्यक्त की गयी कि उसमें आर्सेनिक पाया जा रहा है, फ्लोराइड भी पाया जा रहा है। कहीं न कहीं हमें सर्फेस वॉटर का संरक्षण करना होगा। ग्राउण्ड वॉटर के संरक्षण के लिए सरकार द्वारा मनरेगा में सबसे ज्यादा धन दिया गया है। साथ ही साथ वॉटर मैनेजमेंट, कंजर्वेशन और ईरीगेशन पर किया गया है। इसके तहत उत्तर प्रदेश में 4323 केवल वॉटर कंजर्वेशन के लिए किया है, वॉटर शेड मैनेजमेंट के लिए 647 और ईरीगेशन के प्रोजेक्ट्स के लिए 3137 किया है। इस तरीके से सरकार ने चिंता की है।

मैं चाहूंगा कि कृषि मंत्री जी यहां बैठे हैं जब वह जवाब देंगे कि आप जो निधि आबंटित करते हैं, वह चाहे आप एसडीआरएफ में कर रहे हैं या हमारे ग्रामीण विकास मंत्री जी मनरेगा में कर रहे हैं, उन निधियों का उपयोग जल संरक्षण के लिए हो रहा है या नहीं, क्योंकि यह एक चिंता का विषय है। अगर जल संरक्षण नहीं हुआ। आज गांवों में तालाब सूख रहे हैं, उनका अतिक्रमण हो रहा है। जिस तरह से कुएं अब गांवों से लुप्त हो रहे हैं। कहीं एक-आध कुआं ही बचा है। हमारी सरकार ने मनरेगा के तहत कुएं और तालाब खोदने और गहरे खोदे जाएं, क्योंकि वॉटर तभी रिचार्ज हो सकता है, जब तालाब गहरा हो। आपने

देखा होगा कि नेपाल की फुलहिल्स 1475 किलोमीटर है जो टनकपुर से रक्सौल तक है। उत्तराखण्ड, यूपी और बिहार की जो सीमा नेपाल से मिलती है। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर, श्रावस्ती, महाराजगंज, कुशीनगर या बस्ती इत्यादि जनपदों में नेपाल नदियों का सिल्ट आ रहा है। रावती हो, बूढ़ी रावती हो, करनाली हो, बाणगंगा हो या कोसी हो। इन सारी नदियों का रिवर बैड जिस तरह से ऊपर आ रहा है, जब पानी बरसात में आता है तो हम उसका कंजर्वेशन नहीं कर पाते हैं और वह पानी इवेपोरेट होकर ऊपर चला जाता है। यह भी एक चिंता का विषय है कि हम सर्फेस वाटर को भविष्य में कैसे रेगुलेट करें तथा जो ग्राउंड वाटर है, उस वाटर को हम कैसे रेगुलेट करें, उस दिशा में हमें निश्चित तौर से एक प्लान बनाना होगा कि गांव का पानी गांव में रहे और खेत का पानी खेत में रहे। आज खेतों की मेड़बंदी नहीं हो रहा है। मैं समझता हूं कि हमारे पैनल ने जिस तरह से उन बातों को कहा, उससे कितना लाभ है कि आज उसकी स्थिति यह है कि अगर हर किसान...

माननीय अध्यक्ष : आप आप समाप्त कीजिए।

श्री जगदम्बिका पाल: महोदया, मैं दो मिनट और बोलूंगा। आज हर खेत की मेड़बंदी हो और अगर हर खेत के पानी को हम खेत में ही कंजर्व करेंगे तो यह काम बहुत अच्छे तरीके से होगा। मानसून के समय अब हमें इस बात के लिए विचार करना होगा कि वाटर हार्वेस्टिंग कैसे हो, इसके लिए आने वाले दिनों में हमें कानून भी बनाना पड़ेगा। क्योंकि जिस तरीके से अभी जल का दुरुपयोग हो रहा है, आपने पिछले दिनों उन घटनाओं को देखा, मैं उनके विस्तार में नहीं जाना चाहता। लेकिन आज प्रत्येक गांव में चाहे बाउली, तालाब, कूंए या नाले हों, हमें इन सबका संरक्षण करना होगा, इन सभी ढांचों का निर्माण करना होगा और नालों का संरक्षण करके इनके उपयोग के लिए योजना बनानी होगी।

इसके अलावा एलोकेशन ऑफ वाटर एंड ड्रिंकिंग वाटर के लिए भी हमें राष्ट्रीय जल नीति की प्राथमिकता तय करनी चाहिए, जिससे हम राष्ट्रीय जल नीति के अंतर्गत कहां कितने पानी की आवश्यकता है और कहां कितने वाटरशेड की जरूरत है, उस वाटरशेड के हिसाब से हम काम करें। हम पहले मुहावरा सुनते थे कि जल ही जीवन है, आज हम देखते हैं कि वाकई जल जीवन है, जब हम देखते हैं कि दुनिया या भारत के क्षेत्रों में सुनते हैं कि केवल जल के कारण या पेयजल के कारण मौतें हो गईं, किसानों ने आत्महत्या कर ली या बच्चे पानी के अभाव में मर गये। यह आज एक गंभीर चिंता का विषय है, उस दिशा में आज हमारी इस लोक सभा में बुंदेलखंड के हमारे सम्मानित सदस्य चाहे उत्तर प्रदेश के हों या मध्य प्रदेश के हो, वे कल नीति आयोग के वाइस-चेयरमैन से मिले, वहां उन्होंने चर्चा की, वहां खुद सुश्री उमा भारती जी गईं और उससे पहले बैठक हुई। आज कहीं न कहीं हम इस बात के लिए संवेदनशील हैं। लेकिन इस संघीय ढांचे में आज इसमें राजनीति नहीं होनी चाहिए। आज अगर केन्द्र सरकार डिजास्टर रिलीफ फंड के लिए पैसा दे रही है, हमने किसानों के पचास जिले सूखाग्रस्त घोषित कर दिये, उसके बावजूद भी उस पैसे

का वितरण न हो, अगर पानी भरकर पूरी ट्रेन जा रही हो, उसका ठीक से वितरण न हो तो यह उचित नहीं है। पहले केन्द्र सरकार के द्वारा सहयोग नहीं दिया जाता था, बार-बार मेमोरेंडम भेजा जाता था, रिमाइंडर आता था। लेकिन यहां केन्द्र सरकार इस बात के लिए खुद प्रयास कर रही है कि आप मेमोरेंडम भेजिये और यहां तक कि आपने देखा कि खुद प्रधान मंत्री जी केरल में गये, जम्मू-कश्मीर में गये, दैवीय आपदाओं में कितने ही राज्यों में खुद प्रधान मंत्री जी गये, उन्होंने अपने मिनिस्टर्स को भेजा और उन मिनिस्टर्स ने जिस तरीके से उस क्षति का आकलन किया और डिजास्टर रिलीफ फंड से पैसा दिया। लेकिन यह कोई स्थायी समाधान नहीं है कि हम रिलीफ देते जाएं, समाधान तो यह होगा कि आने वाले दिनों में हम इंटरलिंकिंग ऑफ रिवर्स, नदियों को जोड़कर देश की 125 करोड़ जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप पानी पहुंचा सकें, उस दिन हमारा लक्ष्य पूरा होगा।

इन्हीं शब्दों के साथ अध्यक्ष महोदया मैं आपको धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री अशोक शंकरराव चव्हाण (नांदेड़) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपका आभारी हूं कि आज देश में सूखे और पेयजल के संकट के विषय पर सदन में चर्चा हो रही है। आज हालात सिर्फ सूखे के नहीं हैं, बल्कि पूरे देश में इतने भयंकर हालात हैं कि सूखे से ज्यादा देश के दस से भी ज्यादा राज्यों में अकाल की परिस्थिति निर्माण हुई है। केन्द्र और राज्य शासन जहां-जहां है, यदि वे इस विषय को बहुत गंभीरता से भी लें तो भी इसका मुकाबला करना बड़ा मुश्किल है, ऐसी स्थिति आज निर्माण हुई है।

महोदया, जिन दस राज्यों के बारे में मैं यहां जिक्र करूंगा, उनके 240 जिलों की बात है, महाराष्ट्र, झारखंड, ओडिशा, तेलंगाना, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा अन्य भी कई राज्य हैं, जो धीरे-धीरे इस सूखे के लपेटे में आकर इतनी भयंकर स्थिति में पहुंच गये हैं कि अब वे अकाल की ओर बढ़ते जा रहे हैं।

जहां तक महाराष्ट्र के मराठवाड़ा के आठ जिलों का सवाल है, वहां के जो रिज़र्वायर्स हैं, डैम्स हैं, वहां सिर्फ आज के दिन में तीन प्रतिशत पानी की उपलब्धता रह गई है और आने वाले डेढ़ महीने हमें और निकालने हैं। पूरे राज्य का अगर ब्यौरा लिया जाए तो महाराष्ट्र के पूरे रिज़र्वायर्स में सिर्फ 19 प्रतिशत पानी आज उपलब्ध है। यह विषय इतना गंभीर है। आज मैं आपका आभारी हूँ कि आज इस चर्चा के लिए आपने विस्तृत तौर पर समय दिया है। अच्छा होता कि कृषि मंत्री के साथ-साथ वित्त मंत्री और गृह मंत्री अगर सदन में मौजूद रहते तो शायद इस पर और भी चर्चा हो सकती थी, क्योंकि यह विभिन्न डिपार्टमेंट्स से संबंधित विषय है। एनडीआरएफ से इसका संबंध आएगा तो गृह मंत्री उससे संबंधित है। कृषि मंत्री और वित्त विभाग संबंधित हैं। इन तीनों विभागों को मिलाकर अगर इस अकाल का हम लोग मुकाबला करेंगे, तब भी हम इसमें कहां तक कामयाब होंगे, इस पर जरूर शंका है।

महोदया, मैं पहले ही कृषि मंत्री जी को अवगत कराना चाहूंगा कि इस विषय पर राजनीतिक तरीके से पेश आने की हमारी भूमिका बिल्कुल नहीं है। इससे पहले भी दो या तीन बार सदन में कई प्रश्नों द्वारा इस विषय को उठाया गया है। आपने इस पर जवाब दिया है, परंतु ग्राउंड रियलिटी कुछ और है। आत्महत्याओं पर चर्चा हुई, जब आपने हमारे कहने से आपत्ति जताई परंतु आज आप खुद कबूल कर रहे हैं कि कितनी आत्महत्याएं पूरे देश में बढ़ गई हैं। हमारी बातों से भी ज्यादा सुप्रीम कोर्ट के जो रीसैंट जजमेंट्स अकाल के बारे में आए हैं, उन्होंने तो इस चीज़ को बड़ी गंभीरता से ले कर यह भी कहा कि केंद्र सरकार इस चीज़ को इतना कैज़ुअली कैसे ले रही है और दस ही राज्यों के अकाल के बारे में आपने क्या किया है। बार-बार सुप्रीम कोर्ट ने अपनी जजमेंट्स में जिक्र किया है। हाई कोर्ट में भी कई बार इसका जिक्र हुआ है। पूरे देश का 35 प्रतिशत एरिया सूखे की लपेट में आ गया है। जगदंबिका पाल जी ने जो जिक्र किया, वह तो लॉन्ग टर्म मेज़र्स हैं, मैं नहीं कहूंगा कि उन्होंने गलत कहा है। आज इमिजेट जरूरत है कि इस सूखे से निपटने के लिए तुरंत इंतजाम क्या करते हैं। राहत देने के लिए क्या करते हैं। लॉन्ग टर्म मेज़र्स

तो जरूरी ही है, लेकिन इसमें तुरंत क्या फैसला करने की आवश्यकता है, उस पर कितना अमल होता है, यह जरूरी है।

महोदया, महाराष्ट्र के लिए सूखा कोई नई बात नहीं है। सन् 1972 का जो सूखा है, जो अकाल की हालत थी, वह आज से भी भयानक थी। उस सयम भी पानी लाने के लिए बहुत दिक्कत थी, बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। साधनों के बावजूद भी उस वक्त प्रॉपर प्लानिंग और अच्छा नियोजन करने के बाद अकाल से सामना करने में आसानी हुई। उस वक्त खाने के लिए सुखड़ी और पानी ही मिलता था। ऐसे ही बुरे हाल में सन् 1972 का अकाल महाराष्ट्र ने बहुत करीब से महसूस किया है। मैं नहीं कहूंगा कि आज के हालात सन् 1972 जैसे हैं। परंतु अगर ध्यान नहीं दिया जाएगा और महीने-डेढ़ महीने में अगर बारिश नहीं आती है तो इससे भी बुरा हाल निश्चित तौर पर हो सकता है। हमें केंद्र शासन से यह उम्मीद है कि एक कॉम्प्रिहैंसिव स्टेटमेंट भारत सरकार से आना चाहिए। इस बारे में एक वाइट पेपर आना चाहिए कि क्या हालात हैं और हम क्या करने जा रहे हैं। हमने आज तक क्या किया है, उसके ऊपर एक प्रकाश डालने वाली बात बहुत जरूरी है। इसमें कोई राजनीतिक मामला नहीं है, परंतु मैं समझता हूँ कि सदन के सभी सदस्य, आज जो शुरूआत हुई है तो आप देखेंगे कि सभी लोगों के अपने-अपने राज्यों में जो हालात हैं, वह यही बुरे हाल हैं कि लोग चाहते हैं कि इसके ऊपर निश्चित तौर पर कोई ग्राउंड रियलिटी को ध्यान में रखते हुए लोगों को राहत देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा एक योजना अमल में लानी चाहिए।

मैं आपको एक छोटा सा उदाहरण इसलिए देना चाहूंगा कि ग्राउंड रियलिटी के बारे में एक-दो बार अभी आपके सामने मैंने जिक्र किया है, महाराष्ट्र शासन ने कुछ दिनों पहले जितने भी गांव सूखे से पीड़ित थे, उनकी एक सूची घोषित की है। लोगों ने कहा कि यह सच नहीं है। आपके राजस्व विभाग ने जो अनाउंसमेंट की है, जो लिस्ट पेश की है, वह गलत है। इससे भी ज्यादा गांवों की हालत खराब है। उनकी संख्या ज्यादा है। उनके मना करने के बाद जब हाईकोर्ट के सामने यह मामला गया तो हाईकोर्ट ने ग्राउंड की पूरी सच्चाई की, पूरे पेपर्स मंगवाए और उसके बाद में तकरीबन 16 हज़ार गांव नए सिरे से सूखा पीड़ित होने की घोषणा शासन को करनी पड़ी।

18.00 hours

यह सच्चाई हाई कोर्ट में जाने के बाद लोगों ने उसको महसूस किया है। बोलने का मतलब यह है कि ग्राउंड रिएलिटी जो है, वह कुछ और है और गवर्नमेंट की ओर से जो भी फैसले होते हैं, वे ग्राउंड रिएलिटी को बगल में रखते हुए होते हैं।

माननीय अध्यक्ष : अशोक जी, कृपया एक मिनट रूकिए। अगर हाउस की सहमति हो तो सभा का समय एक घंटे के लिए बढ़ा दिया जाता है।

श्री राजेश रंजन (मधेपुरा) : महोदया, इसके बाद जीरो ऑवर भी ले लीजिए।

माननीय अध्यक्ष : जीरो ऑवर भी ले लेंगे।

श्री अशोक शंकरराव चव्हाण: महोदया, हम लोगों ने बार-बार राज्य के मुख्यमंत्री जी से भी कहा, आपसे भी हमारी यह विनती रहेगी कि सभी पक्षीय एक बैठक बुलाई जाए। स्टेट के गवर्नर से भी हम लोग मिले और हमने कहा कि इसमें कोई राजनीतिक मामला नहीं है, पर अगर इन्टरैक्शन नहीं होता है, बातचीत नहीं होती है, क्या करना है, उसके बारे में कोई प्रोग्राम तय नहीं होता है, उसके अमल के बारे में एक मानीटरिंग नहीं होती है तो अगर सिर्फ अफसरों के भरोसे के ऊपर हम रहते हैं तो आज जो लातूर में हालात हम लोग देख रहे हैं, अन्य जिलों में भी हालात देख रहे हैं, अगर शुरू से, पहले से ही इसका नियोजन किया जाता तो लातूर को पानी ट्रेन से आने की नौबत नहीं आती। हमारी आज भी आपसे विनती है कि उसकी एक सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए। हर स्टेट में बुलाएं। दिल्ली में सभी स्टेट्स की बैठक बुलाना मुंमकिन नहीं है, लेकिन अगर सभी राज्यों में सर्वदलीय बैठक बुलाकर गंभीरता से इसके ऊपर चर्चा की जाए तो मेरे ख्याल से इसमें निश्चित तौर पर फायदा होगा। आपको अचम्भा इस बात का होगा कि कई जिलों के लोग माइग्रेशन करके मुम्बई की ओर जा रहे हैं। इस बात में तो सच्चाई है। लातूर के लोग तो जा ही रहे हैं, बीड के लोग जा रहे हैं, नांदेड़ के लोग जा रहे हैं, मराठवाड़ा के आठ जिलों के लोग जा रहे हैं, परभनी के लोग हैं, बाकी जिलों के लोग भी हैं, जो मुम्बई माइग्रेट हो रहे हैं। सरकार ने असेम्बली में जो बयान किया है कि ऐसा कोई माइग्रेशन मुम्बई की ओर नहीं हो रहा है।

श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : इस सरकार को कितने दिन हुए हैंi आपने कितने दिन शासन कियाi छह महीने में सब इस सरकार ने कर दिया।

श्री अशोक शंकरराव चव्हाण: मैं इसी बात पर आ रहा हूँ।

श्री राजीव सातव (हिंगोली) : आप एक साल से पानी नहीं दे पा रहे हैं।

श्री अशोक शंकरराव चव्हाण : महोदया, आपसे मैंने पहले ही कहा था कि इसमें कोई राजनीति नहीं है। अकाल कोई पॉलिटिकली मोटिवेटिड इश्यू नहीं है कि राजनीति के कारण या सरकार आने के कारण ऐसा हुआ है, ऐसा मैं नहीं कह रहा हूँ। मेरा यह कहना है कि क्यों नहीं हम सब मिलकर इसका मुकाबला करके जो ग्राउंड रिएलिटी है, उसको ध्यान में रखते हुए तुरन्त फैसलें करें। यह हमारी माँग है। सरकार किसी की भी हो, हमारी सरकार रहती तो भी हम आज यही कहते।

श्री निशिकान्त दुबे : आप 15 साल रहे।

श्री अशोक शंकरराव चव्हाण: कोई दिक्कत नहीं है। मैं तो कहता हूँ कि इस सरकार को भी इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। माइग्रेशन की बात पर सरकार ने असेम्बली में कहा कि माइग्रेशन नहीं हो रहा है। पिछले दिनों हमारे शिव सेना के एकनाथ शिंदे ने ठाणे में, वे वहाँ के पालक मंत्री हैं, गार्डिअन मिनिस्टर हैं,

उन्होंने खुद बयान किया कि मैंने ठाणे में कैम्प्स खोले हैं और कैम्प्स में हम लोगों को मदद कर रहे हैं, वहाँ वे लोगों को खाना खिला रहे हैं। बात यह है कि ग्राउंड रिएलिटी कुछ और है और इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

महोदया, खास तौर पर हमारी माँग इस सरकार से है कि जो फैसले तुरन्त करने की आवश्यकता है, जो ऋण लिया गया है, जो कर्जा किसानों ने लिया है, उस कर्जे को तुरन्त माफ करने की आवश्यकता है। गवर्नमेंट ऑफ इन्डिया से हमने कई बार रिक्वेस्ट की कि बैंकों को आप इंस्ट्रक्शंस दें। स्टेट गवर्नमेंट से हमने रिक्वेस्ट की। आप बात करते हैं कि पुनःर्गठन करेंगे, रीशेड्यूल्डिंग करेंगे। आपको पता है कि पिछले तीन साल से लगातार सूखा इस देश के कई राज्यों में है। सूखे के कारण जब उसकी आमदनी ही कुछ नहीं है तो रीशेड्यूल करने के बाद में वह पैसा कैसे वापस करेगा, यह अहम सवाल मंत्री जी मैं आपसे यहाँ पर पूछना चाहूँगा। मैं बार-बार गंभीरता से इस बात को कह रहा हूँ कि अगर इस ऋण को माफ किया जाएगा तो उसका पूरा कर्जा हट जाएगा। उसके ऊपर जो ब्याज लग रहा है, वह भी खत्म हो जाएगा और आने वाले खरीफ सीजन में अगर उसको सीड्स और फर्टिलाइजर हम मुफ्त में दे दें तो आने वाले सीजन से एक नई शुरूआत वह अपनी जिन्दगी की कर सकता है। वरना आप तो देख ही रहे हैं कि आत्महत्याओं का प्रमाण जो है, तीन हजार से भी ज्यादा लोगों ने आत्महत्या की है। इतनी आत्महत्याएं जब एक राज्य में होती हैं तो गंभीरता होनी चाहिए, आपने तो शुरू में इन्कार कर दिया था कि इतनी आत्महत्या नहीं हुई हैं। बाद में आपकी खुद स्टेटमेंट है कि रोज 9 लोग राज्य में आत्महत्या कर रहे हैं। जब 9 लोग रोज आत्महत्या कर रहे हैं तो एक साल, वर्ष 2015 में तीन हजार से भी ज्यादा लोग जब आत्महत्या कर रहे हैं तो आप उसकी गंभीरता समझ सकते हैं। इसीलिए मेरी आपसे रिक्वेस्ट है, विनती है कि यह जो कर्जा लिया गया है, अगर उसे हम माफ कर देंगे, हम तो उसके मरने के बाद लाख रूपए उसके परिवार को देते हैं, मेरी रिक्वेस्ट आपसे यह है कि जिन्दा रहते हुए उसका ऋण तो माफ कीजिए ताकि वह जिन्दा रह सके और लाख रूपए मरने के बाद मिलने से ज्यादा जिन्दा होते हुए अगर पैसे मिलते हैं तो उसको फायदा होगा। यह मेरी आप सबसे, सरकार से दरख्वास्त है।

मेरी रिक्वैस्ट है कि इसको आप गंभीरता से लीजिए। आज जो पैसा आप खर्च करेंगे, आज इतना पैसा करोड़ों में खर्च हो रहा है, उससे अच्छा है कि यह कर देंगे तो उससे निश्चित तौर पर किसानों को राहत मिलेगी। मैं यह नहीं कह रहा हूँ कि सुसाइड्ज़ कंप्लीटली बंद हो जाएँगे, ऐसा मेरा दावा नहीं है। पर वह जो फिगर है, वह कहीं न कहीं कम हो जाएगी और एक नई शुरूआत करने के लिए उसका फायदा होगा। आपने 3000 करोड़ रुपये महाराष्ट्र के एन.डी.आर.एफ से दिये। हम आपका शुक्रिया अदा करते हैं। पर मैं यह भी कहूँगा कि यह सबसे ज्यादा राशि नहीं है। इससे पहले भी, हमारी सरकार के वक्त भी इससे भी ज्यादा राशि दी गई है। मैं कंपैरिज़न नहीं कर रहा हूँ। कहने का मतलब यह है कि जब ज़रूरी होता है

तो करना पड़ता है। पर मेरा यह कहना है कि पैट्रोल और डीज़ल के ऊपर जब स्टेट गवर्नमैंट ने अकाल की स्थिति से निपटने के लिए दो रुपये प्रति लीटर ज्यादा पैसे लगाए, पैसा इकट्ठा करने के लिए प्रति लीटर दो रुपये पैट्रोल और डीज़ल पर जब लगाया जाता है, जब क्रूड आइल के प्राइसेज़ देश में गिर जाते हैं तो मैं समझता हूँ कि इस देश में राशि की कोई कमी नहीं होनी चाहिए अकाल से वारफुटिंग पर निपटने के लिए। इसलिए पैसे के ऊपर आप इसमें यह मत रखिए कि 4000 रुपये दिए या 3000 रुपये दिए। जितना ज्यादा पैसे की आवश्यकता हो, उसके पूरे अधिकार डिस्ट्रिक्ट के कलैक्टर्स को अगर आप डैलीगेट करते हैं, आज क्या होता है कि डिस्ट्रिक्ट के कलैक्टर के पास कुछ अधिकार नहीं हैं। स्टेट गवर्नमैंट जब पैसा देगी, तब भी आता है। मनरेगा के काम के बारे में मैं ज़िक्र करूँगा। मनरेगा के काम में आज जितनी संख्या होनी चाहिए, मैं फिगर्स लेकर आया हूँ कि आज मनरेगा के जो काम स्टेट में हो रहे हैं, तकरीबन 53 हजार लोग मनरेगा पर आज इस मराठवाड़ा के आठ जिलों में काम कर रहे हैं। यह आज की लेबर की अटैन्डैंस है जो काम हो रहा है। अध्यक्ष महोदया, यह फिगर मैंने इसलिए बयान किया कि बहुत कम फिगर है। एक-एक जिले में 50-50 हजार लोग मनरेगा के ऊपर काम में आते हैं क्योंकि उनके पास कोई काम नहीं है, कोई आमदनी नहीं है, कुछ फायदा नहीं है। वे रोज़गार की तलाश में हैं, पर मामला यह है कि ज़िले का कोई भी अफसर आज मनरेगा में सैंक्शन करने के लिए तैयार नहीं है। वह डर रहा है कि मैं अगर सैंक्शन करूँगा तो 156(3) के तहत मेरे ऊपर मुकदमा चालू हो जाएगा, क्योंकि इसमें नॉर्म्स रिलैक्स करने की आवश्यकता है। मनरेगा के कामों में जितने ज्यादा ऐसी अकाल की परिस्थितियों को मंज़ूर करेंगे, ज्यादा लेबर अटैंडेंस बढ़ेगी। मराठवाड़ा के आठ जिलों की अटैंडैंस 53000, यह बहुत कम है। मेरी गुज़ारिश है कि आप इसके ऊपर ध्यान दीजिए। आप उसकी मॉनीटरिंग कीजिए। मुझे पूरी उम्मीद है कि आपको हर जिले में 50 हजार लोग मिलेंगे, चाहे वह बीड हो, लातूर हो, उस्मानाबाद हो। सबसे बड़ा सूखे से प्रभावित जो क्षेत्र है, एक-एक जिले में 50-50 हजार लोग कम से कम वहाँ आ जाएँगे। पूरे आठ ज़िलों में 50 हज़ार। इसका मतलब यह है कि गवर्नमैंट की यंत्रणा में नीचे जो लोग काम कर रहे हैं, उनकी इसमें काम करने की इच्छा नहीं है। कई अफसर तो छुट्टी पर चले गए, काम नहीं करना चाहते हैं, डर के मारे नहीं करना चाहते हैं। ब्यूरोक्रेसी को आपको सपोर्ट करना पड़ेगा, उनसे काम लेना पड़ेगा और उनको हिम्मत देनी पड़ेगी कि आप काम कीजिए हम आपके साथ हैं। यह मैंने ज़रूरी समझा इसलिए इस बात के ऊपर मैंने आपका ध्यान आकर्षित किया।

सभापति महोदया, टैंकर की स्थिति यह है कि तकरीबन 3000 टैंकर आज मराठवाड़ा के क्षेत्र में चल रहे हैं। टैंकर की कोई कमी नहीं है, टैंकर की उपलब्धि है। सवाल यह है कि कितने टैंकर सही इस काम में लगे हुए हैं, कहीं टैंकर माफिया तो इसका फायदा नहीं उठा रहा है। पैसा तो मिल रहा है, टैंकर चल रहे हैं, पर कई राज्यों में यह चल रहा है कि टैंकर का माफिया इसमें उतरा हुआ है। जीपीएस सिस्टम

नहीं होने के कारण एक टैंकर ने कितना ट्रिप लगाया, इसका हिसाब किसी के पास नहीं है और जितना पैसा आ रहा है, क्या वह लोगों तक पहुँच रहा हैi 144 तक लग चुकी है। हमारे कई दोस्तों ने ज़िक्र किया कि टैंकर जहाँ जा रहा है, वहाँ झगड़ा हो रहा है, लोग इकट्ठा हो रहे हैं, वहाँ एक-एक टैंकर के पीछे पाँच-पाँच हज़ार लोग इकट्ठा हो रहे हैं। पानी भी वहाँ पर देना मुश्किल हो गया है। ऐसी हालत में वहाँ धारा 144 लगाने की पुलिस को जब नौबत आती है तो आप हालात समझ सकते हैं कि वहाँ के हालात कितने गंभीर हो चुके हैं। टैंकर माफिया पूरे देश के हर जिले में कहीं न कहीं लगा हुआ है जो इस अकाल की परिस्थिति का फायदा उठाकर पैसे निकलवाने में लगा हुआ है। मेरी आपसे रिक्वैस्ट है कि इस पर ध्यान देने की ज़रूर आवश्यकता है जिसकी वजह से जो दिया हुआ पैसा है, उसका कहीं पर गलत इस्तेमाल न करें और उसका फायदा हमको लोगों को पहुँचाना चाहिए।

अध्यक्ष महोदया, राहत पहुँचाने के लिए कुछ चीज़ें करना ज़रूरी है। हम देखते हैं कि लातूर की एक स्वाति टिकले नाम की बच्ची बस का पास नहीं होने के कारण स्कूल या कालेज में नहीं जा पाई और 260 रुपये नहीं होने के कारण उसके द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया। यह बड़ी ट्रैजिक बात है, स्कूल के विद्यार्थी, कालेज के विद्यार्थी ऐसी हालत में भी स्कूल-कालेज में जाते हैं, घर के हालात इतने अच्छे नहीं हैं कि बस का पास भी बनवा सकें। मेरी आपसे यह गुजारिश है कि कम से कम इस पूरे साल भर में बच्चों की एजुकेशनल फीस को पूरा माफ करने की आवश्यकता है। एग्जामिनेशन की फीस हम माफ कर रहे हैं, पर मैं कहूंगा कि बच्चों की पढ़ाई के लिए जो बच्चे जा रहे हैं, उनकी फीस इन जिलों में, जहां-जहां सूखा प्रभावित क्षेत्र हैं, उनकी पूरी फीस माफ करने की आवश्यकता है। एजुकेशनल फीस को माफ करके ऐसी कोई बच्ची स्वाति के जैसी न हो, जिसको ऐसी नौबत आये।

सवाल किसानों की आज की जो आमदनी है, उसके बारे में आपकी सरकार ने कहा कि किसानों को हम उनके कास्ट्स के ऊपर उसका 50 प्रतिशत फायदा होना चाहिए, उसके ऊपर उसको प्रोफिट होना चाहिए, यह हमारी उम्मीद है, हम इस काम में लगे हुए हैं। इस विषय पर सरकार क्या कदम उठाने जा रही है, खास करके ऐसे हालात में, जब तीन साल लगातार सूखे की चपेट में पूरे देश के दस राज्य जा रहे हैं, तब किसान की आमदनी किस तरीके से बढ़ाई जायेगी, मैं समझता हूं कि सुप्रीम कोर्ट में जो एफीडेविट सरकार की ओर से दिया गया है, उसमें यह कहा गया है कि हम यह नहीं कर पाएंगे। यह सुप्रीम कोर्ट में आपने बयान किया है। आपका घोषणा-पत्र एक है, सरकार ने जो एफीडेविट हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट में दिया है, वह कुछ अलग है तो हम मंत्री जी से जानना चाहेंगे...(व्यवधान)

कृषि और किसान कल्याण मंत्री (श्री राधा मोहन सिंह) : समर्थन मूल्य एक अलग विषय है और हमारी सरकार ने और हमारी पार्टी ने भी चुनाव के पहले किसान की आमदनी को 50 फीसदी बढ़ाने की बात की

थी, उस पर आज भी कायम हैं और आज तो हम इस दिशा में बढ़ रहे हैं कि आय दूनी की जाये। किसानों की आय बढ़ाना और समर्थन मूल्य बढ़ाना दोनों दो विषय हैं। ...(व्यवधान)

श्री अशोक शंकरराव चव्हाण : ठीक है, मैं आभारी हूं। आप जवाब में बोलिये, मुझे कोई दिक्कत नहीं। मैं तो खाली आपको याद दिला रहा हूं।...(व्यवधान)

श्री राधा मोहन सिंह: कोई कन्फ्यूज़न नहीं रहे, सुप्रीम कोर्ट का एफीडेविट दूसरा विषय है और किसानों की आय बढ़ाना, लागत कम करना, 50 फीसदी कि दोगुना, ये दोनों अलग विषय हैं।

श्री अशोक शंकरराव चव्हाण : मंत्री जी, मुझे कोई आपत्ति नहीं है, अगर मेरा बयान गलत होगा तो बिल्कुल आप जवाब दीजिएगा। सवाल सरकार के अमल करने का है, अगर वे कर सकते हैं तो हमें इसमें खुशी होगी, इसमें कोई दिक्कत नहीं है।

मनरेगा की बात मैंने पहले की, 12 हजार करोड़ रुपये भारत सरकार ने मनरेगा के लिए रिलीज़ किया। मैं माननीय मंत्री जी को खास तौर पर यह बताना चाहूंगा कि मनरेगा के काम और भी ज्यादा होने के लिए सवाल यह है कि स्किल्ड, अनस्किल्ड का जो पैसा लोगों को मिलना है, अभी कई राज्यों में पैसा नहीं मिला है। 12 हजार करोड़ रुपये में से आठ हजार करोड़ रुपये तो पुराने बिल्स चुकाने में लगे हैं तो आज जो काम मनरेगा में हो रहे हैं, लेबर को काम देने के बाद में अगर उसको उसका लेबर पेमेण्ट नहीं होगा तो मनरेगा का काम सक्सेसफुली इम्प्लीमेंट नहीं होगा, यह खास करके मंत्री जी का ध्यान मैं इसलिए उसके ऊपर आकर्षित कर रहा हूं कि मनरेगा का पेमेण्ट अगर वक्त पर होता है तो उसका फायदा निश्चित तौर पर किसानों को होगा, यह मैं खास तौर पर बताना चाहूंगा।

अगर पूरे क्रॉप कंडीशंस का जायजा लिया जाये तो खरीफ और रबी मिलाकर तकरीबन 20 हजार करोड़ रुपये से भी ज्यादा नुकसान पूरे भारतवर्ष में हुआ है। इतना नुकसान रबी और खरीफ सीजन का हुआ है तो यह मैं इसलिए कह रहा हूं कि इसको ध्यान में रखते हुए किसानों को राहत देने के बारे में क्या हम निश्चित तौर पर कदम उठा सकते हैं, इसके बारे में तुरन्त यह फैसला करने की आवश्यकता है।

मंत्री जी के एक बयान पर हमें जरूर आपत्ति है, मैं इसका जिक्र यहां पर खास तौर पर करना चाहूंगा। उन्होंने कहा कि सूखे का कारण महाराष्ट्र का जो है, इसके लिए जिम्मेदार शुगर प्लांट्स हैं। मैं समझता हूं कि हमारे मंत्री जी बहुत जिम्मेदार हैं और उनकी ओर से ऐसा स्टेटमेंट आना बिल्कुल उचित नहीं है। हम इसे व्यक्तिगत तौर पर मैं इसलिए कहता हूं कि इसे पर्सनली न लें, मेरी आपसे यह रिक्वैस्ट है।

माननीय अध्यक्ष : मंत्री जी, आप इसे समझ लीजिए।

श्री राधा मोहन सिंह: मेरा विषय आ गया, मेरा बयान है। मैंने राज्य सभा में भी कहा है और यहां भी कहा है और अभी जगदम्बिका पाल जी भी बोल रहे थे कि पानी की ज्यादा खपत इसमें होती है। अखबारों में बहुत

समाचार आये। हमने इसी हाउस में कहा है कि इस सम्बन्ध में मराठवाड़ा पर अलग चर्चा होनी चाहिए, चूंकि इस प्रकार के समाचार बहुत आ रहे हैं।

माननीय अध्यक्ष : प्लीज़, आप अपना अनुभव बताएं। आप भी मुख्यमंत्री रहे हैं। क्या बात है, वह आप बताइए। अगर आपको लगता है कि यह सुगरकेन के कारण नहीं हो रहा है तो आप वैसी बात बताएं।

श्री अशोक शंकरराव चव्हाण: अध्यक्ष महोदया, महाराष्ट्र में सुगरकेन प्लांट्स ज्यादातर को-ऑपरेटिव सेक्टर में है। सुगरकेन एक कैश क्रॉप है। कॉटन एक कैश क्रॉप है। खासकर, मराठवाड़े के क्षेत्र में सुगरकेन के ज़रिए किसानों को अच्छा पैसा मिलता है और वह मिलता आ रहा है। सरकार ने एफ.आर.पी. देने के लिए बहुत ज़ोर लगाया है। हमारा यह कहना है कि सिंचाई की जो सुविधा है, उससे सुगर फैक्ट्रीज को पानी नहीं मिलता है, बल्कि किसानों को पानी मिलता है। किसानों के खेतों में जो गन्ना होता है, उसे किसान फैक्ट्रियों में बेचते हैं और इसके ज़रिए जो पैसा आता है, वह किसानों को मिलता है। यह सिर्फ फैक्ट्रीज को ही नहीं, बल्कि बड़े पैमाने पर उससे रोज़गार मिलते हैं। सिर्फ सुगर प्लांट्स ही नहीं, बल्कि वहां जो बाकी के प्लांट्स हैं, उनमें भी पानी लगता है। सुगर प्लांट्स महाराष्ट्र में चल रहे हैं, इसलिए सिर्फ महाराष्ट्र में सूखा है क्याi मैं कहूंगा कि उत्तर प्रदेश में क्या हाल हैi अगर अकाल का कारण सुगर प्लांट्स हैं, तो क्या यह लॉजिक सिर्फ महाराष्ट्र के लिए लागू होता हैi मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश हर जगह सुगर प्लांट्स हैं। यह जो आपका लॉजिक है, वह सही नहीं है। आपके बयान से पूरे देश में गलत मैसेज जा रहा है। यह मेरी आपसे रिक्वेस्ट है। यह मैसेज नहीं जाना चाहिए। यह मेरी आपसे गुजारिश है।

अध्यक्ष महोदया, जहां तक इस सूखे के कैस्केडिंग इफेक्ट का सवाल है, तो वह क्रॉप कंडीशंस पर तो ज्यादा हो ही गया है और जो प्राइसेस है, उसके ऊपर भी हो गया है। आम आदमी के जीवन पर हो गया है। आपने देखा कि अरहर दाल, उड़द दाल, चना दाल जैसी जीवनावश्यक चीज़ों की कीमतों में बढ़ोतरी तकरीबन 150% से 200% तक हुई है। इसे भी कंट्रोल में रखने की आवश्यकता है। आप इम्पोर्ट कीजिए या आप जो भी करना चाहें, आप जरूर कीजिए। इसका असर जो आज हमारे मुल्क में हुआ है और यह राइजिंग प्राइसेस का जो मामला है, उसके ऊपर आपको ध्यान देने की आवश्यकता है।

अध्यक्ष महोदया, मैं तीन-चार चीज़ों की अपेक्षा मंत्री जी से करना चाहूंगा। आज प्रश्न काल में डि-सैलिनेशन प्लांट का ज़िक्र हुआ। यह हमारे लौंग टर्म की आवश्यकता है। हम सोचते हैं कि अभी बारिश हो जाएगी और हम सब भूल जाएंगे कि अकाल में क्या करना चाहिए। सरकार शायद इंतज़ार ही कर रही है कि महीने भर के बाद बारिश आ जाएगी और फिर कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जो भी कोस्टल स्टेट्स हैं, उनमें अगर डि-सैलिनेशन प्लांट्स लगाए जाएं तो अच्छा होगा। यह इंवेस्टमेंट है। सरकार को इसमें कुछ मदद करनी होगा। तमिलनाडु में और अन्य जगह ये लगे हुए हैं। पूरे भारतवर्ष में जो कोस्टल

स्टेट्स हैं, जिनके पास समुद्र का किनारा है, वहां हम लोगों को डि-सैलिनेशन प्लांट्स बड़े पैमाने पर देना चाहिए।

कुछ माननीय सदस्यों ने नदी जोड़ो प्रकल्प का ज़िक्र किया। राजेन्द्र सिंह जी, जो इस मामले के एक्सपर्ट हैं, उनका बयान आज सबेरे ही मैं सुन रहा था। उन्होंने कहा कि उसके लिए रिवर कनेक्टिविटी कोई इलाज नहीं है।

इसमें दो चीज़ें हैं। इसे समझने की जरूरत है। कहीं पर पानी को लेकर अन्तर्राज्यीय झगड़े शुरू हो गए। आंध्र प्रदेश और महाराट्र में बावली प्रोजेक्ट के ऊपर झगड़ा हो गया। महाराष्ट्र के नांदेड़, परभनी में प्रॉब्लम हो गया है। जायकवाड़ी प्रकल्प को लेकर मराठवाड़ा, उत्तर महाराष्ट्र और पश्चिम महाराष्ट्र में झगड़ा शुरू हो गया है। मेरी गुज़ारिश यह है कि इसका फैसला करने से पहले वहां पानी की उपलब्धता क्या है, इसके ऊपर ध्यान दीजिए, वरना हर एक स्टेट में पानी के ऊपर झगड़ा हो जाएगा। वाटर रेगुलेटरी कमीशन काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने पॉलिटीकल डिसीजन कह कर इसे सरकार के ऊपर छोड़ दीजिए। पर, यह मामला पॉलिटीकल नहीं, बल्कि एडमिनिस्ट्रेटिव है। पानी की उपलब्धता किन-किन राज्यों में है और उसे ध्यान में रखकर इसे करना क्या वाएबल है, फिजीबल है या नहीं है, इसे सोचकर ही इसके ऊपर फैसला करने की आवश्यकता है।

अध्यक्ष महोदया, मनरेगा का काम ज्यादा से ज्यादा मंज़ूर कीजिए। आत्महत्याग्रस्त जो भी कुटुम्ब हैं, उन्हें सरकार एक लाख रुपए देती है। इसे बढ़ाकर पांच लाख रुपए करने की आवश्यकता है। यह एक लाख रुपए का नॉर्म बहुत पुराना है। मैं समझता हूं कि उसे आज की हालात में रिवाइज करने की आवश्यकता है। अगर उन्हें पांच लाख रुपए की राशि मिलती है, तो अच्छा होगा। उनकी जो फैमिली है, उसे पेंशन देने की आवश्यकता है। जैसे कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने उनके परिवारों के लिए दो हजार रुपए की पेंशन शुरू की है। हमारा रिक्वेस्ट है कि इस पर विचार करें।

खाद, फर्टिलाइजर्स और सीड्स को आने वाली खरीफ सीजन के लिए अगर आप बिना मूल्य देते हैं, तो मैं समझता हूं कि हमारी जो कर्ज़ माफी की मांग है, जिस पर मैं निश्चित तौर पर अभी भी कायम हूं, उस पर आप गौर करें। यही मेरी आपसे अपेक्षा है।

माननीय अध्यक्ष : यह जो चर्चा है, इसे कल कांटीन्यू करेंगे। अभी हम जीरो ऑवर प्रारम्भ कर लेते हैं। We will continue it tomorrow.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर): अध्यक्ष महोदया, सुरक्षा एजेंसियां देश के लिए बहुत महत्पवूर्ण होती हैं, क्योंकि अंदरूनी और बाहर की जितनी जानकारी हमें आई.बी., रॉ ये सब एजेंसीज देती हैं, उसके आधार पर केन्द्र राज्य को पूरी जानकारी देता है अगर कोई आतंकवादी घटना होने वाली है। पूर्व की यूपीए सरकार के समय पूरा प्रयास किया गया कि जितनी एजेंसी थीं, उनका मनोबल भी तोड़ दिया जाए और जितने ईमानदार व्यक्ति थे, उनको भी खत्म करने का पूरा प्रयास किया गया तो पूर्व की यूपीए सरकार के समय किया गया। उस समय के गृह मंत्री ने, जो एक समय पर वित्त मंत्री भी रहे, निशीकान्त जी ने एक दिन अपने भाषण में भी कहा कि वे देश के खातों को संभालने के बजाए ...* अपने बेटे के खातों को संभालने में लगे रहे। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नाम किसी का नहीं जाएगा।

...(व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर : मैडम, यह तो रिकार्ड पर है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप अपनी बात कहिए।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नो नेम।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) : यह क्या हैi ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : बोल दिया है मैंने, नो नेम।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : जीरो ऑवर में ऐसे मुद्दे उठाए जा रहे हैं, खासकर कांग्रेस को डीफेम करने के लिए। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अनुराग जी, अपनी बात कहिए।

...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Nothing would go on record.

... (*Interruptions*)... *

* Not recorded.

माननीय अध्यक्ष : केवल अनुराग सिंह ठाकुर जी की बात रिकार्ड में जाएगी। आपस में ऐसा नहीं जाएगा।

… (*Interruptions*)…*

माननीय अध्यक्ष : नाम नहीं लेना है, आपको मालूम है।

…(व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: मैडम, देश की सुरक्षा इसलिए महत्वपूर्ण है कि जो ईमानदार अधिकारी उस समय काम कर रहे थे, उनको प्रताड़ित करके दबाने का प्रयास किया गया और सुरक्षा एजेंसियों को जो जानकारी मिली …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप कहना क्या चाहते हैंi

…(व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: मैडम, यह इसलिए जरूरी है कि वर्ष 2004 से लेकर 2016 हो गया, 12 साल हो गए, आज भी अगर हम देखें तो जो ईमानदार अधिकारी थे, आज भी उनको न्याय नहीं मिल पाया। जो लोग इसमें इनवॉल्व थे, क्या उनके खिलाफ आज की सरकार ने कोई कार्रवाई की हैंi

इशरत जहां केस में पूर्व की यूपीए सरकार अपने समय यह कहती थी कि इशरत जहां आतंकवादी नहीं थी। जब उन्होंने कहा, साथ ही साथ लश्करे तोइबा की वेबसाइट ने भी उसको अपना शहीद घोषित करने के बजाए उसको कह दिया कि हमारी जेहादी नहीं थी।

माननीय अध्यक्ष : यह पहले उठ चुका है। आप नई बात बताइए।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर : इसका मतलब जिस तरह से कांग्रेस निर्णय लेती थी, उसी तरह से लश्करे तोइबा भी साथ के साथ निर्णय किया करती थी। मैडम, मुझे आपके माध्यम से पूछना है, दो बार इस पर चर्चा हुई। …(व्यवधान) क्या कहाi …(व्यवधान) मैडम, यह रिकार्ड पर है कि जिस दिन कांग्रेस पार्टी ने, उस समय की यूपीए सरकार ने कहा, एफिडेविट में बदलाव किया, उसी दिन बदलाव उनकी वेबसाइट पर भी हुआ। …(व्यवधान) यह किसी से छिपा नहीं है। इसी हाउस में इसकी चर्चा हुई। मुझे आपके माध्यम से केवल गृह मंत्री से इतना पूछना है, वे बार-बार स्टेटमेंट बाहर देते हैं, कमेटी को पूछा गया कि जो फाइल्स मिसिंग थीं, क्या वे फाइल्स वापस मिल पाई हैंi …* के समय, जो फाइल्स उन्होंने कहा कि मैंने एफिडेविट साइन नहीं किया, उन्होंने एक ट्वीट करके कहा,

> "As Minister, when it was brought to my notice that the first affidavit was ambiguous which was filed without my approval, it

* Not recorded.

was being misinterpreted and it was my duty to correct the first affidavit. So, we filed a supplementary affidavit after consulting the Home Secretary, the Director of Intelligence Bureau and other officers."

मैडम, इससे स्पष्ट पता चलता है कि उन्होंने पहला एफिडेविट चेंज किया, लेकिन अब उन्होंने बाद में कह दिया कि मुझे यह याद नहीं कि मेरे उसमें हस्ताक्षर थे या नहीं। क्या केन्द्र सरकार फारेंसिक लैब को भेजकर यह पता करवाएगी कि उन्होंने पहले पर साइन किए या नहींi केन्द्र सरकार ने उनके ऊपर क्या कार्रवाई की और कांग्रेस पार्टी ने भी पूर्व गृह मंत्री के खिलाफ क्या कार्रवाई की हैi जो अफजल को कहते हैं कि उनकी फांसी समय से पहले हो गई, तो क्या कांग्रेस उनसे सहमत हैi जो यह कहते हैं कि इशरत आतंकवादी नहीं थी, तो क्या आप मानते हैं कि इशरत आतंकवादी नहीं थीi इसका पता लगना चाहिए और केन्द्र सरकार ने इसके ऊपर क्या कार्रवाई की हैi

माननीय अध्यक्ष : श्री पी.पी.चौधरी, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री शरद त्रिपाठी, श्री चन्द्र प्रकाश जोशी, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री रमेश बिधूड़ी और श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को श्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्रीमती रंजीत रंजन (सुपौल) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से एक रिक्वेस्ट जरूर करूंगी कि अगर जीरो अवर की यह परंपरा हुई तो हम विपक्ष में बैठे हैं, हर जीरो अवर में आप के खिलाफ ही मैटर शुरू हो जाएगा, हर जीरो अ आवर में यही प्वाइंट उठाना शुरू कर देंगे।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप अपनी बात कहिए।

श्रीमती रंजीत रंजन : मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहती हूं कि मध्याह्न भोजन के रसोइया होते हैं, आशा महिलाओं को प्रसूति में अस्पताल लेकर जाती हैं और आंगवाड़ी की सहायिका और सेविकाओं के दर्द को रखना चाहूंगी।

मध्याह्न भोजन में रसोइया, जो महिलाएं भी होती हैं और पुरुष भी होते हैं, जो खाना बनाते हैं, उनको मात्र साढ़े बारह सौ रुपये मिलते हैं। यह कहां का न्याय है कि एक दिन काम के 50 रुपये भी, 1500 रुपये भी उनको नहीं दिए जाते हैं। मैं केन्द्र सरकार से निवेदन करूंगी कि इस महंगाई को देखते हुए, आप महंगाई कम नहीं कर पाये, रसोइया को कम से कम डेली 200 रुपये मिलना चाहिए, कम से कम उन्हें 3000 रुपये महीना मिलना चाहिए।

'आशा' जिनका कोई मानदेय तय नहीं किया होता है, वे प्रेगनैंट विमेन को लगातार नौ महीने तक अपने ऑब्जर्वेशन में रखती हैं, तीन बार अस्पताल ले कर जाती हैं, फिर उनको हफ्ते में पोलियो के ड्रॉप और इंजैक्शन लगवाएंगी, उनको छः सौ रुपये मिलते हैं और खिलाने-पिलाने में मात्र ढ़ाई सौ रुपये मिलते

हैं। वह अपने बच्चों को किस तरह से पालेंगी। उनसे इलैक्शन में काम लिया जाता है, उनसे पोलियो ड्रॉप पिलाने का भी काम लिया जाता है तो क्या यह गरीबी का मजाक नहीं उड़ाया जाता है कि उनके पास कोई काम नहीं है, इसलिए वह छः सौ रुपये के लिए काम करती हैं। इतना ही नहीं अगर वह महिला को अस्पताल में लेकर आती है और वह खुद बाथरूम या शौचालय चली गयी, उसके न रहते हुए बच्चा हो जाता है तो उसको उस छः सौ रुपये से भी अलग कर दिया जाता है, नहीं दिया जाता है कि 'आशा' वहां पर उपस्थित नहीं थी।

जो सहायिका और सेविकाएं हैं, हम लोगों ने बहुत कहा तो मानदेय 3000 रुपये से 3750 रुपये हो गया और सहायिका के मानदेय 2240 रुपया हो गया। उन्हें 21 रजिस्टरों में पंजीकृत किया जाता है, उन्हें ब्लॉक में हर हफ्ते बुलाया जाता है, जिसका किराया भी नहीं दिया जाता है और अन्य 50 कार्य उनसे कराये जाते हैं।

मैं फिर आपके माध्यम से कहूंगी कि केन्द्र सरकार को इन तीनों पर, उनकी गरीबी के साथ मजाक हो रहा है, इन तीनों का मानदेय बढ़ाना चाहिए और 'आशा' को परमानैंट करना चाहिए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री राजीव सातव, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री चन्द्र प्रकाश जोशी, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री अश्विनी कुमार चौबे, श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और श्री हरिओम सिंह राठौड़ को श्रीमती रंजीत रंजन द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI JAYADEV GALLA (GUNTUR): Madam Speaker, we have seen how Shaktiman, the police horse in Dehradun succumbed to injuries recently. It is not just Shaktiman, but there are hundreds and thousands of animals which are subjected to cruelty day-in-and-day-out and people either go scot-free or come out freely by paying a paltry penalty of Rs. 50 prescribed under Prevention of Cruelty to Animals Act, 1960.

There are organizations working in the area protecting animals and Blue Cross of Hyderabad is one such organization which is working in the area of animal welfare for the last more than two decades. This organization and similar such organizations are receiving complaints of animal cruelty – from acid attacks, brutal stoning, hunting, beating, illegal transport and even poisoning – everyday. It is happening in spite of the fact that our Constitution says that it is the Fundamental Duty of every citizen to be compassionate to all living creatures. Secondly, animals are one of the most important components, other than plants

and microbes, of our ecosystem. So, protection of animals is all the more important for survival and existence of humankind.

Penalty imposed for abuse of animals under Prevention of Cruelty Act is too meagre. Hence, law enforcement agencies, animal welfare organizations and activists have been demanding for increasing the penalty to deter cruelty against animals. It is pertinent to mention that Wildlife Protection Act has been amended to strengthen penal provisions, but not the PCA.

In view of this, I request the Ministry of Environment and Forests to take steps to amend the Prevention of Cruelty to Animals Act and increase stringent penalties for abuse of animals.

माननीय अध्यक्ष : श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री जैदेव गल्ला द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री राजेश रंजन (मधेपुरा) : अध्यक्ष महोदया, दिल्ली एनसीआर समेत सभी छोटे-बड़े जिलों में, आपकी जानकारी में है कि आज देश चाहे वह भुनेश्वर हो, जबलपुर हो या भोपाल हो, एक सौ शहरों में कम से कम 50 लाख से ज्यादा फ्लैट्स खाली हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के मुताबिक 1,47,00,000 घर गरीबों को चाहिए। 30-35 करोड़ लोगों के पास न जमीन है और न ही मकान है। 17,550 प्रोजैक्ट्स लॉंच किए गए। इस देश में 17,000 बिल्डर्स हैं और अफसर, राजनीतिज्ञों और कुछ दलालों की मिलिभगत से किस कदर, लगातार एबीपी न्यूज और आज तक न्यूज चैनल, एबीपी न्यूज ने तो 14,500 लोगों के बारे में बताया है। किस तरह पैसा वापस नहीं किया जा रहा है। लोग पूरी जिंदगी नौकरी का एक-एक पैसा एकत्र कर सेवानिवृत हो गए। फिर भी उनके पास छत नहीं है। ऑपरेशन गृह में जेपी, सुपरटैक, गौड़, आम्रपाली जैसे बिल्डर, नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा, मैडम, आप यादव सिंह के बारे में जानती हैं। इंडिया बुल्स का मालिक श्री गहलोत, हीरानंदानी के निरंजन हीरानंदानी, लोधा ग्रुप के मंगल प्रभात, ओबराय रियल्टी के विकास ओबराय, पारवंत के प्रदीप कुमार जैन, युनीटैक, गोदरेज, जेपी इन्फ्राटैक, डीबी रियल्टी, ओमैक्स, शोभा डैवलपर, एचडीआईएल, टाटा हाउसिंग, रहेजा कंस्ट्रक्शन, महिन्द्रा लाइफ, पेनिंसुएला लैंड पिरामल्स, प्रेस्टिज इस्टे के रजाक सत्तार, अंसल हाउसिंग के लाला चिरंजीलाल अंसल, मंटी रियल्टी के सुशील मंत्री।

18.31 hours (Shri Pralhad Joshi *in the Chair*)

सभापति महोदय, किस तरह रियल एस्टेट का जाल बिछा हुआ है। बिल्डरों द्वारा 5 से 10 साल तक मकान नहीं दिया जाना, रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। परिणामस्वरूप लोग अपने ही मकान में अवैध तरीके से रह रहे हैं। आपको आश्चर्य होगा कि रियल एस्टेट और दलालों का असर जीडीपी पर पड़ता है।

पटना से गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, भागलपुर और छोटे शहर, आज जमीन दलाल, मैं न्यायिक जांच के साथ सीबीआई जांच की मांग करता हूं। हिन्दुस्तान में बिल्डर इस सरकार से मिलीभगत करके, पूंजीपतियों के साथ मिलीभगत करके, पॉलिटिशियन्स से मिलीभगत करके आम जनता, गरीबों को कैसे सता रहे हैं।...(व्यवधान) इस पर इन्क्वारी हो और बिल्डरों को जेल भेजा जाए। जिसके साथ सांठ-गांठ है, उसकी इन्क्वारी करके राजनीतिज्ञों को जेल भेजा जाए। यह बहुत जरूरी है, इसलिए मैं आपसे मांग करता हूं।

माननीय सभापति : कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री राजेश रंजन द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक (हरिद्वार): श्रीमन्, उत्तराखंड, हिमालय देश के लिए सामरिक दृष्टि से हो, देश की एकता-अखंडता की दृष्टि से हो, पर्यावरण की दृष्टि से हो, विविधता की दृष्टि से हो, गंगा की दृष्टि से हो, चार धाम योजना की दृष्टि से हो, हर दृष्टि से देश और दुनिया के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हिमालय सबसे बड़ा युवा पर्वत, बिल्कुल यंग सात लाख वर्ष पुराना, बहुत संवेदनशील है। इस हिमालय को भारत भाल भी कहते हैं और देव आत्मा हिमालय भी कहते हैं। यह भारत का गौरव है, सीमाओं का प्रहरी है। यह एशिया का वाटर टावर है। इससे न केवल आधा एशिया पेयजल लेता है बल्कि अन्न का उत्पादन भी होता है। मै समझता हूं कि हिमालय के क्षेत्र केवल पर्वत श्रृंखला नहीं हैं बल्कि यहां रहने वाले लोग देश के लिए एक पूंजी हैं। यहां के पशु-पक्षी हों चाहे वन पर्यावरण हो, नदी हो, हिमनद हो, प्राकृतिक सौन्दर्य का विषय हो, ये सब संकट में हैं। इसलिए आपने देखा है कि वनों में वनाग्नि लगने से अरबों-खरबों रुपये की सम्पत्ति ही नष्ट नहीं हुई बल्कि जैव विविधता को बहुत बड़ा संकट हुआ है। पशु-पक्षी हजारों की तादाद में राख में मिल गए। धरती की ऊष्णता बढ़ी है तो ग्लेशियर पिघल कर पीछे जा रहे हैं। इससे संकट होगा। इसी का परिणाम है कि यहां भूकम्प आता है, भूस्खलन भी आता है। 1991 के भूकम्प और भूस्खलन में चमोली जिला हो, उत्तरकाशी जिला हो, सैंकड़ों लोग हताहत हुए थे। केदारनाथ जैसी आपदा में 24 राज्यों के हजारों लोग हताहत हुए। ऐसी ही आपदा श्रीनगर, जम्मू कश्मीर से लेकर नेपाल तक गई है। हिमालय की टोटल बैल्ट बहुत ही अस्थिर है। यह देश और दुनिया के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए मैं आपसे विनम्र अनुरोध करना चाहता हूं कि हिमालय जो दुनिया के लिए अमूल्य निधि है, इसकी सुरक्षा बहुत जरूरी है, लोगों की रक्षा बहुत जरूरी है। यह पर्यावरण की दुनिया की पहली पाठशाला है और इसमें दुनिया के लोगों के तन और मन को ठीक करने का भी मादा है।

इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि आपदा संभावित विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में पूर्व चेतावनी नेटवर्क की तत्काल स्थापना करे जिसके तहत डॉप्लर रडार हो, लाइटनिंग सेंसर हों, रेनफॉल मोनिटरिंग सेंसर हो, इसके अतिरिक्त आपदा के कार्यक्रमों और क्रियान्वयन करने के

लिए अत्याधुनिक तकनीक हो, विशेषज्ञतायुक्त सरकारी और गैर-सरकारी संगठन हो जिसमें चाहे पुलिस हो या आईटीबीपी हो, एसएसबी हो, सेना हो, वायु सेना, अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं हों, आपदा संस्थाएं प्राधिकरण हो, सभी में समन्वय होना चाहिए। समय रहते इनका काम नहीं हो पाता। पूरी दुनिया में उत्तराखंड में में साढ़े बारह हजार वन ग्राम पंचायतें हैं, डेढ़ लाख से भी अधिक लोग अपने प्राणों को हथेली पर रखकर वनों की रक्षा करते हैं। इनको ट्रेंड होना चाहिए। आईटीबीपी के साथ समन्वय आना चाहिए। इस पर एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर का संस्थान बनना चाहिए जिससे पूरे हिमालय की रक्षा हो सके।

माननीय सभापति : श्री कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री सुधीर गुप्ता, श्री शरद त्रिपाठी और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI KONDA VISHWESHWAR REDDY (CHEVELLA): Mr. Chairman, Sir, cotton is a rain-fed crop and it used to be a low investment one. But now with bio-technology and other technologies and companies like Monsanto coming in, it has become a very high investment crop. Most of the farmers who commit suicides are cotton farmers. In Telangana, one crore acres of cultivation is there, of which 42 per cent is cotton cultivation.

My specific point is this. The WTO agreement is impacting the cotton farmers. The WTO agreement signed in Nairobi in December 2015 was intended to remove trade distorting subsidies to ensure wider market access to developing countries. However, India got a raw deal. The WTO Ministerial Decision on Cotton mandates developed countries to eliminate export subsidies on cotton from the adoption date of the decision; and developing countries, including India, by January, 2017. Just six months away we have to remove it.

We have not listed out all the direct and indirect subsidies in other countries like the United States, the Europe and Australia.

HON. CHAIRPERSON: What is your demand? You place your demand before the Government.

SHRI KONDA VISHWESHWAR REDDY: I think we need to re-look at what we have negotiated in the World Trade Agreement. We request the Government to look into the matter of the subsidies that the other countries are offering. In fact,

we have to look at the subsidies that the other countries are offering to cotton, soaybean, wheat and corn farmers. If they do not grow anything on their land, they get subsidy. … (*Interruptions*)

In Telangana, in Rangareddy District, in Chevella, Vikrabad, Pargi, Tandur, huge cotton farming is taking place. They are taking the burden of this commitment that we have made in the WTO.

I would urge the Government to put in place protective measures for our cotton farmers. Further, in the next WTO Ministerial Conference India should stand the ground and enter into agreement only if it protects the interests of our cotton farmers. Thank you.

श्री निशिकान्त दुबे : सभापति महोदय, मैं जिस राज्य से आता हूं वहां का इलाका संथाल परगणा है आज वह पर साइबर क्राइम की गिरफ्त में है। आप हमारे यहां का अखबार निकालेंगे और फ्रंट पेज छह जिले में साइबर क्राइम के बारे खबरें मिलेगी। संथाल परगना साइबर क्राममम का सबसे बड़ा अड्डा हो गया है। जय प्रकाश जी भी बगल में बैठे हैं। मैं 2007 की एक रिपोर्ट देख रहा था, 20 मई, 2007 की रिपोर्ट है, यह उस समय यूपीए की ही सरकार थी। In West Bengal, police arrested Mohammed Sayeed from Jandara district in the State of Jharkhand in connection with the May 18 Mecca Masjid Blast in Hyderbad, Capital of Andhra Pradesh. मलियाचक के बाद यह दूसरा न्यूज है, मालदा की घटना के बाद नारकोटिक्स डिपार्टमेंट का एक रिपोर्ट है वह कह रहा है कि Narcotic money is at the heart of lawlessness in Malda bordering Bangladesh. Police say a large portion of this drug money goes into buying sophisticated weapons, smuggled through the porous Bangladesh border and running hundreds of unrecognised Madrasas in the district border areas like Gopalganj, Baliganga, Kalichak, Mohabbatpur, Motihari and Danga are now the epicentre of anti-national activities.

सभापति महोदय, मैं जो मुद्दा उठा रहा हूं, वह कोई हिन्दू और मुसलमान का नहीं है। मैं बार-बार यह मुद्दा उठाता हूं और पूरे सदन से आग्रह करता हूं कि यह मुद्दा है बांग्लादेश के घुसपैठियों का और हिन्दुस्तान में रहने वाले लोगों का। हिन्दुस्तान में रहने वाले लोग हिन्दू, मुस्लिम, सिख और ईसाई, सभी का यह देश है। इसमें किसी को कोई कन्फ्यूज़न नहीं है, लेकिन जो लोग बांग्लादेश से आते हैं या पाकिस्तान

से आते हैं, वे घुसपैठिए हैं, वे देशद्रोही हैं। यह समझने की बात और इसमें वोट बैंक की कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए।

महोदय, पाकिस्तान का ग्रेटर बांग्लादेश बनाने का सपना अधूरा रह गया था। यह खुलासा, जब श्री एस.के. सिन्हा, असम के गवर्नर थे, तब उन्होंने एक 42 पेज की रिपोर्ट दी थी, उससे होता है। उन्होंने रिपोर्ट में कोट किया था कि उस वक्त यदि बारदोलई साहब नहीं होते, तो 1947 में ही असम, ईस्ट बंगाल का पार्ट होता, मतलब बांग्लादेश का पार्ट होता। इसी कारण से पूरी की पूरी डेमोग्राफी है, फिर चाहे वह असम की, उसके प्रत्येक जिले की, सारे के सारे जिलों की, फिर चाहे बंगाल से सटा हुआ जिला हो, चाहे बिहार हो, चाहे झारखंड, जहां से मैं आता हूं, वह हो। वहां प्रत्येक 25 साल में 77 प्रतिशत मुस्लिम पॉपुलेशन बढ़ जाती है जबकि हिन्दू पॉपुलेशन केवल 42 परसेंट बढ़ती है। इस कारण से वहां का पूरा का पूरा माहौल बिगड़ा हुआ है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से दो आग्रह करना चाहता हूं कि जो इंदिरा-मुजीबुर्रहमान पैक्ट हुआ था, उसके कारण समस्या है। दूसरा श्री राजीव गांधी साहब ने 1985 में एक असम-एकॉर्ड किया था, जो अब आउट डेटेड हो गया है। उसे सुप्रीम कोर्ट ने भी खत्म कर दिया है। इसलिए मेरी मांग है कि जितने भी बांग्लादेशी माइग्रेंट हैं, उन्हें बाहर करने के लिए भारत सरकार कोई न कोई कानून बनाए और कम से कम इन दोनों एक्ट्स को रीविजिट करे। मेरा आपके माध्यम से सिर्फ यही आग्रह है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय सभापति: माननीय सदस्य, श्री निशिकान्त दुबे द्वारा सदन में उठाए गए मुद्दे से सर्वश्री चन्द्र प्रकाश जोशी, सुधीर गुप्ता, भैरोंप्रसाद मिश्र, कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, पी.पी. चौधरी एवं श्री शरद त्रिपाठी अपने आपको सम्बद्ध करते हैं।

माननीय सभापति: श्री हुक्मदेव नारायण यादव - उपस्थित नहीं।

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : माननीय सभापति महोदय, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मेरा संसदीय क्षेत्र राजस्थान का चुरू है, जहां हमेशा सूखे की मार पड़ती है। किसान बहुत मेहनत कर के खेती करता है। जो मेरा क्षेत्र है वह अधिकतर वर्षा पर निर्भर रहता है।

महोदय, आज की तारीख में, एक बहुत बड़ी समस्या जो गांवों में नजर आती है और जिसके बारे में किसान हमेशा बात करते हैं, वह आवारा पशुओं की है। यह ऐसी समस्या बन गई है कि जब दिसम्बर में ठंड पड़ती है, तो चुरू में टेम्परेचर माइनस में चला जाता है और उस टेम्परेचर में किसान एक खेत से दूसरे खेत में पशुओं को निकालने का ही कार्य करता है। हर गांव में 200 से 250 तक की संख्या में आवारा पशु इकट्ठे हो चुके हैं। इससे गांव में सिक्योरिटी का भी एक बहुत बड़ा इश्यू क्रिएट होता है।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि गांवों के अंदर जहां गोचर भूमि हो, उन गोचर भूमियों की तारबन्दी करा कर, वहीं पर उनकी कोई न कोई व्यवस्था की जाए और पंचायत को पैसा देकर उन्हीं को उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी सौंपी जाए अन्यथा किसानों के लिए सब्सीडाइज्ड रेट्स पर तारबन्दी की व्यवस्था की जाए, ताकि बरसात में जो किसान अपनी फसल बो रहे हैं, वे उसे सुरक्षित कर सकें। समय देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय सभापति: माननीय सदस्य, श्री राहुल कास्वां द्वारा सदन में उठाए गए विषय से सर्वश्री चन्द्र प्रकाश जोशी, सुधीर गुप्ता, भैरोंप्रसाद मिश्र, कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, पी.पी. चौधरी एवं श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत अपने आपको सम्बद्ध करते हैं।

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) : माननीय सभापति महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र टीकमगढ़ के अंदर ओरछा पर्यटन केन्द्र की ओर आपका ध्यान आकार्षित करना चाहता हूं। ओरछा वह नगरी है, जहां पर राम राजा सरकार का मंदिर होने के साथ ही साथ पर्यटन केन्द्र के रूप में प्राकृतिक सौदर्य बिखरा पड़ा है।

आदरणीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ओरछा के प्राकृतिक सौंदर्य के बारे में मन की बात कार्यक्रम में भी उल्लेख किया था। वहां स्थित ऐतिहासिक मंदिर और किले कारण देशी पर्यटकों के साथ ही विदेशी पर्यटक भी बहुत बड़ी संख्या में ओरछा आते हैं और रिवर राफ्टिंग करते हैं। वे वहां बिखरे प्राकृतिक सौंदर्य को देखने के साइकिल लेकर जंगलों में चले जाते हैं।

सभापति महोदय, इसके साथ ही साथ इस स्थान पर, हमारे देश के अमर शहीद श्री चन्द्र शेखर आजाद जी, गुप्त वास के दौरान, साधुवेश में, सातार नदी के तट पर, हनुमान मंदिर के किनारे रहे थे। वहां उन्होंने एक बावड़ी अपने हाथों से खोदी थी। वह बावड़ी आज भी वहां पर है। मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान इस बात की ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि वहां के युवा आज भी प्रतिवर्ष् 27 फरवरी को मशाल लेकर ग्वालियर आते हैं।

महोदय, ऐसे ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व रखने वाले पर्यटन स्थल पर फिल्मी दुनिया के बड़े-बड़े प्रोड्यूसर फिल्मों की शूटिंग करने के लिए आते हैं। इसलिए मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि श्री चन्द्र शेखर आजाद जी द्वारा खोदी गई बावड़ी को संरक्षित कर के, ओरछा को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किए जाने के लिए तुलसी एक्सप्रैस, उदयपुर-वाराणसी एक्सप्रैस और बुन्देलखंड एक्सप्रैस ट्रेनों का स्टॉपेज दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही साथ, वहां के लिए, देश के विभिन्न भागों से हवाई सेवाएं प्रारम्भ की जाएं, ताकि देशी और विदेशी पर्यटक बड़ी संख्या में आ सकें।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, श्री वीरेन्द्र कुमार जी द्वारा सदन में प्रस्तुत किए गए विषय से सर्वश्री शरद त्रिपाठी, सुधीर गुप्ता, भैरोंप्रसाद मिश्र, चन्द्र प्रकाश जोशी, श्री कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल अपने आपको सम्बद्ध करते हैं।

SHRI B. SRIRAMULU (BELLARY): Mr. Chairman, Sir, I represent Bellary Parliamentary Constituency of Karnataka. I would like to bring to the attention of the Government that there is no drinking water facility in Morarji Desai Residential School which is situated in Yerragudi village in Bellary Taluk which falls under my Lok Sabha Constituency. This village borders Alur Taluk of Andhra Pradesh. In this village, Morarji Desai Residential School had 535 students when this school started three years ago. There is no drinking water facility to this school though the water source of Tungabhadra Canal is within three kilometres from the school. A local youth, who has a mobile water tanker, provides water to the school free of cost as part of his social service. This is the position till today since the school started functioning three years ago. If any student manages to get a tumbler of water, others snatch it from him. This is the plight of the students there.

Sir, there is research evident that links the availability of permanent classrooms, textbooks, desks, libraries, and running water which is essential to take up education in rural areas. A child's attention cannot be focused on learning every day in open air when there are hundreds of distractions in the fields and villages that surround classrooms. Learning is not possible in deplorable conditions as classrooms need major repairing. The classrooms are so dark and airless that students can hardly see the black board. So, adequate drinking water, shade, proper lighting, ventilation and proper spaces in classrooms are all aspects of classroom design which can contribute to a better and conducive learning environment.

There is also a need to focus on the use of other elements of school infrastructure such as latrines and separate latrines for girls are very important. That is why I requested the State Government to direct the District Administration to prepare the line estimate so that the scheme could be executed and children are provided with drinking water in their school. There are various schemes to provide drinking water under Border Area Development Fund, Scarcity Relief Fund for

which the Deputy Commissioner is the Chairperson of Rajiv Gandhi Technology Mission, MPLAD Fund and MLA Grants.

So, I demand that the Government should take necessary steps to provide drinking water facility to students in Morarji Desai Residential School situated in my Bellary constituency.

HON. CHAIRPERSON: Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri B. Sriramulu.

श्री मानशंकर निनामा (बांसवाड़ा) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि मेरा संसंदीय क्षेत्र बांसवाड़ा-डुंगरपुर वन और पहाड़ वाला इलाका है। यहां गर्मी के महीने शुरू होते ही पानी की जबरदस्त किल्लत हो जाती है। कई स्थानों पर पानी लाने के लिए लोगों को कोसों दूर जाना पड़ता है। ऐसे में वहां के लोग, विशेषकर महिलाओं का जीवन भी संकट में रहता है।

सभापति महोदय, यहां पानी के स्त्रोत नदी-नालों के रूप में उपलब्ध हैं, लेकिन छिछला ताल होने के कारण वह पानी बह जाता है। मेरी आपसे प्रार्थना है कि ऐसे प्राकृतिक जल के स्त्रोतों को एनिकट से रुकवाया जाये उसका शुद्धिकरण करके पीने योग्य बनाया जाये, ताकि लोगों को जल के संकट से तत्काल राहत मिल सके।

माननीय सभापति : श्री सी.पी. जोशी और श्री सुधीर गुप्ता को श्री मानशंकर निनामा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI RADHESHYAM BISWAS (KARIMGANJ): Thank you, Chairman, Sir. I want to draw your kind attention to a burning, sensitive and continuous problem of my constituency Karimganj which I have already mentioned in the Parliament from time to time. NH 6, NH 8 and NH 154 pass through my constituency which provide connectivity to my neighbouring States like Meghalaya, Manipur, Mizoram, Tripura and to the rest of India. Now the incessant rain has made the stretch almost unusable. So many trucks and other vehicles are meeting with accidents daily and are facing other troubles and movement of essential commodities is disrupted due to miserable condition of the road. The residents of Barak Valley as well as of other States like Tripura are expressing high displeasure and are repeatedly demanding immediate improvement of the National Highways especially in spots like Panchgram, Srigaury to Churaibari *via* Chargula

and Katlicherra to Bairabi. On road repair issue, the National Highway Division of PWD, Assam has totally failed to maintain the roads. The Deputy Commissioners of Karimganj and Hailakandi were facing daily agitations over the extremely bad condition of the roads of the Barak Valley. The unchanged bad road condition since 2014 has become a regular headache for us.

Through this august House, I would request the Union Government to immediately send a technical team to see the condition of the roads. I would also request for allocation of sufficient funds for maintenance works to keep the roads in usable condition. Thank you, Sir.

HON. CHAIRPERSON: Shri Jitendra Chaudhury, Shri Sankar Prasad Datta, Shri Md. Badaruddoza khan and Shri Sirajuddin Ajmal are permitted to associate with the issue raised by Shri Radheshyam Biswas.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) : माननीय सभापति जी, मैं आदरणीय जल प्रबंधन मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं कि मेरे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अम्बाला में 100 किलोमीटर से भी अधिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों के साथ लगता है। यमुना नगर जिले में जिस प्रकार से पांच राज्यों ने मिलकर हथिनी कुंड बैराज बनाया हुआ है, अगर इसी प्रकार हिमाचल प्रदेश में रेणका और कसाऊ नदी पर बांधों का निर्माण कर दिया जाता है और हरियाणा में यमुना और सहायक नदियों पर बांधों का निर्माण कर दिया जाता है तो हरियाणा, राजस्थान व दिल्ली सहित कई राज्यों की जल समस्या का समाधान हो सकता है। वर्षा का 85 प्रतिशत से अधिक जल बेकार चला जाता है, हम उस जल का संचय करके हाइड्रो पावर का निर्माण भी कर सकते हैं।

मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि उपरोक्त बांधों के अतिरिक्त मेरे लोकसभा क्षेत्र के साथ लगती नदियों में आ रहे वर्षा के जल प्रबंधन के लिए भी छोटे डैम बनाए जाएं ताकि हम अपनी जल संबंधी आवश्यकताओं को पूरा कर सकें।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री सी.पी. जोशी, श्री पी.पी. चौधरी, श्री दीपेन्द्र हुड्डा और श्री सुधीर गुप्ता को श्री रत्न लाल कटारिया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि सांसदों को विकास के लिए सांसद निधि आबंटित की जाती है, उसे खर्च करने की समय सीमा होती है कि इतने दिनों में कार्य का निस्तारण करा दिया जाए। किंतु होता यह है कि

हमारे प्रस्ताव देने के बाद भी संबंधित जनपद के जिलाधिकारी द्वारा उपेक्षात्मक रवैया अपनाने के कारण कभी समाचार पत्रों में छपता है कि सांसद निधि को खर्च करने में फिसड्डी साबित हो रहे हैं। जबकि वास्तविकता यह होती है कि हम प्रस्ताव समय से दे देते हैं लेकिन संबंधित अधिकारी के कमीशन का रेट तय करने में समय गंवा देते हैं और समय सीमा बढ़ जाती है। इससे विकास प्रभावित होता है। सांसदों को प्रति वर्ष पांच करोड़ रुपए मिलते हैं। मैं विशेषकर अपने जनपद की बात बताना चाहता हूं, इसमें न्यूनतम 20-25 प्रतिशत केवल यह तय करने में जाता है कि किस विभाग द्वारा काम कराया जाएगा। चाहे इसे कमीशन कह लीजिए या प्रशासनिक व्यय कह लीजिए, इसमें खर्च होता है। विकास निधि पर वार्षिक रूप में 3.5 से चार करोड़ रुपए ही खर्च हो पाता है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि इस पर कठोर पारदर्शी नियम बनाते हुए समय सीमा सुनिश्चित करके, मानिटरिंग कराकर जवाबदेही सुनिश्चित करें।

माननीय अध्यक्ष: श्री जगदम्बिका पाल, श्री राजेन्द्र अग्रवाल, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्रीमती अंजु बाला, श्रीमती रेखा वर्मा, श्रीमती वीणा देवी, श्री सी.पी. जोशी और श्री उदित राज को श्री शरद त्रिपाठी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री सी.आर.चौधरी (नागौर) : माननीय सभापति जी, मैं सदन में आपके माध्यम से अपनी पार्लियामेंटरी कांस्टीटुएंसी का एक महत्वपूर्ण विषय रखना चाहता हूं। हम दिनांक 14 अप्रैल से लगातार 24 अप्रैल तक माननीय प्रधानमंत्री जी का विशेा अभिनंदन करते हैं कि उन्होंने ग्रामोदय से भारत उदय कार्यक्रम दिया। यह कार्यक्रम बाबासाहेब की 125वीं जयंती से प्रारंभ हुआ और 24 अप्रैल तक चला। इस कार्यक्रम के अंदर समरसता, किसान गोठी और ग्राम सभाओं को आयोजित किया गया था। मैं अपने संसदीय क्षेत्र के बहुत-से गांवों में और दूसरी जगहों पर भी गया। वहां सभी लोगों ने एक कार्यक्रम की ज्यादा सराहना की कि इस बार मनरेगा के अंदर साठ प्रतिशत खर्चा एग्रीकल्चर के लिए रिजर्व रखा गया और कृषि कार्यों में काफी काम हुआ। प्रधानमंत्री और भारत सरकार को धन्यवाद देते हुए लोगों ने दो मुश्किलों का भी जिक्र किया जिन्हें मैं आपके माध्यम से माननीय ग्रामीण विकास मंत्री को बताना चाहता हूं। उनका कहना था कि जिन किसानों के पास दो हैक्टेयर जमीन है, उन किसानों को मनरेगा स्कीम के अंतर्गत फायदा मिलता। इस सीमा को बढ़ाया जाना चाहिए अन्यथा जिसमें 12 लाख लीटर पानी रिजर्व रखते हैं, वह उन लोगों को दिया जाए जिनके पास सात, आठ या दस बीघा जमीन हो। जो केटेगिरीज हैं एससी, एसटी, लघु काश्तकार और सीमांत काश्तकार कोई भी हो, जिनकी कैपेसिटी है और जिनके पास 7, 8, 9 बीघा जमीन है और वे इसे बनना चाहते हैं, ऐसे किसानों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

इनकी एक मांग और थी कि भारत सरकार ने इस वर्ष लेबर कम्पोनेंट का पैसा रिलीज कर दिया है लेकिन मनरेगा के मैटीरियल कम्पोनेंट का पैसा नहीं मिला है। मैं 24 अप्रैल तक वहां था और लोगों ने बताया कि यह पैसा नहीं मिला है। यह पैसा 31 मार्च तक रिलीज हो जाना चाहिए था।

माननीय सभापति: श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, श्री सी.पी. जोशी, श्री सुधीर गुप्ता और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री सी.आर. चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

कुँवर पुपेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): महोदय, मैं बुंदेलखंड क्षेत्र से आता हूं। पूरे हिंदुस्तान में इस समय पेयजल का संकट है। हमारे क्षेत्र में हम विशेष संकट के दौर से गुजर रहे हैं और उसका मुख्य कारण बारिश कम होना है। हमारे क्षेत्र में औसत से 60 प्रतिशत से कम बारिश हुई है और इस वजह से वहां तालाब, बांध सब खाली हैं।

माननीय सभापति: पेयजल और सूखे के विषय पर सदन में चर्चा चल रही है। आप अपनी स्पेसिफिक डिमांड मेंशन कीजिए।

कुँवर पुपेन्द्र सिंह चन्देल : महोदय, मैं इसी महत्वपूर्ण विषय पर अपनी बात कहना चाहता हूं। मेरे यहां पानी की कमी का मुख्य कारण अवैध खनन भी है। हमारे यहां उत्तर प्रदेश में नदियों से रेत निकालने के लिए पूरा माफिया एक्टिव है और प्रदेश सरकार से उनका जो गठजोड़ है इसके कारण उन पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो रही है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल (एनजीटी) के माध्यम से जब उनसे बात की गई तो राज्य के अधिकारी रिपोर्ट भेजते हैं कि यहां कोई खनन कार्य नहीं चल रहा है। एनजीटी ने हैलीकाप्टर भेज कर वहां की फोटोग्राफी कराई। मैं बताना चाहता हूं यह शर्म की बात है कि जब वहां हैलीकाप्टर पहुंचा तो उन खनन माफियाओं को पहले से जानकारी प्राप्त थी कि आज इतने समय पर हैलीकाप्टर के द्वारा फोटोग्राफी की जाएगी। मेरे पास प्रमाण है कि बुंदेलखंड के चार-पांच जिलाधिकारियों ने वहां के जो पुलिस इंस्पेक्टर्स हैं, उन्हें फोन किया और कहा कि किसी भी नदी पर और किसी भी रास्ते पर कोई भी ट्रक नहीं मिलना चाहिए क्योंकि आज एनजीटी की टीम आ रही है।

मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि भले ही यह स्टेट मैटर है लेकिन राज्य सरकार जब वहां स्वयं अवैध खनन करवा रही है। जब श्रीश्री रवि शंकर जी का विश्व सांस्कृतिक महोत्सव दिल्ली में होता है तब यमुना गंदी होने के नाम पर उन पर पैनल्टी लगाई जाती है लेकिन क्या इस विषय पर एनजीटी लाचार है जो अवैध खनन करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं कर पा रही है। हमारे क्षेत्र के लोग प्यासे मरने के लिए मजबूर हैं। वहां जो लिफ्ट कैनाल सिस्टम लगा है, इस तरफ से वहां खनन हो रहा है कि पूरा पानी एक तरफ चला गया है। मैंने रेल मंत्री जी से वहां पानी की ट्रेन भेजने की बात कही थी। रेल मंत्री जी ने वहां पानी की ट्रेन भेजी और वह पानी की ट्रेन झांसी में खड़ी है लेकिन यूपी सरकार ने उसे मेरे संसदीय क्षेत्र में

भेजने नहीं दिया। मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि भारत सरकार इस विषय में सख्त से सख्त कार्यवाही करे और मेरे क्षेत्रवासियों का पानी देने का काम करे।

माननीय सभापति : श्री सी.पी. जोशी, श्री सुधीर गुप्ता और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

19.00 hours

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) : माननीय सभापति महोदय, हम ऋषि परम्परा राष्ट्र हैं। श्रेष्ठ आर्य संस्कृति के समुच्चय आर्यावर्त में सतयुग (कृतयुग), त्रेता, द्वापर, कलियुग में समय-समय पर अवतारों ने जन्म लिया, ऋषि-मुनियों ने लोक का नेतृत्व कर जन-गण को साधा। इन्हीं अन्वेषक ऋाषियों के ज्ञान, तप, अन्वेषणों से भारत विश्व गुरु कहलाया। आर्य संस्कृति के प्रसार से "वसुधैव कुटुम्बकम् " का स्वप्न साकार किया जा सकता है। आर्य संस्कृति के ध्वज-वाहक अवतारों, प्रचेताओं, ऋषियों की स्मृति को अक्षुण्ण बनाने के लिये महान भारतीय संसद ने कई शुभ संकल्प पारित किये हैं। स्मृति स्वरूप डाक टिकट जारी करना, जयन्ती पर अवकाश घोषित करना, ऐसे दिव्य आत्माओं को समर्पित संस्थाओं का गठन, इनकी मूर्तियों का अनावरण आदि ।

"कृणन्तो विश्वमार्यम् " का घोष दसो दिगन्त में गुंजाने वाले महाऋषि जामदास्य श्री परशुराम जी का जन्म दिवस अक्षय तृतीया अभी इस गौरव से वंचित है। सम्पूर्ण विश्व के लगभग करोड़ों लोगों के आद्यदेव भगवान श्री परशुराम जी के जनम दिवस अक्षय तृतीया पर प्रतिवर्ष राष्ट्रीय अवकाश घोषित होना चाहिए क्योंकि-

जामदास्य श्री परशुराम, मरीची, भृगु, अंगिरा, पुलस्त्य, पुलह, दक्ष, क्रतु, अत्रि, वशिष्ठ, विश्वामित्र, भारद्वाज ऋषियों की परम्परा के ध्वजवाहक हैं।

दसम् अवतार के रूप में जामदास्य राम का अवतरण हुआ। धर्म की स्थापना व अधर्म के नाश हेतु उन्होंने अपने नाम को चरितार्थ किया।

आर्यावर्त का सर्वप्रथम राजनीतिक, सांस्कृतिक एकीकरण जामदस्य श्री परशुराम जी ने ही किया। तत्कालीन अवन्ती, विदर्भ, शंबर क्षेत्र, असम, अरूणाचल, कैलाश ब्रह्मानद, गांगेय, कान्यकुन्ज, यमुनाक्षेत्र, सारस्वत क्षेत्र, कुंभा, आदिस्थान, वाल्मिकी, कश्यप देश, मुजारत, गिरीद्वार, बल्ज, कपिशा, कंदहार, परशुपुर, रूस, अटक, बलूचिस्तान, ईरान, शकस्थान, बृजिस्थान, पार्थिया, परसुदेश एवं कश्यप सागर आदि दुर्गम क्षेत्रों में स्वयं जाकर आर्य-अनार्य जनों का राजनीतिक-सांस्कृतिक एकीकरण करने का काम किया।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूँ कि 9 तारीख को अक्षय तृतीया है, करोड़ों जनों के आद्य देव भगवान परशुराम जी के दिन को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए।

HON. CHAIRPERSON: Shri Ravindra Kumar Pandey, Shri Sharad Tripathi, Shri P.P. Chaudhary, Shri Sudhir Gupta, are permitted to associate with the issue raised by Shri C.P. Joshi.

DR. PRABHAS KUMAR SINGH (BARGARH): Hon. Chairperson, Sir, thank you for giving me an opportunity to raise a very important issue of my State relating to agriculturists.

Sir, I hail from Bargarh parliamentary constituency, where more than 70 per cent of people are farmers. Bargarh will now become a trial balloon for politicians of national importance. Nobody is going to address the real problems of farmers.

I want to appeal through you, Sir, to our hon. Agriculture Minister to give some subsidy to farmers.

Now-a-days, combine harvester is gaining popularity among the farmers of Odisha. The Government of India has devised the subsidy pattern of different agricultural machinery and implements except combine harvester for individual farmers. The most vital part of paddy cultivation happens to be harvesting which is not only cumbersome but also time and labour consuming. As per estimates, a sum of Rs.17,500 is spent on an average for harvesting one hectare of land by traditional method while only Rs.6,250 is spent when combine harvester is used. Besides, farmers can save a lot of time and utilize it for other purposes.

In this backdrop, I would like to impress upon the Government of India, through you, Sir, for the consideration of making a provision of 50 per cent subsidy limited to Rs.10 lakh for an individual ownership for the purchase of machine.

Thank you.

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) : माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ।

आपको जानकारी होनी चाहिए कि अभी हाल में ही केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री द्वारा यह घोषणा की गयी है कि वर्ष 2009 के पहले देश में पीएचडी हेतु रजिस्ट्रेशन प्राप्त अभ्यर्थियों को नेट परीक्षा में छूट

दी जाएगी। नेट में छूट देने की बात की घोषणा केन्द्र सरकार ने की है। बिहार के लगभग सभी विश्वविद्यालयों में पीएचडी हेतु यूजीसी नियमावली को वर्ष 2009 में लागू नहीं कर, उसे वर्ष 2015 में लागू किया गया। इसके कारण वर्ष 2009 से 2015 के बीच लगभग 5,000 से भी ज्यादा छात्र पीएचडी किए हुए एवं रजिस्ट्रेशन प्राप्त ऐसे लोग भटक रहे हैं, जिनका भविष्य अधर में लटका हुआ है। आपको आश्चर्य होगा कि इनमें से अधिकांश लोग कमजोर आय वर्ग के हैं। बिहार सरकार बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों में यूजीसी नियमावली लागू कराने में पूर्णतः असफल रही है। बिहार सरकार के उदासीन रवैया के कारण विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शिक्षा का वातावरण पूर्णतः ध्वस्त हो गया है। इस कारण कई छात्र आत्महत्या करने को विवश हैं एवं बेरोजगारी के संकट से भी जूझ रहे हैं। हजारों छात्र बिहार से दिल्ली एवं अन्य राज्यों में पठन-पाठन हेतु पलायन करने को विवश हैं।...(व्यवधान)

माननीय सभापति: आप अपनी डिमाण्ड बोल दीजिए।

श्री अश्विनी कुमार चौबे: महोदय, एक मिनट समय दीजिए।

एक समय था जब बिहार के प्राचीन विक्रमशिला एवं नालन्दा विश्वविद्यालय में देश और दुनिया के लोग अध्ययन हेतु आते थे और वह शिक्षा का केन्द्र था।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : यह जीरो ऑवर है। आप अपनी डिमाण्ड मेंशन कीजिए।

...(व्यवधान)

श्री अश्विनी कुमार चौबे: महोदय, आज वहां से हजारों छात्र पलायन कर रहे हैं। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करूंगा कि जो उन्होंने वर्ष 2009 की बात कही है, वर्ष 2009 से 2015 के बीच जो भी छात्र पीएचडी रजिस्टर्ड हैं या जिन छात्रों ने उपाधि लिया हो या रजिस्ट्रेशन प्राप्त किया हो, उनको नेट की छूट दी जाए। साथ ही, विक्रमशिला विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के रूप में नालन्दा की तर्ज पर विकसित किया जाए। ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : धन्यवाद।

...(व्यवधान)

माननीय सभापति: श्री भैरों प्रसाद मिश्र, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री शरद त्रिपाठी, श्री सुधीर गुप्ता एवं श्री चन्द्र प्रकाश जोशी को श्री अश्विनी कुमार चौबे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

I have to tell you one thing. Now, we have completed the 'Zero Hour' list which contains the names of 20 people. I am going to allow almost all the

Members who are sitting here who wants to raise an issue. I would like to remind you one thing that you have to complete it within one minute.

SHRI MALLIKARJUN KHARGE (GULBARGA): It is a very important issue. I wanted to raise it in the morning but luckily or unfortunately, I am not getting. Whenever I am putting in the draw, my name is not coming. This is the third day.

Sir, the United Nations General Assembly explicitly recognized the human right to water and sanitation and acknowledged that clean drinking water and sanitation are essential to the realisation of all human rights.

Safe drinking water is one of the most crucial problems of our country. The nation is reeling under unprecedented drought and drinking water crisis which is worsening day by day owing to an extended drought and depletion of groundwater.

Hubli-Dharwad cities in Karnataka and other villages enroute have been facing an acute drinking water problem for a long time. To solve this problem, Karnataka State had requested for diversion of 7.56 TMC water from Mahadayi river by undertaking the Kalasa Banduri Nala Project.

The Mahadayi river travels 35 kilometres in Karnataka and 82 kilometres in Goa before joining Arabian sea. Out of the total catchment area of 2.032 square kilometres catchment area in Karnataka is 375 square kilometres. As per the Central Water Commission in 2003, the yield in the Mahadayi river basin is 220 TMC. According to Karnataka's Water Resource Development Organisation, the yield in Karnataka basin is 44.15 TMC. Mahadayi's yield in Goa is 175 TMC. Karnataka's intended use of water for the Kalasa-Banduri project is only 7.56 TMC.

In principle, clearance for the project was accorded by the Union Ministry of Water Resources in its letter dated 30.04.2002 and the same was kept in abeyance by the Ministry in its letter dated 19.09.2002. The project ran into trouble when the then Government of Goa raised objections to the project claiming that the project would harm Goa's flora and fauna.

The Ministry of Water Resources constituted the Mahadayi Water Disputes Tribunal on 16.11.2010. The claim of the State of Karnataka for its share of around 37 TMC is pending before the Tribunal. Intervention of the hon. Prime Minister is requested to resolve the acute drinking water problem of the people of Hubli-Dharwad cities and other villages, and request the Karnataka State for diversion of 7.56 TMC water from Mahadayi river by undertaking the Kalasa Banduri Nala Project, may be agreed to, in interim.

In August, 2015 there was an all-Party delegation led by the Chief Minister to the Prime Minister on this issue to intervene and resolve the matter. There have been continuous protests by farmers' organizations for faster implementation of this project. Agitation by the people has been still continuing and delay in resolution of the problem may turn into a law and order problem for the State.

Therefore, I request that the hon. Prime Minister to intervene because such situation also arose earlier.… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Shri S.P. Muddahanume Gowda, Shri R. Dhruvanarayana, Shri B.N. Chandrappa, Shri B.V. Naik and Shri Abhijit Mukherjee are permitted to associate with the issue raised by Shri Mallikarjun Kharge.

श्री ओम बिरला (कोटा) : सभापति महोदय, सऊदी अरब में सऊदी-बिन-लादेन निर्माण कम्पनी के अंदर भारतीय मूल के 70 हजार कामगारों को उस कम्पनी ने छंटनी करके निकाल दिया है। इन 70 हजार कामगारों को पिछले आठ महीने से वेतन नहीं मिला है, जिसके कारण उनके बच्चों की फीस, खाने की रोटी और रहने का इंतजाम नहीं किया जा रहा है। इतना ही नहीं इन कामगारों को एग्जिट वीज़ा भी दे दिया गया है। मेरी सरकार से मांग है कि भारत सरकार के सऊदी अरब में जो काउंसलर हैं, वह सऊदी अरब में जाकर मिलें, उन कामगारों को वेतन दिलाने का काम करें और उस कम्पनी के खिलाफ वहां की सरकार के नियमों के तहत कार्रवाई करें क्योंकि उन 70 हजार कामगारों में से 25 हजार राजस्थान के हैं और राजस्थान के एक प्रमुख अखबार में यह खबर छपी है और यह बहुत ही चिंता की बात है कि किस तरीके से विदेशों में हमारे कामगारों के साथ अनजस्टिस किया जाता है और अवांछित और गलत तरीके से छंटनी करके एग्जिट वीजा दिया जाता है। इस सब की जांच होनी चाहिए और वहां की सरकार के कानून के तहत कार्रवाई की जाए।

HON. CHAIRPERSON: The hon. Minister wants to respond.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री चन्द्र प्रकाश जोशी, श्री सुधीर गुप्ता, श्री पी.पी. चौधरी, श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री जगदम्बिका पाल, श्री शरद त्रिपाठी को श्री ओम बिरला द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजीव प्रताप रूडी): महोदय, इस विषय के बारे में कई माननीय सांसदों ने भी सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है और कई सारे मेल्स इस बारे में माननीय सांसदों के पास आ रहे हैं, जो इस प्रकार की घटनाओं के बारे में चर्चा कर रहे हैं। श्री ओम बिरला, जो कोटा, राजस्थान से सांसद हैं, ने वेतनभोगी कामगारों की जो चर्चा की है, इस पूरे विषय के बारे में मैं विदेश मंत्रालय के पास जानकारी प्राप्त करने के लिए भेजूंगा और जो भी इस बारे में आवश्यक कार्रवाई होगी, चूंकि अंतर्राष्ट्रीय मामला है और सऊदी अरब की सरकार से संबंधित है। इसलिए संबंधित मंत्रालय से बात करके जो भी उचित कदम होगा, हम उसको उठाने का प्रयास करेंगे।

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): The Government of India first issued and then withdrew a visa to Chinese dissident leader, Dolkun Isa. This *faux pas* only brought into focus the need to calibrate relations with Beijing. It is a conundrum with several equations to be resolved. Bandung Conference was held in 1956 which laid the foundation for Non-Aligned Movement. Subsequent flight of the Dalai Lama in 1959 to India led to bitter fall out in 1962 which has left the festering wound of a border dispute. Isa was invited for a conference at Dharamshala, the abode of Tibetan Government in exile and you cannot expect China to take it kindly. It calls him a terrorist, though he is a pro-democracy leader.

Sir, later Lu Jinghua, the well-known Tiananmen activist, who was about to board a flight from New York, was told that her Indian visa was off. Would China have behaved in this fashion? China has good relations with America despite US promoting democracy in China. When India has become a strategic ally of the United States, why is this flip-flop with China?

Beijing blocked India's attempt to declare Masood Azhar as an international terrorist at the UN and said that it is a bilateral one between India and

Pakistan. Why are we demonstrating our helplessness in dealing with China? There is a clear China-Pakistan coalition. We need a clear-cut China policy today, keeping in mind the Pakistan axis, uncertainties in the US and threats to India's economic welfare. One may say it is algebra of 21st century geo-politics. But algebraic problem is solved also by clarity. Thank you.

HON. CHAIRPERSON: S/Shri Bhairon Prasad Mishra, P.P. Chaudhary and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Bhartruhari Mahtab.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख) : सभापति महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। मैं आपके माध्यम से माननीय ऊर्जा मंत्री जी का ध्यान उत्तर प्रदेश की ओर आकृष्ट करना चाहती हूं, जहां की आबादी लगभग 21 करोड़ है। उत्तर प्रदेश की सरकारों द्वारा 18 से 20 घंटे बिजली देने की घोषणा की जाती है, लेकिन वहां मात्र चार घंटे ही बिजली आती है। जिससे किसान भी बेहाल हैं, क्योंकि इतनी कम बिजली से खेतों में पानी भी नहीं लग पाता है। मेरा लोक सभा क्षेत्र मिश्रिख है, जिसकी दशा और भी ज्यादा दयनीय है। आज के समय में बिजली हमारी सबसे बड़ी आवश्यकता है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों को बिजली न मिल पाने के कारण क्षेत्रों के विकास एवं रोजगार में बाधा उत्पन्न होती है।

अतः क्षेत्र में बिजली की आवश्यकता को पूरा करने के लिए तथा क्षेत्र के विकास एंव रोजगार सृजन हेतु मेरा ऊर्जा मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरे लोक सभा क्षेत्र मिश्रिख के अंतर्गत कस्बा गौसगंज, तहसील संडीला जनपद हरदोई के पास जो लखनऊ से 70 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, वहां एक अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजैक्ट की स्थापना की जाए। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: S/Shri Sharad Tripathi, Jagdambika Pal and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shrimati Anju Bala.

SHRIMATI APARUPA PODDAR (ARAMBAG): Hon. Chairman, Sir, thank you very much for giving me this opportunity to raise a very important issue. Human trafficking – forcing a person to sexual exploitation – is the largest growing criminal industry in India. There are approximately 1.2 million child sex slaves in India. The girls at an average age of 14 are the main victims of human trafficking.

These girls are sold, tortured, raped, drugged and exposed to pregnancy, abortions, HIV/ AIDS and other sexual diseases.

The National Crime Records Bureau data says that in our country human trafficking has increased by 65 per cent and more than 8,099 people were reported to be trafficked in 2014. The various modes of trafficking are – false job promises, kidnapping, begging, fraudulent marriages, sale of children, drug trafficking, etc.

HON. CHAIRPERSON: Hon. Member, please raise you demand.

SHRIMATI APARUPA PODDAR : Though the Home Ministry has Anti-Trafficking Nodal Cell in addition to Anti-Human Trafficking Units, which operate in 335 police districts, the Ministry of Women and Child Development is also implementing a programme called UJJAWALA to rescue and rehabilitate the victims of human trafficking.

I request the Central Government to direct the Ministry of Home Affairs and the Ministry of Women and Child Development to take strict judicial actions on those involved in human trafficking to save the women and children from the sufferings. Thank you, Sir.

HON. CHAIRPERSON: Kunwar Pushpendra Singh Chandel and Shri Gajendra Singh Shekhawat are permitted to associate with the issue raised by Shrimati Aparupa Poddar.

श्रीमती रेखा वर्मा (धौरहरा) : सभापति महोदय, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। देश की सभी शिक्षक कल्याणकारी समितियों द्वारा मेरे संज्ञान में लाया गया है कि अप्रैल, 2005 के पश्चात शिक्षकों एवं शिक्षण संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों की पेंशन योजना भारत सरकार द्वारा समाप्त कर दी गई है, जिससे शिक्षकों एवं कर्मचारियों में भारी असंतोष व्याप्त है। उनके बुढ़ापे का एकमात्र सहारा पेंशन ही होती है, इसलिए पेंशन को आगे जारी रखने की आवश्यकता है।

अतः मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि देश में सभी शिक्षकों एवं शिक्षण संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को पुनः पेंशन की सुविधा बहाल की जाए। धन्यवाद।

HON.CHAIRPERSON: Kunwar Pushpendra Singh Chandel and Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shrimati Rekha Verma.

SHRI R. DHRUVANARAYANA (CHAMARAJANAGAR): Sir, I want to raise an important issue regarding lack of funding to technical institutions which come under the Ministry of Chemicals and Fertilisers.

There are two institutions. One is called CIPET – Central Institute for Plastic Engineering and Technology and another one is NIPER – National Institute for Pharmaceutical Education and Research.

CIPET has its centres at Vijaywada, Bhopal and Valsad. These centres do not have academic building, hostel building and technical infrastructure. So, they are functioning out of rented building.

For CIPET, the enrolment during 2014-15 was of 12,629 students for long-term training, but only 2,340 students completed it.

HON. CHAIRPERSON: Please mention your demand.

SHRI R. DHRUVANARAYANA: Yes, Sir.

Sir, NIPER has its centres at Ahmedabad, Guwahati, Raibareilly and Madurai. They also do not have any infrastructure.

So, I would urge upon the Union Government, especially the Ministry of Finance, to provide adequate funds to these centres so that they may develop their infrastructure.

HON. CHAIRPERSON : Shri Sankar Prasad Datta is permitted to associate with the issue raised by Shri R. Dhruvanarayana.

डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत) : सभापति महोदय, मेरा मुद्दा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लाखों लोगों के स्वास्थ के प्रति बढ़ते खतरे से है। बागपत, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, सराहनपुर, गाजियाबाद जिलों से बहती हुई काली, कृष्णा और हिंडन नदियों के पानी में प्रदूषण इतना बढ़ गया है कि वहां इनके पानी में पशु-पक्षी भी पदार्पण नहीं करते हैं। वहीं लगभग 40-50 गांवों में भूमिगत जल भी अत्यधिक प्रदूषित हो गया है। गांवों में प्रदूषि्त पानी से कैंसर, हैपाटाइटिस, शारीरिक विकृत्तियों आदि भयंकर बीमारियां नागरिको में बढ़ रही है। बागपत के गांगनौली, तमेलागढ़ी जैसे गांवों में दर्जनों लोग कैंसर से मर चुके हैं और लगभग सौ से ज्यादा लोग कैंसर से ग्रस्त हैं। नदियों के किनारे चलने वाली चीनी मिल, पेपर मिल एवं बूचड़खानों से निकलने वाले अपशिष्ट और गंदगी से इन नदियों का व आसपास के नालों का पानी अत्यंत प्रदूषित हो चुका है। मलकपुर शुगर मिल के पास बहने वाला नाला इतना गंदा है कि उसकी बदबू दूर-दूर तक वातावरण को

प्रभावित करती है। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग व नैशनल इंफॉर्मेटिक के जी.आई.एस. डिविजन तथा रिमोट सेंसिंग से पता चला है कि नदियों व नालों का पानी अत्यंत दूषित व खेती के काम का नहीं है। जमीन के नीचे का पानी भी अत्यंत प्रदूषित हो गया है और उसको ठीक करने में दशकों का समय लगेगा।

सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश सरकार एवं उसके राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की आपराधिक उपेक्षा एवं भ्रष्टाचार के कारण हजारों लोग पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भयंकर बीमारियों से ग्रस्त हैं तथा लाखों नागरिकों एवं पशुओं का स्वास्थ्य खतरे में हैं।

मैंने इस समस्या के बारे में सरकार को चिट्ठी लिखी थी। मेरा कहना इतना है कि नैशनल ग्रीन ट्रिब्युनल के आदेश के बावजूद भी वहां पर उत्तर प्रदेश सरकार का पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड कोई भी कार्यवाही नहीं कर रहा है। मेरा पर्यावरण मंत्री जी से यह आग्रह है कि जल्दी से जल्दी इस विषय में कार्यवाही की जाए।

HON. CHAIRPERSON: Kunwar Pushpendra Singh Chandel, Shri Sudheer Gupta and Shri Chandra Prakash Joshi are permitted to associate with the issue raised by Dr. Satya Pal Singh.

SHRI A.P. JITHENDER REDDY (MAHABUBNAGAR): Sir, our hon. Chief Minister, Shri Chandrasekhar Rao, has met the Prime Minister and has also written a letter raising the necessity to formulate a scheme to assist metropolitan cities in India to transform themselves into global cities. He cited the example of GHMC which is one of the fastest growing A-1 cities in the country. The CM said that unlike the other Metros like Mumbai, Hyderabad city is witnessing rapid horizontal growth in its peripheral areas. This requires huge infrastructural investment to extend infra facilities to peripheral areas.

The CM has also reminded the formula conceived by Dr. Isher Judge Ahluwalia Committee in 2011, where it was mentioned that Hyderabad requires Rs. 30,370 crore of investment in core services, apart from Rs. 1,264 crore *per annum* towards O&M costs. As per the detailed project reports, the GHMC needs about Rs.15,000 crore of investment to provide an acceptable level of services in water supply and sewerage alone to its citizens. Whereas its requirement for

signal-free corridors, under its much acclaimed Strategic Road Development Project (SRDP), worked out to be Rs. 20,661 crore.

In view of this, our CM has requested to devise a scheme for significant funding to the expanding A-1 cities like Hyderabad to revamp their infrastructure needs, especially in water supply, drainage, transportation, SWM etc. The CM, making a point, said that unless the Government of India devises a new scheme to fund the requirements of big metros like Hyderabad, it would be difficult for the Government of Telangana to fund the growing requirements of Hyderabad City.

Against the above backdrop, the CM has requested that the Government of India should consider giving at least Rs. 500 crore to Rs. 600 crore per year for each of the six major metropolitan cities of India, including Hyderabad instead of clubbing them for a Comprehensive Development of Hyderabad Urban Agglomeration besides declaration of six metropolitan cities as global cities. Thank you very much, Sir.

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) : महोदय, मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूँ कि हम सबको आपने जो किस्मत ने अवसर नहीं दिया, ऐसा अवसर देने की कृपा की है।

महोदय, मैं पिछले दस दिन से इस महत्वपूर्ण विषय को सदन के संज्ञान में लाने के लिए प्रयास कर रहा था। यह विषय बंधुआ और बाल मजदूरों की मुक्ति और उनके पुनर्वास के सम्बन्ध में है। एक आस्ट्रेलियन एनजीओ ने अभी सर्वे किया और यह बताया है कि हिन्दुस्तान में अभी भी परम्परागत रूप से सामाजिक और आर्थिक कारणों से अनेक बच्चे और अनेक लोग बंधुआ मजदूर के रूप में काम करते हैं। कालीन के उद्योग में, ईंट-भट्टे के उद्योग में, कृषि के क्षेत्र में, आर्गनाइज्ड प्रास्टिटूशन और फोर्स्ड प्रास्टिटूशन के क्षेत्र में या आर्गनाइज्ड बैगरी के क्षेत्र में ऐसे बहुत सारे लोग पीड़ित और शोषित हैं।

महोदय, देश की सरकार ने वर्ष 1975 में पहली बार बीस सूत्रीय कार्यक्रम में इनकी मुक्ति और पुनर्वास को हाथ में लिया था, इसको प्राथमिकता देकर काम शुरू किया था। उसके बाद में ऐसे पुनर्वास के लिए चार हजार रूपए का प्रावधान किया गया था, जिसको भारत सरकार और प्रदेश की सरकार दोनों मिलकर 50:50 कान्ट्रिब्यूट करती थीं। चार हजार के बाद में साढ़े छह हजार हुआ, दस हजार हुआ, बीस हजार हुआ। मैं धन्यवाद देना चाहता हूँ भारत की सरकार को कि वर्तमान सरकार ने इस पैकेज को बढ़ाकर एक लाख रूपए जरनल के लिए, गर्ल्स चाइल्ड के लिए और जो स्पेशल कैटेगरी के लोग हैं, उनके लिए दो लाख रूपए और दिव्यांगों के लिए तीन लाख रूपए पुनर्वास का प्रावधान किया है। इस प्रावधान के कारण

बाद में एक समस्या जनित हुई है, वह यह है कि भारत सरकार के इस नए प्रावधान के बाद में पुनर्वास का पैसा उसको उस समय मिलता है, जब पहली बात तो यह कि पुनर्वास के लिए सरकार ने जो, जिसका पुनर्वास किया गया है, उसका क्या पुनर्वास हुआ और किस तरह से हुआ है, इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करे। दूसरा, जो पर्पेट्रेटर है, उसको सजा दे दी गई है, इसका प्रावधान हो जाए और कितनी सजा दी गई है, यह तय हो जाए, इसके बाद ही भारत सरकार पैसा रिलीज करती है। भारत सरकार ने उसके लिए एक नियम बनाया है कि पाँच लाख रूपए का कॉर्पस फंड हर कलेक्टर के पास में बनेगा। मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूँ कि वह इन नियमों में रिलैक्सेशन करे और साथ ही देश भर के कलेक्टर्स से इस बात की रिपोर्ट मँगाई जाए कि किसने वह कॉर्पस फंड बनाया है ताकि उनका पुनर्वास सुनिश्चित हो सके।

माननीय सभापति : श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री सुधीर गुप्ता और श्री पी.पी. चौधरी को श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI JITENDRA CHAUDHURY (TRIPURA EAST): Chairman, Sir, I would like to mention here about a very unfortunate incident.

We all know that the Allahabad University is one of the Central Universities. In all the Universities, registration for entrance is allowed both online and offline, but in the Allahabad University the students are not allowed to register their entrance offline. There, the students were protesting against the decision of the University. On 2nd May, under the order of the Administration, brutal lathicharge has been organized upon the students. Further, the President of the Union, Ms. Richa Singh, was also injured. This way, the VC is not giving any audience to the elected Students Union there.

So, my categorical demand is that the students may be allowed offline registration for their entrance like in other Central Universities. Secondly, due cognizance should be given to the elected Students Union. Thirdly, an inquiry should be instituted against this incident. Thank you.

HON. CHAIRPERSON: Shri Md. Badaruddoza Khan, Shri Sankar Prasad Datta, Shri Sharad Tripathi and Shri Jagdambika Pal are permitted to associate with the issue raised by Shri Jitendra Chaudhury.

श्री रामस्वरूप शर्मा (मंडी) : माननीय सभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूँ कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। मैं आभारी हूँ माननीय भूतल परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी जी का जिन्होंने हिमाचल प्रदेश को 3 फोरलेन, 8 नेशनल हाईवे व सुरंगों के निर्माण हेतु धनराशि जारी की तथा फोरलेन, हाईवे, सुरंगों के काफी कार्य आरंभ हुए। इन निर्माण कार्यों से विस्थापित हो रहे प्रदेश के किसानों, बागवानों व विस्थापितों को 4 गुना मुआवज़ा देने की घोषणा की व राशि भी जारी कर दी है जिसके लिए पूरा प्रदेश माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व श्री नितिन गडकरी जी का आभारी है।

माननीय सभापति जी, इन निर्माण कार्यों से हज़ारों लोग विस्थापित हो रहे हैं। उनकी दुकानें, घर व अनमोल ज़मीनें उजड़ रही हैं, लेकिन हिमाचल की सरकार आँखें मूँदकर बैठी है व किसानों, बागवानों व विस्थापितों को 4 गुना मुआवज़ा नहीं दे रही है।

माननीय सभापति जी, आज़ादी मिलने के बाद भारत का जो नव निर्माण होना चाहिए था, वह 60 वर्षों के शासन के बाद कांग्रेस नहीं कर पाई। जब हमारी सरकार किसानों के हितार्थ भूमि अधिग्रहण अध्यादेश लाई तो कांग्रेस व इनके सहयोगी दलों ने संसद की कार्यवाही रोक दी। कांग्रेसी तथाकथित नेता कंधे पर हल लेकर प्रदर्शन करने लगे थे। माननीय सभापति महोदय, हिमाचल सरकार विस्थापितों को निर्धारित मुआवज़ा नहीं दे रही है। कांग्रेस व इनके सहयोगी दलों ने संसद रोककर जो ड्रामा किसानों के हितों के लिए किया था, अब उसकी पोल हिमाचल प्रदेश में खुल रही है। हिमाचल की सरकार प्रदेश के किसानों व बागवानों के साथ जो अन्याय कर रही है, मेरी आपसे विनती है कि ये तथाकथित नेता जो संसद रोककर किसानों के हित की बात करते थे, उन्हें हिमाचल प्रदेश भिजवाइए ताकि वहाँ जाकर धरना प्रदर्शन करें ताकि वीरभद्र सरकार किसानों को मुआवज़ा दे और चार गुना मुआवज़ा किसानों को मिल सके।

माननीय सभापति : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री रामस्वरूप शर्मा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री विनायक भाऊराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग) : सभापति जी, मेरे रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिले में बहुत बड़ा समुद्री क्षेत्र है और वहाँ समुद्री क्षेत्र में कई जगह मछुआरे फिशिंग करने का काम करते हैं। सिंधुदुर्ग जिले में देवगढ़ तहसील में आनंदवाड़ी नाम का बंदरगाह सबसे सुरक्षित बंदरगाह है। एक सुरक्षित बंदरगाह का विकास करने के लिए वहाँ फिशरीज़ हार्बर बनाने का एक प्रस्ताव महाराष्ट्र शासन की तरफ से बनाया गया। केन्द्र सरकार के कृषि और किसान कल्याण केन्द्र के माध्यम से यह फिशरीज़ हार्बर बनाने का काम करने वाले हैं। महाराष्ट्र सरकार की तरफ से 2015 को केन्द्र सरकार के कृषि और किसान कल्याण केन्द्र विभाग के पास यह प्रस्ताव आया है, लेकिन आज तक उस पर निर्णय नहीं हुआ है। मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय की जानकारी में लाना चाहता हूँ कि मछुआरों के हित के लिए आनंदवाड़ी प्रकल्प जो देवगढ़ में सिंधुदुर्ग जिले में है, उसे तुरंत मान्यता दें और मछुआरों की मदद करें।

श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली) : सभापति जी, मैंने पाँच बार यह मामला डाला लेकिन आज नंबर आया है। बहुत बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। ...(व्यवधान)

माननीय सभापति: आप एक मिनट में कंप्लीट करें।

श्री रमेश बिधूड़ी : सर प्लीज़, यह बहुत सैंसिटिव विषय है।

माननीय सभापति : आप जो कुछ भी बताते हैं, सैंसिटिव ही होता है।

श्री रमेश बिधूड़ी : महोदय, मैं दिल्ली फायर सर्विसेज़ के बारे में जानकारी देना चाहता हूँ। दिल्ली आग के गोले पर बैठी हुई है। दिल्ली सरकार के मुख्य मंत्री ...* करते रहते हैं। दिल्ली फायर सर्विस उनके अंडर आती है। उसकी तरफ सवा साल से उन्होंने चिन्ता नहीं की। अभी कुछ दिन पहले फिक्की हाउस में आग लग गई। दिल्ली में पिछले साल 23200 आग लगने की घटनाएँ हुई थीं, जो इस साल 27000 हो गई हैं। वे दिल्ली पुलिस की डिमांड करते हैं, वे हायर एजुकेशन की डिमांड करते हैं, लेकिन जो उनके अंडर ड्यूटीज़ हैं, उन पर ध्यान नहीं देते हैं। सीएजी ने अपनी रिपोर्ट में दिल्ली में फायर सर्विस के काम करने के तरीके पर स्पट रूप से उनकी कमी को दर्शाया है और कहा है कि यह सर्विस जो दिल्ली सरकार के अधीन आती है, वहाँ पर उनकी जो रिक्रुटमैंट है, वहाँ पर 3600 लोगों की रिक्रुटमैंट है काम करने की। केवल 322 ड्राइवर हैं और ऑड-इवन के नाम से अनेक लोग डैप्यूट कर दिए गए और उनको तनख्वाह दी गई, यहाँ पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दिल्ली के मुख्य मंत्री को बार-बार निवेदन करने के बाद भी जिस तरह बरसात से पहले नालियाँ साफ करने की व्यवस्था होती है, उसी प्रकार से बिल्डिंगों की जाँच होनी चाहिए, उसका स्टाफ नहीं है। उसकी तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लैफ्टिनैंट गवर्नर दिल्ली सरकार के हैड होते हैं। Just listen to me sir. ...(व्यवधान) वह ...* करते हैं कि प्रधान मंत्री मेरे काम में अड़ंगा डाल रहे हैं, इसलिए एल.जी. साहब डर जाते होंगे, लेकिन एन.सी.टी के पूर्ण रूप से हैड एल.जी. होते हैं। एल.जी. इसमें इंटरफियरैन्स करें और जो दिल्ली सरकार के काम हैं, उन पर ध्यान दें। मैं आपके माध्यम से गृह मंत्री को कहना चाहता हूँ कि वे एल.जी. को कहें कि वे घबराएँ नहीं इस बात को लेकर, वे दिल्ली के हैड हैं।

महोदय, दिल्ली फायर के अंदर 15 नंबर गली में एक मकान में आग लग गई। एक माता अपने छोटे बच्चे को ताला बंद करके सोता हुआ छोड़कर सब्ज़ी लेने चली गई। बच्चे ने किचन खोल दिया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी आई। गली में मकान 400 मीटर अंदर था लेकिन फायर सर्विस का 200 मीटर का पाइप था। वहाँ पर 13 साल का बच्चा मर गया। जिस प्रकार की सैंसिटिव सरकार होनी चाहिए, वैसा काम वह

* Expunged as ordered by the Chair.

नहीं कर रही है। इसलिए केन्द्र सरकार बगैर चिन्ता किए हुए लैफ्टिनैंट गवर्नर को ऑर्डर करके वहाँ पर उनको बचाने के लिए दखलंदाज़ी करे। आपने मुझे बोलने का मौका दिया। इसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद।

माननीय सभापति : श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री चन्द्र प्रकाश जोशी, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री सुधीर गुप्ता को श्री रमेश बिधूड़ी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI MUTHAMSETTI SRINIVASA RAO (AVANTHI) (ANAKAPALLI): Hon. Chairperson, Sir, I thank you for giving me an opportunity to speak on the distressing drought situation in several States, including Andhra Pradesh and Telangana.

Due to scanty rainfall and consecutive droughts for the past three years, States are reeling under drought situation. According to Press reports, the Centre has released Rs. 4,000 crore for seven drought-hit States from the National Disaster Relief Fund (NDRF), and Andhra Pradesh has received Rs. 280.19 crore. I do not know how much other States have got. I would request you to please release more funds for drought and drinking water.

The water table has come down deeply. Villagers are walking a few kilometres from their homes to fetch drinking water every day. They are taking bath once in ten days. There is migration of villagers from rural areas to urban areas in search of livelihood, mainly heading towards construction work.

In order to discourage migration of villagers from rural areas to urban areas, I would suggest that additional days of work under MGNREGA to households in drought affected areas be provided immediately. There is a severe fodder shortage for animals. That means higher production costs for producing milk particularly in Rayalaseema area. Our State Government has released Rs.3 crore.

Therefore, what is required to be done is long term solution. The Government should encourage rain water harvesting; rather it should be made mandatory. The Government should not allow private contractors for digging bore wells but only certified contractors should be allowed. In every rainy season the Government should finance and motivate citizens to plant more and more trees. At the same time, the rain water should not be released into the sea. It should be

stored in tanks, ponds and dams. The allocation of budget for irrigation should be enhanced considerably.

I hope that the Government will pay attention to my suggestions and tackle the drought situation under the able leadership of the hon. Prime Minister.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): अधिष्ठाता महोदय, मैं एक अत्यन्त लोक महत्व और तात्कालिक विषय की तरफ, जो अविलम्बनीय भी है, आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं।

देश में अपने संविधान के अनुसार मौलिक अधिकार और डायरैक्टिव प्रिंसीपल ऑफ स्टेट पॉलिसी, नीति निर्देशक तत्वों के तहत देश की जनता को मौलिक अधिकार और उनको सुविधाएं मिलती हैं। हमारी सरकार ने राइट टू एजुकेशन के अन्तर्गत 6 साल से 14 साल के बच्चों को फ्री और कम्पलसरी एजुकेशन के लिए पूरे देश के संघीय ढांचे में राज्यों की मदद की है और राज्यों से अपेक्षा करती है कि हर ब्लॉक लेविल पर एक मॉडल स्कूल हो और जिसमें 6 वां से 14 वां के बच्चों को, जिस तरह से अच्छे स्कूलों में, सी.बी.एस.ई. के स्कूलों में उनको क्वालिटी ऑफ एजुकेशन मिलती है, उसी तरह से गांव में रहने वाले ग्रामीण बच्चों का भी एक हक और हुकूक बने कि उन्हें भी कम से कम देश की प्रतिस्पर्धा में, बराबरी में खड़ा होने का मौका मिले।

मैं आपसे एक मांग करता हूं। आपने मांग के लिए तो हमसे कहा ही नहीं, सबसे तो आप मांग के लिए कह रहे थे।

माननीय सभापति: आप तो इतने सीनियर हैं, आपको कुछ बोलने की जरूरत ही नहीं पड़ती।

श्री जगदम्बिका पाल : मैं मांग करता हूं कि जो उन उच्च प्राथमिक विद्यालयों में जो अनुदेशक के रूप में हैं, उन अनुदेशकों को कई महीनों से मानदेय नहीं मिल रहा है, जबकि वे शिक्षकों की तरह से काम करते हैं और हमारी सरकार ने फैसला किया है कि समान काम के लिए समान वेतन हो तो जो उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अनुदेशक के रूप में उत्तर प्रदेश में काम कर रहे हैं या देश में काम कर रहे हैं, उनको शिक्षक के रूप में उनकी तनख्वाह दी जाये।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री शरद त्रिपाठी, श्री सुधीर गुप्ता, श्री भैरों प्रसाद मिश्र और श्री पुष्पेन्द्र कुमार चन्देल को श्री जगदम्बिका पाल द्वारा उठाये गये विषय पर सम्बद्ध होने की अनुमति प्रदान की जाती है।

DR. KULMANI SAMAL (JAGATSINGHPUR): Hon. Chairman, Sir, I thank you very much for giving me an opportunity. My specific demand is for setting up three planetariums, one at Gopalpur, second at Baripada and third at Jeypore in Odisha.

The Government of Odisha in 2015 had written a letter to the Central Government for setting up three planetariums and demanding for some allocations. But no step has been taken so far for this allocation. My request is, through you, to urge upon the Minister to consider the proposal and to take necessary action to provide required financial assistance to the Odisha Government for the proposed setting up of the planetariums at the earliest.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): माननीय सभापति जी, मेरठ में बंगला नम्बर 210बी, वैस्टर्न रोड, मेरठ कैण्ट में स्थित ओल्ड ग्राण्ट भूमि है। इस बंगले को फ्री होल्ड की रजिस्ट्री द्वारा अपने स्वामित्व में बताते हुए एक निजी बिल्डर ने वर्ष 1992 से 1995 के बीच प्लाट बनाकर 96 व्यक्तियों को बेच दिया। जीवन भर की कमाई लगाकर इन क्रेताओं में से 50 ने अपने मकान तथा 46 ने अपनी दुकान बना लिये। निर्माण का यह कार्य वर्ष 1992 से 2005 के बीच लगभग 13 वर्ष तक चलता रहा। स्वाभाविक है कि भूमि निर्माण का इतना बड़ा कार्य अधिकारियों की अनुमति तथा संरक्षण के बिना सम्भव नहीं था। अब माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने सभी निर्माणों के ध्वस्तीकरण के आदेश कर दिये हैं, जिसके कारण बंगला नम्बर 210बी के निवासी अत्यधिक तनाव में हैं तथा जीवन भर की कमाई से निर्मित अपने आशियानों के छिन जाने की आशंका से भयभीत हैं। ...(व्यवधान) मैंने बहुत छोटा कर दिया है, बस थोड़ा समय दीजिए।

मुम्बई के विक्रोली में 1957 की विवादित जमीन पर बनाये गये निर्माणों के सम्बन्ध में राज्य सरकार के अनुरोध पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय की तीन सदस्यीय पीठ ने 30 जनवरी, 2014 को दिये गये निर्णय में कहा है कि दशकों तक सोती रही सरकार की गलती का खामियाजा वे लोग क्यों भुगतें, जिन्होंने अनजाने में किसी विवादित जमीन पर बने निर्माणों में अपनी जीवन भर की कमाई लगा दी हो। कैण्ट एक्ट, 2006 की धारा 248 की बिल्डिंग रैगुलेशन स्कीम के अधीन इन सभी निर्माणों को कम्पाउण्डिंग करतें हुए नियमित किया जा सकता है। मेरा आपके माध्यम से माननीय रक्षा मंत्री से अनुरोध है कि इस मामले में वे हस्तक्षेप करें तथा नियमानुसार कम्पाउण्डिंग इत्यादि कराते हुए बंगला नम्बर 210बी में बने निर्माणों को बचाने के आदेश देने की कृपा करें तथा जिन अधिकारियों के रहते हुए उपरोक्त निर्माण किये गये, उनके खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई करें।

माननीय सभापति : श्री सुधीर गुप्ता और श्री पुष्पेन्द्र कुमार चन्देल को श्री राजेन्द्र अग्रवाल द्वारा उठाये गये विषय पर सम्बद्ध होने की अनुमति प्रदान की जाती है।

I would like to tell you that there are still more than 20 Members. You have to complete it within one minute. After that, I will call the next Member.

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) : सभापति जी, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार प्रकट करता हूं। आपको पता है कि वर्ष 1975 से लेकर वर्ष 1977 के बीच देश में इमरजेंसी लगी थी और बहुत सारे लोगों को मीसा एक्ट के तहत जेलों में बंद किया गया था। इसमें बहुत सारे लोगों की नौकरी चली गयी थी और बहुत सारे लोगों का धंधा और कारोबार बिगड़ गया था। इन सारे लोगों की केन्द्र सरकार से मांग थी कि उनकी ओर से उन्हें एक पहचान-पत्र दी जाए और उन्हें कुछ मानदेय दिया जाए। मुझे इस बात की खुशी है कि उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखण्ड जैसे राज्यों में उन्हें 10,000 रुपए से 25,000 रुपए की राशि प्रति माह दिया जा रहा है।

मेरी सरकार से मांग है कि देश के सारे ऐसे लोगों को यह राशि मिलनी चाहिए और उनकी एक संयुक्त पुस्तिका बनाई जाए। उन दिनों में इसमें प्रिंट मीडिया के लोगों ने इसमें बहुत बड़ा योगदान दिया था। उनका भी नाम इसमें लिया जाए। केन्द्र सरकार की तरफ से सभी राज्यों को इसके लिए मैचिंग ग्रांट दिया जाए, क्योंकि राज्य सरकारों के ऊपर इसका बहुत ज्यादा लोड आ रहा है। इसलिए केन्द्र सरकार को इसके लिए राज्यों को देना चाहिए। यही मेरी मांग है।

HON. CHAIRPERSON : Kunwar Pushpendra Singh Chandel, Shri Bhairon Prasad Mishra and Shri Sudheer Gupta are permitted to associate with the issue raised by Shri Gopal Shetty.

SHRI MD. BADARUDDOZA KHAN (MURSHIDABAD): Hon. Chairman, Sir, I would like to draw the attention of the House to an important subject that hampered the honour of this august House. On 23rd April in a press conference, one photoshopped picture was shown superimposing the face of CPI(M) Politburo member and former General Secretary Shri Prakash Karat on the face of hon. Prime Minister standing with hon. Home Minister by a sitting Member of Parliament to malign the image of CPI(M) Party and its leader. Showing this picture, that MP told the press that this was his most favourite picture. After this press conference, the picture became viral in social media. After coming to know of the facts, everybody condemned such false propaganda. It is an ill attempt which hampered the clean image of CPI(M) Party and its top veteran leader. Not only that, it also damaged the honour and dignity of this House as both the hon. Prime Minister and hon. Home Minister are sitting Members of this House.

I urge upon the Speaker that being the custodian of this House to protect the dignity and honour of this House and please take appropriate action against that Member of Parliament. He is a Member of the Upper House.

HON. CHAIRPERSON : Shri Sankar Prasad Datta and Shri Jitendra Chaudhury are permitted to associate with the issue raised by Shri Md. Badaruddoza Khan.

श्री हरिश्चन्द्र चव्हाण (दिंडोरी) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से प्याज की प्राइस की बर्निंग इश्यू के बारे में सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। हमारे संसदीय क्षेत्र दिंडोरी में प्याज एक मुख्य कैश क्रॉप है। इस साल कम बरसात होने के कारण ऐसा लग रहा था कि इस बार प्याज के भाव काफी बढ़ जाएंगे। परन्तु, यह देखा गया है कि फरवरी के बाद आने वाली प्याज की फसल उम्मीद से ज्यादा हुई। मेरे संसदीय क्षेत्र दिंडोरी में स्थित प्याज एशिया की सबसे बड़ी प्याज मंडी लासलगांव में है। आज लासलगांव में प्याज 600-700 रुपए प्रति क्विंटल के भाव में मिल रहा है, जबकि बिजली, उर्वरक की कीमत और मज़दूरी में बढ़ोतरी होने से आज प्याज की उत्पादन कीमत कम से कम 1,000 रुपए प्रति क्विंटल से भी ज्यादा हो गयी है, जिसके कारण प्याज उत्पादन करने वाले किसानों को उत्पादन लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। दूसरी ओर, न्यूनतम निर्यात मूल्य का निर्धारण न होने से गल्फ देशों को प्याज का निर्यात दूसरे देश कर रहे हैं। कल सरकार ने सदन में प्याज खरीदने की बात की है। किसानों से यह प्याज दो हजार रुपए प्रति क्विंटल की कीमत में लिए जाने की मांग मैं सरकार से करता हूं। तभी किसानों को न्याय मिल सकता है।

HON. CHAIRPERSON: Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Harishchanda Chavan.

श्री छोटेलाल (राबर्ट्सगंज) : सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले में हमारे संसदीय क्षेत्र राबर्ट्सगंज में एक नहीं, बल्कि चार-चार हत्याएं हुई हैं। वह हत्या एक ही जगह हुई है, एक ही जगह मारा गया और फूंका गया। इससे मैं आपको अवगत कराना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश के जनपद सोनभद्र में बने नवनिर्मित फ्लाईओवर पर तीन विद्यार्थी छात्र व एक युवती की हत्या कर जला दिया गया है। तीनों छात्र व एक युवती को इतने बुरे तरीके से जलाया गया, उनके ऊपर पेट्रोल-डीज़ल को इतनी भारी मात्रा में गिराया गया था कि वे बुरी तरह से जल गए थे। पुलिस कोतवाली, राबर्ट्सगंज ने हत्या का मुकदमा दर्ज़ नहीं किया। सपा के नेताओं के दबाव में आकर पुलिस उसे एक्सीडेंट बता रही है और मृतकों के अभिभावकों द्वारा लिखित तहरीर देने के बावजूद भी ऐसा नहीं कर रही है।

मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि इसकी सी.बी.आई. जांच कराई जाए और सच्चाई सामने लाई जाए।

HON. CHAIRPERSON : Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Chhotelal.

SHRI ABHIJIT MUKHERJEE (JANGIPUR): Mr. Chairman, Sir, through you I would like to draw the attention of Government of India particularly of the Ministry of External Affairs to a matter of urgent public importance. Indo-Bangladesh Water Sharing Treaty through Farakka Barrage has to be relooked. Recently due to the low level of water in the reservoir there and lack of water in the intake channel of NTPC, an NTPC plant was shut down for almost ten days. There is an agreement between the Government of India as well Bangladesh to supply power to Bangladesh and NTPC produces the same power.

My demand is that it has to be renegotiated so that the minimum water level is maintained in the reservoir and the intake channel as well as the level of downstream to the Ganges right from Jangipur to Gangasagar is maintained. Right now, it is ten feet low. Thank you.

HON. CHAIRPERSON: Shri Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Abhijit Mukherjee.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से आदरणीय प्रधानमंत्री जी और रेल मंत्री जी को बधाई देना चाहूंगा कि इस भयानक सुखाड़ में रेल के द्वारा पीने के पानी को भिजवाने का काम किया जा रहा है। सबसे बड़ी विडम्बना यह है कि झारखंड प्रदेश में हमारे गिरिडीह लोक सभा क्षेत्र में सीसीएल और भारत कोकिंग कोल का करोड़ों लीटर पानी, करोड़ों गैलन पानी अंडर ग्राउंड में पड़ा हुआ है। हम लोगों ने माननीय मंत्री से बात की, चेयरमैन साहब से बात की कि यहां से डी-वाटरिंग करके अगल-बगल के गांवों में तालाब में या पाइपलाइन द्वारा भी हम जलापूर्ति कर सकते हैं। आज की तारीख में नदी सूख रही हैं, बाकी जो बचा हुआ पानी है, अगर हम उसे नदी में निकाल देते हैं तो नदी का भी वाटर लेवल बढ़ेगा और जितने चापानल पानी के बगैर खराब पड़े हुए हैं, उनमें भी वाटर लेवल उठेगा।

सभापति महोदय, दुर्भाग्य है कि अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। आपके माध्यम से हम भारत सरकार से मांग करते हैं कि अविलम्ब कोयला मंत्री जी को आदेश दिया जाए कि वहां की डी-वाटरिंग करवा कर वहां के ग्रामीणों को पानी दिया। यही आपसे निवेदन है।

HON. CHAIRPERSON: Shri Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Ravindra Kumar Pandey.

श्री पी.पी.चौधरी (पाली) : सभापति महोदय, राजस्थान सरकार द्वारा सूखा राहत गतिविधियों के लिए 10,537 करोड़ रुपए की अतिरिक्त सहायता के लिए भारत सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया गया, जिसके विरूद्ध केवल 1,193 करोड़ रुपए ही स्वीकृत हुए। इसके अलावा पशु संरक्षण गतिविधियों के लिए 1,043 करोड़ रुपए की मांग की गई थी जिसके विपरीत भारत सरकार द्वारा पशु संरक्षण गतिविधियों के लिए कोई भी राशि स्वीकृत नहीं की गई।

अतः आपके माध्यम से निवेदन करूंगा कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा राजस्थान सरकार को सहायता शीघ्र उपलब्ध करवाए।

HON. CHAIRPERSON: Shri Kunwar Pushpendra Singh Chandel, Shri Bhairon Prasad Mishra and Shri Sudhir Gupta are permitted to associate with the issue raised by Shri P.P. Chaudhary.

SHRI BHEEMRAO B. PATIL (ZAHEERABAD): Hon. Chairperson, I am glad to know that the Government is setting up new AIIMS hospitals in a phased manner in various States under Pradhan Mantri Swasthya Suraksha Yojana.

In this regard, I would like to bring to your kind notice that Telangana is a backward State and newly formed. At present, health services are very poor in Telangana and there is need to set up an AIIMS-like hospital without further delay.

It is a known fact that there is a need to balance the health atmosphere in Telangana for which AIIMS-like hospital will cater to the needs of the Telangana people. In this Budget session, it was not taken up. I request the hon. Minister of Health and Family Welfare and the Minister of Finance to consider setting up an AIIMS-like hospital-cum-teaching institute in Telangana in the next Budget session so that the people of Telangana can avail medical services and medical education.

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) : सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश में लखनऊ (ऐशबाग) से पीलीभीत तक अमान परिवर्तन का कार्य हो रहा है। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि लखीमपुर-रजवहा मार्ग पर खीरी टाउन और लखीमपुर रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे लाइन कि0मी0 132/ 10-11 पर स्थित मानव रहित समपार सं0

119/सी को रेलवे द्वारा मानव युक्त कर दिया गया है। इस समपार में लगा बैरियर जिसकी लम्बाई 8.90 मीटर है, जिसके कारण मार्ग के एक ही भाग में यातायात चल पा रहा है।

महोदय, इसका प्रमुख कारण रेलवे बोर्ड द्वारा 09.01.2012 को जारी दिशा-निर्देश के अनुसार (पत्र सं0 2006/1) के द्वारा नए समपार बनाना प्रतिबन्धित है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से दिनांक 09.01.2012 को जारी दिशा-निर्देश को रद्द करके रजवहा के दोनों तरफ के मार्गों को एक ही तरफ मार्ग करके 23 मीटर का एक बैरियर अथवा मार्ग के दूसरी तरफ 8.90 मीटर का दूसरा बैरियर लगाकर नया समपार मार्ग प्रारम्भ करने की मांग करता हूं।

HON. CHAIRPERSON: Shri Kunwar Pushpendra Singh Chandel and Shri Sudhir Gupta are permitted to associate with the issue raised by Shri Ajay Misra Teni.

डॉ. उदित राज (उत्तर-पश्चिम दिल्ली) : सभापति महोदय, 28 अप्रैल, शाम को पांच बजे कोचीन में ....*लड़की के साथ बलात्कार हुआ, उसे चाकुओं से बहुत ज्यादा गोदा गया, काटा गया कि उसकी अंतड़ी भी बाहर आ गई। वर्ा 2012 के निर्भया वाले कांड से भी कहीं ज्यादा वीभत्स यह कांड है। यह ऐसे दौर में हो रहा है, जब केरल में चुनाव हो रहा है। केरल में मूलतः कांग्रेस और वहां का लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट का डॉमिनेशन रहा। खास तौर से, उसमें एक विशेष पार्टी के कार्यकर्ताओं को टारगेट बनाया जा रहा है, भारतीय जनता पार्टी, आज जे. पी. नड्डा जी और रूड़ी जी के नेतृत्व में हम लोग इलेक्शन कमीशन से मिले और उनसे आग्रह किया कि पैरामिलिट्री फोर्सेज की निगरानी में वहां पर चुनाव किया जाना चाहिए। इस तरह से केरल में दलितों के ऊपर अत्याचार केरल में हो करके उनको डराया जा रहा है। अभी हाल में मध्य प्रदेश के हाई कोर्ट ने आरक्षण पर कुठाराघात किया। इस तरह से उन लोगों को पर चारो तरफ से कुठाराघात हो रहा है।

माननीय सभापति : श्री भैरों प्रसाद मिश्र और कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री उदित राज द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI SANKAR PRASAD DATTA (TRIPURA WEST): Hon. Chairman, Sir, drastic cut in interest on small savings affects millions of widows, girl children, retired persons and VRS retirees who are dependent on interest income to meet their day to day expenses. These people do not get DA-linked pension and hence their interest income is fixed. Every year, due to inflation, they have to adjust their

* Not recorded.

expenses or have to increase their investments. Now, with the reduction in interest rates, they will find it difficult to meet regular expenses and hence I request the intervention of Finance Minister to restore old interest rates for all the schemes. As we see, even in Sukanya Samridhi Yojana for girl children the interest rates came down to 8.6 per cent from 9.3 per cent. In the senior citizen savings schemes, interest rates have come down to 8.6 per cent from 9.3 per cent. My specific demand to the Finance Minister is that all the interest rates should be restored as earlier.

श्री जनार्दन मिश्र (रीवा) : सभापति महोदय, रीवा जिले के नेशनल हाइवे क्रमांक से 27 से मझगांवां से चाक के बीच फोर लाइन के निर्माण का कार्य चल रहा है। उस निर्माण एजेंसी और कॉन्ट्रैक्टर के बीच विवाद की वजह से निर्माण कार्य रूका हुआ है। अगर अभी वहां निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया तो बरसात में वह मार्ग अवरुद्ध हो जायेगा क्योंकि पहले वाले मार्ग को पूरी तरह से खोद डाला गया है और दूसरा को वैकल्पिक मार्ग नहीं है।

मेरा केन्द्र सरकार और परिवहन मंत्रालय से अनुरोध है कि बरसात के पहले उस मार्ग का निर्माण कार्य कम से कम इतना का दिया जाये कि वह चलने लायक हो सके। अगल-बगल प्रधानमंत्री योजना की जिन सड़कों को बर्बाद किया गया है, उन सड़कों का भी निर्माण केन्द्र सरकार करे। जयहिन्द।

श्री राम टहल चौधरी (राँची) : सभापति महोदय, मैं रांची निर्वाचन क्षेत्र से चुन कर आया हूं और आपके माध्यम से सदन में बहुत ही महत्वपूर्ण लोक महत्व का प्रश्न रखना चाहता हूं। रेलवे मंत्री रांची गये थे, उनके प्रवास के समय में वहां के लोगों ने मांग किया था कि रांची से अर्नाकुलम भाया चेन्नई और भेल्लोर होते हुए एक रेल गाड़ी चालाई जाये। उन्होंने इसके लिए आश्वासन भी दिया था। अखबार में उसके लिए टाइमिंग भी आ गया कि ट्रेन इतना समय से इतना समय तक चलेगी। लेकिन, दुर्भाग्य है कि आज छः महीने बीत जाने के बाद भी यह आश्वासन पूरा नहीं किया गया। वहां के यात्रियों की टिकट महीनों भर वेटिंग लिस्ट में रहती है, एक गाड़ी चलती है।

मेरा आपके माध्यम से आग्रह है कि रेल मंत्री जी जो घोषणा की है, उसे पूरा किया जाये। खासकर, बीमार लोग, विद्यार्थी एवं अन्य तरह के लोगों का आना-जाना है। हमारा आपसे आग्रह है कि रेलवे मंत्री जी ने जो घोषणा की है, उसे अविलंब पूरा करें, वहां शीघ्र रेल चलाई जाये। धन्यवाद।

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र जनपद बांदा के ऐला ग्राम पंचायत के मुंगु मजनार में रहने वाले दलित परिवार के सदस्य श्री नत्थू की मृत्यु कई दिनों से उसके घर में राशन नहीं होने के कारण, खाली पेट रहने से हो गई है। उसके घर में कई दिनों से राशन नहीं था। उसके छः बच्चे हैं।

उसकी उम्र 40 वार्तष् थी, वह भूमिहीन था। उसका निजी मकान भी नहीं था। वह रिस्तेदारों के दिए गऐ कच्चे खपरैल मकान में रह रहा था। उसकी मृत्यु का मुख्य कारण उसको समय से राशन नहीं मिल पाना है। क्योंकि राट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत मिलने वाले राशन व अन्य राहत सामग्री प्रदेश में काबिज सत्ता पार्टी के नेता बांटते हैं। जब तक उसके दल के पदाधिकारी फोटो नहीं खींचवा लेते तब तक राशन नहीं मिलता है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस विषय को संज्ञान में लेते हुए राज्य सरकार से बात कर उस मृतक परिवार को आर्थिक सहायता कम से कम 20 लाख रुपये तथा उसके परिवार के भरण-पोाण करने के पर्याप्त निर्देश देने की कृपा करें।...(व्यवधान) ऐसी घटना की पुनरावृति न हो, इसके लिए समुचित उपाय किए जाएं तथा अभी तक जो राहत राशि सबको नहीं बंटी है, वह शीघ्र उपलब्ध कराई जाए।...(व्यवधान)

माननीय सभापति: कुंवर पुष्पेंद्र चंदेल को श्री भैरों प्रसाद मिश्र द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री भगवंत खुबा (बीदर): सभापति महोदय, मैं आपको दो बार धन्यवाद करता हूं। मुझे कम से कम तीन मिनट बोलने दीजिए क्योंकि बहुत कम बार बोलने का मौका मिलता है। ऋषियों और महापुरुषों को स्मरण करना हमारे देश की परम्परा रही है। महापुरुा महात्मा बसवेश्वर जी का आने वाली 9 तारीख अक्षय तृतीय में जन्म दिवस है। उस दिन के लिए केन्द्र सरकार द्वारा जयन्तोत्सव का आचरण करना चाहिए। पार्लियामैंट के अंदर उनकी जो मूर्ति लगी हुई है, स्पीकर महोदया द्वारा उसका आचरण करना चाहिए क्योंकि महात्मा बसवेश्वर जी ने जिस वक्त जाति के बारे में बहुत ऊपर-नीचे हो रहा था, अस्पृश्यता, अंधकार और स्त्री-पुरुाों के बीच अंतर की दृष्टि से दुनिया देखती थी, स्त्री और पुरुषों को समानता दी। 12वीं शताब्दी में अनुभव मंडप द्वारा आज विश्व में जो पार्लियामैंट है, उसके जनक अनुभव मंडप है। अनुभव मंडप में सभी जाति, धर्म और व्यवसाय के लोग 770 सदस्यों के साथ अल्लम प्रभु जी स्पीकर के नाते वहां काम करते थे। इसीलिए उन महापुरुष की जयन्ती का आचरण करना चाहिए, मेरी यह विनती और मांग है।

माननीय सभापति: श्री कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को श्री भगवंत खुबा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर): सभापति महोदय, मेरे जमशेदपुर लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत लगभग हजारों छोटे-बड़े उद्योग हैं। उनमें हजारों मजदूर कार्यरत हैं। वहां एकमात्र ईएसआईसी है जिसमें लगभग एक लाख 70 हजार मजदूरों का रजिस्ट्रेशन आईपी है। अगर देखा जाए तो उनके परिवारों की संख्या लगभग आठ लाख हो जाती है। वह मात्र 50 बैड का अस्पताल है। पिछले दिनों वहां माननीय मंत्री जी गए थे और उन्होंने 100 बैड का शिलान्यास किया। लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है। मैं आपके माध्यम से मांग

करता हूं कि वहां लगभग ढाई सौ बैड का अस्पताल बनाया जाए ताकि मजदूरों की चिकित्सा ठीक रूप से हो सके।

माननीय सभापति: श्री सुधीर गुप्ता और कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को श्री विद्युत वरन महतो द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): सभापति महोदय, मेरा लोक सभा क्षेत्र उदयपुर दक्षिणी राजस्थान का संभाग मुख्यालय है। यह जनजाति बाहुल्य संभाग है जिसमें उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ और राजसमंद प्रमुख जिले हैं। यहां 70 से 75 प्रतिशत जनसंख्या अनुसूचित जनजाति की है। यह क्षेत्र भारत सरकार द्वारा शैडयूल्ड -V टीएसपी एरिया घोषित है। यहां के गरीब आदिवासियों को अपने न्याय एवं हक के लिए जोधपुर हाई कोर्ट जाना पड़ता है जो बांसवाड़ा से लगभग चार सौ, साढ़े चार सौ किलोमीटर दूर पड़ता है। गरीब आदिवासी, सरकारी कर्मचारी और आम जनता को अपने न्याय के लिए जोधपुर तक न जाना पड़े। उन्हें समय और धन अधिक खर्च करना पड़ता है। अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि गरीब आदिवासी, सरकारी कर्मचारियों और आम जनता को सस्ता एवं सुलभ न्याय मिल सके, इसके लिए उदयपुर संभाग मुख्यालय पर हाई कोर्ट बैंच खोली जाए।

माननीय सभापति : श्री सुधीर गुप्ता को श्री अर्जुन लाल मीणा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश का बुंदेलखंड क्षेत्र जो हमारा लोक सभा क्षेत्र जालौन-गिरौटा-भोगनीपुर है, के अंतर्गत खेतों और नहरों की पट्टी पर, खाली पड़ी जगहों पर गाजर घास जैसा एक पौधा खेतों में उग रहा है। वह किसानों की फसल दबा देता है। वह खेतों में खरपतवार के नाम से उग रहा है। विशेा तौर से इस गाजर घास से जो पेड़ उग रहा है, उसके फूल लाखों में उड़कर खेत में जाकर गिरते हैं। वहां जब पानी मिलता है, यह पौधा उग आता है।

20.00 hours

पूरे क्षेत्र में फसल कम दिखाई देती है ज्यादा गाजर घास दिखाई देता है। इसमें दिक्कत क्या है, अगर किसान उस पेड़ को उखाड़ना चाहे तो खुजली जैसी बीमारी हो जाती है, उससे फुल उड़ते हैं जो छोटे-छोटे बच्चे हैं जो गांवों में खेलते हैं उनकी सांस लेने के दौरान ये फूल अंदर प्रवेश कर जाता है उससे दमा जैसी बीमारी पैदा हो रही है। मैं केन्द्र सरकार से मांग कर रहा हूं कि कृषि विज्ञान की तरफ से कोई टीम जाए और जांच करके गाजर घास को समाप्त करने की कोशिश करे।

माननीय सभापति : श्री कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री सुधीर गुप्ता (मंदसौर) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मंदसौर एवं चितौड़गढ़ में अफीम का उत्पादन बड़ी मात्रा में होता है, ओपियम से जीवन रक्षक आवश्यक मेडिसीन का निर्माण होता है इसमें उपयोग अल्कोलाइड के निर्माण के लिए एक बड़ी फैक्ट्री भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के नियंणाधीन संचालित होती है। उक्त फैक्ट्री में कोडिन, मारफीन, फाल्कोडिन थिबेन अल्कोलाईड का उत्पादन होता है मगर पच्चीस से अधिक अल्कोलाईड का उत्पादन किया जा सकता है इस हेतु अनुसंधान की आवश्यकता है। मेरी आपके माध्यम से मांग है कि अल्कोलाईड उत्पादन हेतु एक अनुसंधान केन्द्र की स्थापना की जाए या अनुसंधान कार्यक्रम को संचालित किया ताकि भारत मेक इन इंडिया पर अन्य देशों पर निर्भरता कम हो।

माननीय सभापति : श्री कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री सुधीर गुप्ता द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

*SHRI RAMESWAR TELI (DIBRUGARH): Hon. Chairman Sir, on 28th April, 2016, an incident of bomb blast took place in Tinsukia town in upper Assam under my constituency Dibrugarh in which at least 11 persons including a woman and a child were seriously injured. According to the report, the blast which occurred in Devipukhuri Panchali area was triggered by suspected ULFA militants after one of its dreaded cadres was gunned down by the security force a few days back.

This incident was preceded by a grenade blast in the wee hours of the same day i.e. on 28.04.2016 at Guijan near Tinsukia. The series of bomb blasts raise serious questions about the overall law and order situation in the state. I personally visited the site on Saturday and Sunday and met the injured people in the hospital. I strongly condemn this dastardly act of violence perpetrated by the extremist elements operating in the state. I also would like to urge upon the people of the state to come together to condemn this horrific violence against civil society. The incident once again brings to the fore the inability of the State Government to contain militancy in the state and its failure to protect the lives of common people. I request the Government to conduct a high level inquiry into the blasts to bring the culprits to justice. Moreover I wish to request the Central Government to take appropriate measures to provide adequate central forces so as to ensure safety and security of the people.

* English translation of the Speech originally delivered in Assamese.

SHRI SURESH C. ANGADI (BELAGAVI): Sir, thank you very much for allowing me to speak from here. This is a very important subject with regard to my constituency because there is a railway bridge in Belgaum which was constructed during the British regime. Today morning the people of Belgaum noticed some damage caused to the bridge which is around 150 years old.

Sir, I would like you to kindly direct the Railway Ministry and also the authorities concerned to go and inspect the bridge. It should not cause any damage to the people of Belgaum. It is the only one over-bridge in the area. The other bridges are under construction. The Railway office is in Dharwar which is in your Parliamentary constituency. So, I would like to request you also to kindly talk to the General Manger of the region to take up the matter seriously so that it does not cause any problem to the people of the region.

Thank you.

HON. CHAIRPERSON: The House stands adjourned to meet again at 11 a.m. tomorrow.

20.04 hours

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, May 6, 2016/Vaisakha 16, 1938 (Saka).